


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रात:नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791





वर्ष : 3, अंक : 185 रांची, गुरुवार, 18 जून, 2026 (ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष 04, संवत 2083) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये,



email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## संक्षिप्त

### बंगाल में 10 लाख की इनामी माओवादी नेता पुष्पा ने किया आत्मसमर्पण

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम ज़िला स्थित बेलपहाड़ी में माओवादी आंदोलन से लंबे समय से जुड़ी नेता पुष्पा उर्फ शकुंतला उर्फ वर्षा ने बुधवार को कोलकाता पुलिस मुख्यालय में आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। वर्ष 2001 से माओवादी गतिविधियों से जुड़ी रहीं पुष्पा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में उन्हें नहीं लगता कि आंदोलन आगे अधिक दूर तक बढ़ पाएगा, इसलिए उन्होंने सरकार की पुनर्वास संबंधी नीतियों और आश्वासनों पर भरोसा जताते हुए यह कदम उठाया है। वह पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) की सदस्य थी और झारखंड-ओडिशा-बिहार सीमाओं के पार सारंडा वन क्षेत्र से संचालित होती थी। उस पर 10 लाख का इनाम था। पुलिस ने आत्मसमर्पण के दौरान एक एसएलआर राइफल, एक मैगजीन और 37 राउंड गोला-बारूद बरामद किया।

### बस-ट्रक की टक्कर में सात की मौत, 26 घायल

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा शहर स्थित कोटंबी स्टेडियम के पास बुधवार तड़के करीब 4 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। राजस्थान के बांसवाड़ा से सूरत जा रही बस सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 26 यात्री घायल हैं। सभी घायलों को वडोदरा के एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद बस में कई यात्री फंस गए थे। सूचना मिलते ही राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), वडोदरा फायर विभाग, पुलिस तथा अन्य बचाव दल मौके पर पहुंचा और युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। एनडीआरएफ की 6वीं बटालियन के कमांडेंट सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह 4:40 बजे कंट्रोल रूम से बस और ट्रक की टक्कर की सूचना मिली थी। इसके बाद एनडीआरएफ की टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद कटर मशीन और अन्य अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया तथा बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। वडोदरा के उप महापौर आदित्य पटेल ने बताया कि तड़के चार बजे के आसपास यह दुर्घटना हुई। सूचना मिलते ही बचाव दल और डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची।

### बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री उदयन गुहा गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता और राज्य के पूर्व उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कूचबिहार जिला पुलिस ने यह कार्रवाई बुधवार को कोलकाता के फूलबागान स्थित उनके फ्लैट से की। गिरफ्तारी के बाद उन्हें स्थानीय फूलबागान थाने ले जाया गया, जहां से पुलिस उन्हें उत्तर बंगाल ले जाने की तैयारी कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दिनहाटा के पूर्व तृणमूल विधायक उदयन गुहा की यह गिरफ्तारी एक पुराने मामले के सिलसिले में हुई है। उन पर साल 2021 के विधानसभा चुनाव और साल 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद कूचबिहार में हुई चुनाव बाद हिंसा में शामिल होने का आरोप है। इसके अलावा, उदयन गुहा के खिलाफ भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी से जुड़े कई अन्य मामले भी दर्ज हैं। हालांकि, पुलिस के एक अन्य धड़े का दावा है कि उन्हें विशेष रूप से धोखाधड़ी के एक मामले में हिरासत में लिया गया है।

### लोकसभा स्पीकर ने अभिषेक बनर्जी को 19 जून को बुलाया

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को 19 जून को बैठक के लिए बुलाया है। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में पार्टी में कथित फूट से जुड़े घटनाक्रम पर चर्चा होगी। स्पीकर ने अभिषेक बनर्जी से पूरे मामले पर अपना पक्ष रखने और स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि तृणमूल कांग्रेस के एक असंतुष्ट धड़े ने पूर्वोत्तर क्षेत्र की राजनीतिक पार्टी नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया में विलय की घोषणा की थी। इसी घटनाक्रम के संदर्भ में यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# राज्यसभा चुनाव आज, विधानसभा में होगा शक्ति परीक्षण

## महागठबंधन ने दोनों उम्मीदवारों की जीत का किया दावा

**दो सीटों के लिए मैदान में तीन उम्मीदवार**

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए गुरुवार को मतदान होगा। चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव परिणाम शाम 6:30 बजे तक आने की संभावना है। राज्य के 81 विधायक विधानसभा परिसर में बनाए गए मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दो सीटों के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें झामुमो के बैद्यनाथ राम, कांग्रेस के प्रणव झा तथा एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नथवाणी शामिल हैं।

**इधर,** मुख्यमंत्री आवास में बुधवार को महागठबंधन के घटक दलों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में चुनावी रणनीति, मतदान की तैयारियों और संख्या बल को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद महागठबंधन नेताओं ने दोनों सीटों पर जीत का दावा किया। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि महागठबंधन पूरी तरह एकजुट है और दोनों सीटों पर उसकी जीत तय है। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान कराए गए मॉक पोल में बैजनाथ राम को 29 और कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा को 25 वोट मिले। एक विधायक के अस्पताल में भर्ती होने के कारण बैठक में शामिल नहीं होने से प्रणव झा के वोट 25 रहे, जबकि उनके शामिल होने पर यह संख्या 26 हो जाती।

राधाकृष्ण किशोर ने दावा किया कि भाजपा 24 वोटों पर सिमट जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा यदि 25 वोट भी हासिल कर लेती है, तब भी महागठबंधन दोनों सीटों पर बढ़त बनाए रखेगा और उसके दोनों उम्मीदवार विजयी होंगे। वहीं, झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य ने कहा कि गठबंधन के सभी विधायक गुरुवार सुबह 10 बजे विधानसभा पहुंच जाएंगे। मतदान सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक होगा, जबकि मतगणना शाम 6 बजे तक पूरी होने की संभावना है।



### पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम

**इधर,** झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए गुरुवार को होने वाला मतदान इस बार केवल राजनीतिक मुकाबला नहीं, बल्कि सुरक्षा और खुफिया तंत्र की बड़ी परीक्षा भी बन गया है। चुनाव की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राजधानी रांची में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर झारखंड विधानसभा, मुख्यमंत्री आवास, प्रमुख राजनीतिक दलों के कार्यालयों और विधायकों के ठहरने के स्थानों को विशेष निगरानी में रखा गया है। खुफिया विभाग, स्पेशल ब्रांच और सीआईडी की टीमें सादे कपड़ों में लगातार गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। सूत्रों के अनुसार, 20 से अधिक वरिष्ठ खुफिया अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। चुनाव के दौरान हॉर्स ट्रेडिंग और धनबल के संभावित इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए वित्तीय गतिविधियों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है।

## राजग विधायकों ने दिखाई एकजुटता, मॉक पोल का मिला प्रशिक्षण

प्रात: नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड में 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) खेमे में उत्साह का माहौल है। मतदान से कुछ घंटे पहले रांची के निवारणपुर स्थित होटल रेडिशन ब्लू में ठहरे राजग विधायकों की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में विधायकों को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा मॉक पोल प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विधायकों को राज्यसभा चुनाव में मतदान की प्रक्रिया, मतपत्र के उपयोग और मतदान संबंधी तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया गया। खासकर नए विधायकों को मतदान की पूरी प्रक्रिया समझाई गई, ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। कार्यक्रम में उपस्थित राजग विधायक गठबंधन समर्थित उम्मीदवार की जीत को लेकर आश्वस्त और उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा पर होटल राजनीति का आरोप लगाने वाली कांग्रेस को पहले यह स्पष्ट करना चाहिए कि बीएनआर होटल में उसके विधायक किस उद्देश्य से ठहरे हुए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सार्वजनिक रूप से कुछ और कहती है, जबकि व्यवहार में कुछ और करती है। आदित्य साहू ने दावा किया कि राजग के सभी विधायक एकजुट हैं और गठबंधन समर्थित उम्मीदवार परिमल नाथवानी के समर्थन में मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने कहा कि परिमल नाथवानी की जीत शत-प्रतिशत सुनिश्चित है। साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि विपक्षी खेमे के कुछ विधायक भी अंतरात्मा और राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर मतदान कर सकते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस द्वारा बाहरी नेताओं को पोलिंग एजेंट बनाए जाने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने झारखंड प्रभारी के. राजू और सह प्रभारी श्रीवेल्ला प्रसाद को पोलिंग एजेंट बनाया है। इससे यह सवाल उठता है कि क्या झारखंड कांग्रेस के स्थानीय नेताओं पर पार्टी को भरोसा नहीं है। इस दौरान होटल रेडिशन ब्लू में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, जदयू विधायक सरयू राय सहित भाजपा, आजसू और सहयोगी दलों के कई विधायक मौजूद रहे।

## राज्य प्रशासनिक सेवा के 88 अधिकारियों का तबादला

**कई जिलों में नए एसडीओ की तैनाती, बीडीओ को मिला अंचल अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार**

प्रात: नागपुरी संवाददाता




**रांची।** झारखंड सरकार ने बुधवार को राज्य प्रशासनिक सेवा के 88 अधिकारियों का तबादला कर दिया। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। जारी आदेश के अनुसार कई अधिकारियों को विभिन्न जिलों में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं कुछ अधिकारियों को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के साथ-साथ अंचल अधिकारी (सीओ) का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। इसके अलावा कई अधिकारियों की तैनाती शहरी स्थानीय निकायों में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर की गई है। सरकार के इस निर्णय को प्रशासनिक कार्यों में तेजी और बेहतर समन्वय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## वायुसेना के विशेष विमान से रांची पहुंचे नीट-यूजी के प्रश्नपत्र

**एयरपोर्ट पर सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम**

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** नीट-यूजी परीक्षा को लेकर मंगलवार दोपहर वायुसेना का एक विशेष विमान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची पहुंचा। जानकारी के अनुसार, इसी विमान से परीक्षा के प्रश्नपत्र लाए गए थे। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को देखते हुए एयरपोर्ट पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। विमान के उतरने के बाद प्रश्नपत्रों को ट्रॉलियों के माध्यम से उतारा गया और कार्गो क्षेत्र से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच डाक विभाग के वाहनों द्वारा निर्धारित स्थानों के लिए रवाना किया गया।



**एयर इंडिया की फ्लाइट चार घंटे विलंब से पहुंची :** वहीं, बेंगलुरु से रांची आने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट मंगलवार को अपने निर्धारित समय से करीब चार घंटे विलंब से पहुंची। विमान रात 9:30 बजे के बाद रांची एयरपोर्ट पर उतरा। लंबी देरी के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### टेलीग्राम पर रोक को लेकर कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा से पहले संदेश सेवा मंच टेलीग्राम पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 18 जून को होगी। न्यायमूर्ति तेजस करिया की अवकाशकालीन पीठ ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई स्थगित कर दी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि प्रतिबंध से देश के 15 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता प्रभावित हुए हैं और यह आदेश कानूनी रूप से उचित नहीं है।

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन को 23 को मिलेगा मरणोपरांत पद्मभूषण

**रांची।** झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता और दिशोम गुरु शिबू सोरेन को 23 जून को देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मभूषण से मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन में आयोजित दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में इस वर्ष के 65 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। इससे पहले पिछले महीने आयोजित पहले समारोह में 66 हस्तियों को पद्म सम्मान दिया गया था। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2026 के लिए कुल 131 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी है, जिनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्मभूषण और 113 पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं।

## पीएम मोदी ने विकासशील देशों के लिए नई वैश्विक साझेदारी का दिया प्रस्ताव

### भारत-ईयू एफटीए पर जोर, दक्षिण के लिए विशेष सहयोग की वकालत

**यूरोपीय नेताओं से मुलाकात में मुक्त व्यापार समझौते को जल्द लागू करने पर सहमति**

एजेंसी

**नई दिल्ली/एवियन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन से मुलाकात कर भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द लागू करने पर जोर दिया। दोनों पक्षों ने माना कि इससे व्यापार, निवेश और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को नई मजबूती मिलेगी। बैठक में भारत-ईयू व्यापक रणनीतिक एजेंडा की प्रगति की समीक्षा की गई और दोनों पक्षों ने रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता जताई। नेताओं ने वैश्विक शांति, स्थिरता और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के समर्थन पर भी सहमति व्यक्त की।




### प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच फ्रांस में वार्ता

एवियन (फ्रांस)/नई दिल्ली। 52वें जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। बैठक में पश्चिम एशिया की स्थिति, समुद्री सुरक्षा और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि समुद्र में कार्यरत भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि क्षेत्र में किसी भी समझौते और शांति प्रक्रिया के दौरान भारतीय नागरिकों एवं नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवाजाही के महत्व पर भी जोर दिया। मोदी ने पश्चिम एशिया में शांति स्थापना के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता की उम्मीद दिखाई दे रही है।

## रांची में संघ कार्यालय पर फेंका गया पेट्रोल बम

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के चुटिया थाना के निवारणपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यालय पर मंगलवार देररात पेट्रोल बम से हमला करने की कोशिश की गई है। पुलिस के अनुसार, दो अपराधियों ने सॉस की बोतल में पेट्रोल भरकर उन्हें आरएसएस दफ्तर के अंदर फेंकने की कोशिश की। दोनों बोतलें बाउंड्री से ठीक पहले गिर गईं, इसलिए बड़ी अनहोनी टल गई।

सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में दो युवक शामिल हैं। जांच में एफएसएल सहित कई टीमों को लगाया गया है। हाथे लगे सीसीटीवी फुटेज में दो हमलावर पेट्रोल भरी बोतलें आरएसएस कार्यालय पर फेंकने की कोशिश करते दिख रहे हैं। पहली बोतल फेंकते समय आग लगी हुई सुतली जमीन पर गिर गई। इस वजह से प्रयास निष्फल हो गया। दूसरी बोतल कार्यालय के पास तक नहीं पहुंची। उन्होंने कहा पेट्रोल बम तैयार करने में चिली सॉस की बोतल का प्रयोग किया गया।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विजन से बदला ग्रामीण झारखंड का परिदृश्य

**पलाश ब्रांड के तहत ग्रामीण महिलाओं की मेहनत को मिल रहा है वैश्विक मंच**

**झारखंड मैंगो मार्केटिंग इनिशिएटिव से ग्रामीण महिलाओं की बदल रही तकदीर**

**2240 क्विंटल आमों की हुई बिक्री, अब तक 60.51 लाख से अधिक का कारोबार**

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का विजन और ग्रामीण महिलाओं की मेहनत के अनूठे संगम ने प्रमाणित कर दिया कि यदि दूरदर्शी सोच और कड़ी मेहनत एक साथ मिल जाए, तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को वैश्विक ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है। इसी सोच और कड़ी मेहनत से पलाश ब्रांड के तहत झारखंड मैंगो मार्केटिंग इनिशिएटिव ने ग्रामीण महिलाओं और किसानों की तकदीर बदल रही है। आज झारखण्ड का आम न केवल देश के बड़े रिटेल चेन बल्कि सात समंदर पार अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी मिठास घोल रहा है।

**बड़े पैमाने पर फलदार पौधारोपण और स्थायी आजीविका :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बिरसा हरित ग्राम योजना की शुरूआत कोरोना संक्रमण काल में हुई थी। सखी मंडल की दीदियों के साथ साथ संक्रमण काल में अपने गांव लौटे प्रवासी श्रमिकों ने भी योजना को अपने आजीविका का साधन बनाया था। इसका असर आज साफ दिख रहा है। राज्य के करीब 1.86 लाख एकड़ क्षेत्र में आम के बगीचे लहलहा रहे हैं, जिससे लगभग 2.15 लाख ग्रामीण परिवारों को सीधे तौर पर स्थायी आजीविका और रोजगार के अवसर मिले हैं। वर्तमान में लगभग 52,000 एकड़ के बागान पूरी तरह से तुड़ाई के लिए तैयार हैं, जिससे इस सीजन में करीब 50,000 मीट्रिक टन आम के उत्पादन का अनुमान है।



**ग्रामीण महिलाओं की मेहनत को मिला 'पलाश' का सम्मान :** इस पूरी मुहिम के केंद्र में झारखण्ड की ग्रामीण सखी मंडल की दीदियां और महिला किसान हैं। ग्रामीण महिलाओं की श्रम शक्ति का सम्मान के नारे के साथ ये दीदियाँ आम के कलेक्शन, ग्रेडिंग और पैकेजिंग से लेकर उनकी बिक्री और मार्केटिंग की कमान खुद संभाल रही हैं। जेएसएलपीएस द्वारा किसानों को सक्रिय फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन्स से जोड़ा गया है, जिससे उन्हें संगठित बाजार और सही मूल्य मिल पा रहा है।

**दुबई और लंदन तक पहुंचा झारखंड का आम :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखण्ड के कृषि उत्पादों को वैश्विक पहचान मिल रही है। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य ने निर्यात के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। सिमडेगा ज़िले से जेबी एक्सपोर्टर्स के माध्यम से 1,580 किलोग्राम प्रीमियम आम सीधे लंदन (यूके) भेजे गए हैं। वहीं, रामगढ़ क्लस्टर से 1,500 मीट्रिक टन से अधिक आम दुबई (यूएई) निर्यात किए गए हैं। इस वैश्विक निर्यात पहल में सिमडेगा, रामगढ़ और पूर्वी सिंहभूम जैसे ज़िले अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। आम की गुणवत्ता और अंतरराष्ट्रीय मानकों को बनाए रखने के लिए कृअफ-फक्षएफ, पलांडू द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन और क्वालिटी प्रोटोकॉल प्रदान किया जा रहा है।

# झाड़ लिपि के जनक डॉ. करम चन्द्र अहीर को केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने किया सम्मानित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**राहे।** केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राहे प्रखंड के फुलवार गांव पहुंचकर प्रख्यात साहित्यकार डॉ. करम चंद्र अहीर के घर पहुंचे। यहां उन्होंने भाषा, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. अहीर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि लेखक और साहित्यकार समाज के आदर्श होते हैं। उन्होंने कहा, पांच परगना में भाषाई जागृति की जो ज्योति डॉ. करम चंद्र अहीर ने जलाई है, उसे इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। डॉ. अहीर ने पंचपरगनिया भाषा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है। उनकी रचनाएं आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगी। पंचपरगनिया भाषा के प्रति समर्पण डॉ. करम चंद्र अहीर ने वर्ष 1980 से पंचपरगनिया भाषा के विकास के लिए काम शुरू किया। 1982 में उन्होंने पंचपरगनिया भाषा विकास समिति का गठन किया। समिति के सक्रिय सदस्यों के सहयोग से इस भाषा को रांची विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में शामिल कराया गया। इनके सहयोगी के रूप में परमानंद महतो, राजकिशोर सिंह, गोरेंद्र नाथ गोंझू, भूतनाथ प्रमाणिक, शक्तिधर अधिकारी, बुटन देवी, सोमवारी देवी, ज्योति लाल महादानी, आशुतोष कोइरी आदि ने सहयोग दिया। इन्होंने पंचपरगनिया भाषा के लिए झाड़ लिपि का भी आविष्कार किया। वर्ष 2008 में उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए उन्हें राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. अहीर द्वारा रचित प्रमुख पुस्तकें:- पंचपरगनिया भाषा का इतिहास, आदर्श पंचपरगनिया व्याकरण और पंचपरगनिया भाषा का व्याकरणिक अध्ययन प्रमुख है। शिक्षा और पर्यावरण का योगदान वयस्क शिक्षा परियोजना पदाधिकारी के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने ताम्बाजुड़ी (घाटशिला) और तिरुलडीह (पोटका) को पूर्ण साक्षर गांव घोषित कराया। प्रकृति प्रेमी डॉ. अहीर ने 5 एकड़ बंजर भूमि पर औषधीय, फलदार और इमारती वृक्ष लगाकर अपने क्षेत्र को हराभरा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धीरज महतो विनय, मेघनाथ महतो,ज्योति कोइरी, गंगाधर साव, द्रोण सिंह मुंडा, मौजूद थे।

# अफीम तस्करी मामले में तीन दोषियों को 15 साल की सजा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** मारंगहादा थाना क्षेत्र से अफीम के साथ धराये तीन दोषियों को एनडीपीएस एक्ट के मामले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकेश कुमार की अदालत ने बुधवार को 15 साल की सजा दी। वहीं एक लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना नहीं देने पर उन्हें एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा पानेवालों में शत्रुघ्न स्वांसी उर्फ नरेष स्वांसी, संजय कुमार नायक उर्फ जोले और प्रेमचंद ठाकुर उर्फ पिंटु शामिल हैं। तीनों दोषियों को तीन अप्रैल 2019 को मारंगहादा थाना क्षेत्र के कुजराम पुल के पास से एक कार में पांच किलो अफीम के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि शत्रुघ्न स्वांसी अपने दो दोस्तों के साथ अफीम बेचने के लिए रांची जा रहा है। सूचना के आधार पर मारंगहादा थाना क्षेत्र के कुजराम पुल के पास पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। इसी क्रम में एक कार टाटा इंडिगो (जेएच 01 एएच 8887) में सवार होकर शत्रुघ्न स्वांसी, संजय कुमार नायक और प्रेमचंद ठाकुर पहुंचे। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया। उनके पास से पुलिस ने पांच किलो अफीम बरामद किया। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया था। मामले में सुनवाई के दौरान कुल दस गवाह प्रस्तुत किये गये।

## संक्षिप्त

### रामगढ़ में मनेगा गुरु अर्जन देव जी महाराज का शहीदी गुरु पर्व

**रामगढ।** रामगढ़ शहर के मेन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब गुरु अर्जन देव जी महाराज का शहीदी गुरु पर्व शुक्रवार को सादगी के साथ मनाया जाएगा। इसे लेकर गुरुद्वारा साहिब में सुबह 08 बजे से अखंड पाठ साहिब की समाप्ति होगी। इसके बाद सुबह 11 से दोपहर 02 बजे तक प्रसिद्ध रागीभाई अरदासिया जी की ओर से आवाज में शब्द कीर्तन पेश कर साध संगत को निहाल करेंगे। इसके बाद 2.15 बजे समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर बांटा जाएगा।

### गैरेज संचालक हत्याकांड मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

**खूंटी।** रनिया में गैरेज चलाने वाले तोड़ा डिगरी गांव निवासी राधेश्याम साहू की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इस आशय की जानकारी पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग (एसपी) ने बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसपी ने बताया कि राधेश्याम साहू का शव रनिया थाना क्षेत्र के तांबा जंगल के समीप बरामद किया गया था। हत्यारों ने उसे दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की थी। बताया गया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग के निर्देश पर तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया गया। पुलिस ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल फोन के विश्लेषण और घटनास्थल से जुटाए गए सबूतों के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। इसके बाद विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि उन्होंने राधेश्याम साहू पर उनके सिर पर डंडे से हमला किया और बाद में गला दबाकर उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को मृतक की स्कूटी पर लादकर तांबा जंगल के समीप ले जाकर फेंक दिया गया। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक की स्कूटी, खून के निशान वाला डंडा, मृतक और आरोपितों के मोबाइल फोन, घटना के दिन के वीडियो और तस्वीरें एवं आरोपितों की ओर से पहनी गई चप्पलों सहित कई महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए हैं। पुलिस ने मामले में किशुनपुर निवासी लक्ष्मी देवी (40), बिरता निवासी संदीप मांझी (26) और किशुनपुर निवासी रविंद्र मांझी (18) को गिरफ्तार किया है।

# बच्चों के क्लास टीचर बन गए डीसी, बताया सक्सेस मंत्र


प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** डीसी ऋतुराज सिर्फ मीटिंग हॉल में बैठकर योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा नहीं कर रहे। वे सीधे धरातल पर जाकर वास्तविकता से रू-ब-रू हो रहे हैं। बुधवार को वे दुलमी प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल, चटाक पहुंचे। यहां उन्होंने सीधे बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में बात की। क्लास में वे एक डीसी नहीं, बल्कि शिक्षक की भूमिका में नजर आए। बच्चों का सिलेबस, पढ़ाई करने का ढंग और यहां तक कि शिक्षक और छात्रों के बीच के व्यवहार के बारे में भी उन्होंने बात की। इस दौरान शैक्षणिक गुणवत्ता, तकनीकी संसाधनों और बुनियादी व्यवस्थाओं का भी जायजा उन्होंने बातों-बातों में ही ले लिया। छात्र-छात्राओं से बात करते हुए डीसी ऋतुराज ने सक्सेस का फंडा भी बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे आप अपने हर सपने को सच कर सकते हैं। आप अभी से अपना एक लक्ष्य निर्धारित करें और उसे पाने के लिए पूरी एकाग्रता के साथ सिर्फ और सिर्फ अपनी पढ़ाई पर फोकस करें। उन्होंने बच्चों से बात कर उन्हें समय पर पाठ्य पुस्तकें, छात्रवृत्ति, पोशाक और साइकिल की राशि मिलने के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्राचार्य को निर्देशित किया कि सरकार की किसी भी कल्याणकारी योजना से कोई भी योग्य छात्र वंचित नहीं रहना चाहिए। डीसी ने विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा की और आगामी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्राचार्य और सभी शिक्षकों को निर्देश दिया कि सभी कक्षाओं का सिलेबस समय पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि सिलेबस पूरा होने के बाद बच्चों को रिवीजन के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए। पढ़ाई की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। आधुनिक शिक्षा की दिशा में विद्यालय के प्रयासों को देखने के लिए उपायुक्त सीधे आईसीटी लैब पहुंचे। वहां उन्होंने कंप्यूटरों की कार्यशीलता को देखा और लैब में मौजूद छात्र-छात्राओं से बात की। उपायुक्त ने बच्चों की कंप्यूटर दक्षता को स्वयं जांचा और उनसे कुछ प्रैक्टिकल भी करवाए। इसके बाद वे विद्यालय के कार्यालय पहुंचे, जहां नोटिस बोर्ड, शिक्षक उपस्थिति पंजी और अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन किया। नोटिस बोर्ड पर सूचनाओं के नियमित अपडेशन को लेकर उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद, उन्होंने मिड-डे मील (मध्याह्न भोजन) योजना की जांच की।

## दूसरों की निंदा करना सर्वोत्तम पाप है : मुनिश्री शुभानंद जी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य श्री वसुनंदी के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 पुण्यानंद जी और मुनिश्री 108 श्री शुभानंद जी का मंगल प्रवास चल रहा है। बुधवार को प्रवास के क्रम में मुनियों की ओर से प्रतिदिन मंगल प्रवचन दिया जा रहा है। इसी क्रम में मुनिश्री ने कहा कि पाप के कई प्रकार होते हैं। इनमें लोभ, माया, हिंसा, दुराचार, परस्त्री गमन शामिल हैं। पाप के कई रूप होते हैं, यूं तो किसी भी प्रकार का पाप करना अपनी आत्मा को कष्ट पहुंचाना होता है, लेकिन इन सबसे अधिक गहरा पाप परनिंदा होती है। परनिंदा करने वाला स्वयं तो पाप का भागी होता ही वह दूसरों की आत्मा को भी संताप पहुंचाता है। इसके अलावा मुनिश्री अपने प्रवचनों के माध्यम से भक्तों को आत्मशुद्धि की ओर अग्रसर कर रहे हैं। मुनिश्री के मंगल प्रवास के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए जैन समाज के सचिव योगेश सेठी ने बताया कि मुनि संघ के आगमन से रामगढ़ की धरा पवित्र हो रही है, और रामगढ़ जैन समाज में हर्ष का वातावरण व्याप्त है। इस अवसर पर ललित चूड़ीवाल, जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन, पदम जैन, राहुल पाटनी, राजेश जैन, उषा अजमेरा, प्रेम काला, प्रिया पाटनी, पुष्पा सेठी, श्वेता अजमेरा, माया जैन, कुसुम पाटनी, अनीता चूड़ीवाल, सुनीता चूड़ीवाल, रेखा कुसुम जैन शामिल थे। इसके अलावा बड़ी संख्या में महिला सदस्य मुनि संघ की आहारचर्या को सफल बना रही हैं।

## मुनि श्री सुयश सागर जी और कौशल्य सागर जी महाराज का नगर प्रवेश 19 को

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** स्थानीय दिगंबर जैन समाज के लिए 19 जून का दिन विशेष धार्मिक महत्व का होने जा रहा है। परम पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज और मुनि श्री 108 कौशल्य सागर जी महाराज का मंगल विहार करते हुए 19 जून को खूंटी जैन मंदिर में भव्य नगर प्रवेश होगा। इसको लेकर जैन समाज और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। जानकारी के अनुसार, दोनों मुनिराज 10 जून को ओडिशा के राउरकेला से विहार करते हुए खूंटी के लिए रवाना हुए थे। कठिन साधना और पदयात्रा के माध्यम से वे अब खूंटी पहुंचने वाले हैं। मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज का खूंटी जैन समाज से विशेष जुड़ाव रहा है। वर्ष 2023 में खूंटी जैन मंदिर में आयोजित ऐतिहासिक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव उनके सानिध्य में संपन्न हुआ था। नगर प्रवेश को लेकर जैन समाज की ओर से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर परिसर और नगर को सजाया जा रहा है एवं श्रद्धालुओं की अगवानी के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** डीसी के मार्गदर्शन और झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के सहयोग से जिले के सभी प्रखंडों में मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी की रोकथाम के लिए नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। बुधवार को स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की दीदियों, ग्राम संगठन (विओ) की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों, जेंडर सीआरपी, पंचायत समिति सदस्यों, वार्ड सदस्यों और अन्य सामुदायिक कैडरों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों, परिवार और समाज पर इसके नकारात्मक प्रभाव एवं नशामुक्त जीवन के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों और ग्रामीणों को मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने एवं अपने गांव एवं समुदाय को नशामुक्त बनाने के लिए शपथ दिलाई गई। साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे नशे के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और अवैध मादक पदार्थों की सूचना संबंधित विभागों को दें। नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाकर नशे की समस्या को जड़ से समाप्त करना और स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज का निर्माण करना है।

## एक दिवसीय पेशा प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**सोनाहातू।** प्रखंड के बारुहातू पंचायत सचिवालय में बुधवार को ग्राम प्रधान एवं मुखिया संघ के द्वारा एक दिवसीय पेशा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्षता भोलेश्वर सिंह मुंडा एवं संचालन गोपाल सिंह मानकी ने किया। प्रशिक्षण पेशा नियमावली ड्राफ्टिंग कमेटी के सदस्य पंचानन सोरेन के द्वारा दी गई। ग्राम सभा को लघु खनिज का प्रबंधन, बाजारों का प्रबंधन,वनों का प्रबंधन, विवादों का निपटारा, भूमि वापसी आदि अधिकारो को जानकारी दी गई। मौके पर प्रेम शाही मुंडा, फनिभूषण सिंह मुंडा, धीरज सिंह मुंडा,मनोज सिंह मुंडा, जगतपाल बड़ाइक, विकास सिंह मुंडा,लेलिन पाहन, जीवाधन सिंह मुंडा, युगल किशोर सिंह मुंडा, भुतनाथ सिंह मुंडा, दीनबंधु सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

## अधेड़ व्यक्ति को हाईवा ने रौंदा, आक्रोशित भीड़ ने पुलिस पर किया पथराव



**रामगढ़।** शहर में बुधवार की शाम एक सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों और आक्रोशित भीड़ ने जमकर बवाल काटा। भीड़ इतनी बेकाबू थी कि न तो पुलिस के निर्देश को कोई सुन रहा था और न ही किसी अधिकारियों की उपस्थिति का असर उन पर हो रहा था। भीड़ में शामिल लोगों ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहां भीड़ को नियंत्रित करने पहुंची पुलिस पदाधिकारी और जवानों पर पत्थर और कुर्सियां चलाई गईं। इस पथराव में कुछ पुलिसकर्मी घायल हुए और कुछ लोगों ने दुकान में घुसकर अपनी जान बचाई। सड़क दुर्घटना में अमृत व्यक्ति की पहचान नईसराय निवासी मो रियाज (46) के रूप में हुई है। बुधवार की शाम वह अपने घर से सामान लेने के लिए नई सराय चौक पर आया था। जैसे ही वह सामान लेकर अपने घर की तरफ चला सड़क पार करने के दौरान ही हाईवा जेएच 02 बीजे 2251 ने उसे कुचल दिया। इस हादसे में मोहम्मद रियाज की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद वहां सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक के परिजनों के साथ नई सराय बस्ती के लोगों ने हाईवा गाड़ी को पुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। पहले उस गाड़ी के शीशे तोड़े और फिर पथराव कर गाड़ी को क्षतिग्रस्त किया। उपद्रव को रोकने के लिए वहां मौजूद ट्रैफिक पुलिस पदाधिकारी ने जब हस्तक्षेप किया तो बेकाबू भीड़ ने उन पर भी हमला कर दिया। पहले उन पर कुर्सियां और मेजें चलाई गईं। फिर पथराव शुरू कर दिया गया। बाद में पुलिस पदाधिकारी और जवानों ने एक दुकान में घुसकर खुद को शटर के अंदर बंद कर लिया, तब जाकर उनकी जान बची। घटनास्थल पर पहुंचे रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने मोर्चा संभाला। उन्होंने भीड़ को तीतर भीतर किया। इसके बाद बंद दुकान से अपने पुलिस पदाधिकारी और जवानों को निकाला। इसके बाद घायल पुलिस जवानों का पदाधिकारियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी ने गाड़ी और शव को कब्जे में ले लिया है। साथ ही उपद्रव मचाने वालों पर कार्रवाई करने की बात कही है।

### पति की प्रताड़ना से परेशान विवाहिता पहुंची थाने, प्राथमिकी दर्ज

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के रामानगर, मरार में घरेलू विवाद के कारण एक महिला काफी परेशान हुई। उसके ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता रूबी मंडल ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ बुधवार को रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। रूबी मंडल ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 04 साल पहले धनबाद में कंचन घोषाल के साथ हुई थी। लेकिन शादी के बाद ही दहेज के लिए उसके पति और ससुराल वालों ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। ससुराल वालों और पति की प्रताड़ना से परेशान होकर वह अपने मायके रामानगर, मरार आ गई।

# ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराएं डिजिटल सेवा का लाभ : उपायुक्त

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त मो जावेद हुसैन की अध्यक्षता में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी (डीईजीएस), मोबाइल टावर और कनेक्टिविटी कमेटी की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी प्रखंड और पंचायत भवनों में स्थापित भारतनेट और झारनेट कनेक्शनों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान झारसेवा एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही ऑनलाइन सेवाओं की कार्यप्रणाली पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने जिला पंचायती राज विभाग को निर्देश दिया कि सभी क्रियाशील भारतनेट कनेक्शनों का शीघ्र रिचार्ज कर उन्हें नियमित रूप से संचालित किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं का लाभ लोगों तक सुचारू रूप से पहुंच सके। उपायुक्त ने ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को झारसेवा पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन और त्वरित सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन सेवाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और नागरिकों को शीघ्र सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। बैठक में जिले के डार्क जोन गांवों और नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने बीएसएनएल के प्रतिनिधि को ऐसे क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया, ताकि ग्रामीण आबादी को बेहतर संचार सुविधाएं मिल सकें। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश, अपर समाहर्ता सुषमा लकड़ा, अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, डीसीएलआर, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# झारखंड में लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण की मांग

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप मिश्रा ने राज्य के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर खूंटी सहित झारखंड के सभी जिलों में 15 से 20 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थापित पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण किए जाने की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा है कि लंबे समय तक एक ही स्थान पर तैनाती से पुलिसकर्मियों के स्थानीय लोगों के साथ संबंध विकसित हो जाते हैं, जिससे प्रशासनिक निष्पक्षता और कार्यकुशलता प्रभावित होने की आशंका रहती है। उन्होंने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कार्यरत पुलिसकर्मियों के बीच सुविधाओं में असमानता है। ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से तैनात कर्मियों को सिटी अलाउंस और अन्य आर्थिक लाभ नहीं मिल पाते, जिससे उनके मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। दिलीप मिश्रा ने मुख्य सचिव और वित्त विभाग के पूर्व आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में अन्य विभागों के उन कर्मियों का स्थानांतरण किया गया है जो तीन वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थापित थे, लेकिन पुलिस विभाग में लंबे समय से एक ही जगह कार्यरत कर्मियों के मामले में कार्रवाई न होना सरकार की दोहरी नीति को दशार्ता है। उन्होंने राज्य सरकार से इस मामले में समान नीति लागू करने और पारदर्शी स्थानांतरण व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# यूएस कॉन्सुलेट जनरल ने सीएमपीडीआई का दौरा किया

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** कोलकाता स्थित यूएस कॉन्सुलेट जनरल की कॉन्सुल जनरल सुश्री कैथी गाइल्स-डियाज ने राजनीति और आर्थिक मामलों के कॉन्सुल ब्राफस कालुंड और पब्लिक इंगेजमेंट स्पेशलिस्ट सुश्री सुचरिता भट्टाचार्जी के साथ सीएमपीडीआई का दौरा किया। उन्होंने खनिज गवेषण, माइनिंग, क्रिटिकल मिनरल्स, सरफेस कोल गैसीफिकेशन, अंडरग्राउंड कोल गैसीफिकेशन, रिमोट सेंसिंग आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर सीएमपीडीआई के साथ संक्षिप्त चर्चा की। इस बैठक का उद्देश्य बातचीत को बढ़ावा देना, मुख्य क्षेत्रों में आपसी समझ को मजबूत करना, शैक्षणिक और औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देना और यूएस विशेषज्ञों के साथ जुड़ने के संभावित तरीकों का पता लगाना था।

सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक चौधरी शिवराज सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। संस्थान की प्रोफाइल, उसकी विशेषज्ञता और सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर एक प्रस्तुति दी। उन्होंने ऑपरेशनल दक्षता और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ाने के लिए खनिज गवेषण, रिसोर्स एस्टीमेशन और डिजिटल माइनिंग समाधानों को आगे बढ़ाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)/मशीन लरनिंग (एमएल) तकनीकों का लाभ उठाने के सीएमपीडीआई के इरादे पर जोर दिया।

हाल ही में सम्पन्न हुए भारत-अमेरिका के ह्यह्यमहत्वपूर्ण खनिजों और रेयर अर्थ्स की माइनिंग और प्रोसेसिंग में सप्लाई सुरक्षित करनेह्लह्ल से जुड़े फ्रेमवर्क के लक्ष्यों को दोहराते हुए, सुश्री कैथी गाइल्स-डियाज. ने सीएमपीडीआई को भरोसा दिलाया कि अमेरिकी वाणिज्य दूतावास हर संभव मदद करेगा। यह सहयोग अमेरिका के संभावित डेवलपर्स और शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर माइनिंग और उससे जुड़े क्षेत्रों को आगे बढ़ाने पर केंद्रित होगा। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) नृपेन्द्र नाथ, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी, बीडी) आनंद मोहन, सीआईएल के कार्यपालक निदेशक (गवेषण) आरके सिंह, महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# यूपीएससी इंजीनियरिंग सर्विस मुख्य परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार की अध्यक्षता में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली इंजीनियरिंग सर्विस मुख्य परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा केंद्र राजकीय बालिका +2 उच्च विद्यालय, बरियातू में कुल 74 परीक्षार्थियों की उपस्थिति तथा परीक्षा संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

आयुक्त ने पेयजल, बिजली, बैठक व्यवस्था समेत सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। परीक्षा दो पालियों में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित होगी। आयुक्त ने निर्देश दिया कि 20 और 21 जून को परीक्षा केंद्र पर कोई अन्य कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी प्रश्नपत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित परिवहन और जमा करने की जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं। परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस बल तथा महिला पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

सभी परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच और पहचान पत्र का सत्यापन अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा के एक दिन पूर्व से लेकर परीक्षा समाप्ति तक सभी अधिकारी अलर्ट मोड में कार्य करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## संक्षिप्त

### रांची सिटीजन फोरम का वार्ड पार्षदों से मुलाकात अभियान शुरू

**रांची।** रांची सिटीजन फोरम ने अध्यक्ष दीपेश निराला के नेतृत्व में नगर निगम के नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों से बुधवार को मुलाकात अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत फोरम ने अब तक 15 वार्ड पार्षदों से मिलकर उनके निर्वाचन पर बधाई दी तथा वार्डों की प्रमुख समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा। इस दौरान फोरम के दीपेश निराला ने विशेष रूप से बरसात के दौरान रांची शहर में बढ़ती जलजमाव की समस्या पर चिंता जताई। प्रतिनिधिमंडल ने पार्षदों से पुराने जल निकासी मार्गों की पहचान कर उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराने, नालों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की।

### आरएसएस मुख्यालय पर हमले की कड़ी निंदा, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने निवारणपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यालय पर कथित पेट्रोल बम हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस घटना को कायरतापूर्ण, निंदनीय तथा कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बताया। संजय सर्राफ ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्रहित और सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित संगठन है। ऐसे संगठन के कार्यालय पर हमला लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक सौहार्द पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि यह घटना राज्य में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर करती है। उन्होंने झारखंड सरकार से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने तथा घटना में शामिल सभी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होने पर असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ेगा।

### गागी बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**रांची।** सीसीएल के जन आरोग्य केंद्र, गांधीनगर द्वारा 17 जून, 2026 को रांची स्थित गागी बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 70 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर के आयोजन में डॉ. भरत सिंह, सीएमओ इंचार्ज, गांधीनगर, डॉ. प्रीति तिग्गा, सीएमओ (सीएसआर) इंचार्ज, डॉ. शिल्पी झा, मुन्ना कुमार सिंह सहित सभी पारा मेडिकल स्टाफ का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा।

# झारखंड एटीएस अब सीआईडी के अधीन करेगी कार्य, डीजीपी ने जारी किया आदेश

## पूर्व में एटीएस को लेकर जारी सभी निर्देशों को कर दिया गया है निरस्त

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड में देश विरोधी गतिविधियों और आतंकवाद से निपटने के लिए गठित आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) अब राज्य के अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के अधीन कार्य करेगा। इस संबंध में झारखंड की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा ने बुधवार को आधिकारिक आदेश जारी किया। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पूर्व में एटीएस को लेकर जारी सभी निर्देशों को निरस्त कर दिया गया है। अब एटीएस की सभी प्रशासनिक, अनुसंधान, जांच और परिचालन संबंधी गतिविधियां पूर्ण रूप से सीआईडी के निर्देशन में संचालित होंगी। आदेश के अनुसार, झारखंड एटीएस का गठन वर्ष 2015 में आतंकवाद पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से किया गया था। गृह कर एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अधिसूचना के तहत इसे राज्य स्तरीय थाने का दर्जा भी प्राप्त है। इसके अतिरिक्त अधिसूचना संख्या 102/2021 के माध्यम से एटीएस को संगठित अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए भी अधिकृत किया गया है।

डीजीपी के निर्देश में यह भी कहा गया है कि अब सभी मामलों की जांच सीआईडी के अधीन होगी तथा अनुसंधानकर्ता, पर्यवेक्षक अधिकारी की नियुक्ति, प्रगति प्रतिवेदन और पर्यवेक्षण संबंधी कार्य सीआईडी प्रमुख के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया के तहत किए जाएंगे। आदेश में उल्लेख किया गया है कि एटीएस का मुख्य कार्य आतंकवादियों से जुड़े नेटवर्क की पहचान, स्लीपर सेल का भंडाफोड़, आतंकी गतिविधियों की रोकथाम और संभावित आतंकी घटनाओं से निपटना रहेगा। इसके संचालन में पुलिस अधीक्षक एटीएस, पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) के निर्देशन में कार्य करेंगे। डीजीपी ने यह भी निर्देश दिया है कि एटीएस अपने सभी कार्यों में उच्च स्तरीय गोपनीयता बनाए रखे और जांच संबंधी सभी प्रक्रियाएं निर्धारित नियमों के अनुसार ही संचालित की जाएं। इस निर्णय को राज्य में आतंकवाद और संगठित अपराध पर निगरानी और नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक कदम माना जा रहा है।

### दीदी राजमणि नीलम आनंद की 21वीं पुण्यतिथि पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**रांची।** शिव शिष्यता के प्रणेता साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी की धर्मपत्नी एवं ममता की प्रतिमूर्ति दीदी राजमणि नीलम आनंद की 21वीं



पुण्यतिथि पर रांची स्थित साहब के उपवन में भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। देश-विदेश से पहुंचे हजारों शिव शिष्यों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अर्चित आनंद ने बताया कि 17 जून से 27 जुलाई तक वृहद पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इस वर्ष 5 लाख पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति दीदी का विशेष लगाव था। सभा में वक्ताओं ने दीदी के जीवन को त्याग, सेवा और ममता की मिसाल बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पांच हजार से अधिक शिव शिष्य शामिल हुए और शिव शिष्यता के तीन सूत्र—दया मांगना, चर्चा करना और प्रणाम करना—को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रसाद वितरण तथा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया।

### समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने किया सम्मानित

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह में प्रख्यात समाजसेवी



एवं व्यवसायी राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कांके रोड स्थित भुवालका हाउस में आयोजित समारोह में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची सांसद संजय सेठ ने उन्हें अंगवस्त्र, शॉल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संजय सेठ ने कहा कि समाजसेवी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनका सम्मान दूसरों को भी सेवा के लिए प्रेरित करता है। राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के माध्यम से निराश्रित, दिव्यांग और जरूरतमंद लोगों की सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समारोह में पूर्व सांसद अजय मारू, पार्षद नकुल तिर्की, भगवती भुवालका, मुकेश काबरा, संजय सर्राफ, कैलाश सिंघानिया, रविंद्र मोदी, जयंत शाहदेव, पुष्पा भुवालका, आदित्य भुवालका सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### रांची में लघु उद्योग मेला का भ्रमण, कलाकारों व आयोजकों को किया गया सम्मानित

**रांची।** छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, वरीय संरक्षक बहुरन लोहारा, जोगिंदर उरांव, प्रवक्ता दीपक कुमार राणा, राष्ट्रीय मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांस तथा विश्वकर्मा युवा सुरक्षा



मंच के संरक्षक अवधेश कुमार शर्मा, अरविंद कुमार शर्मा एवं शशि भूषण शर्मा ने रांची स्थित रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित तीन दिवसीय लघु उद्योग मेला का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने मेला आयोजन समिति की संस्थापिका भावना प्रिया, उपाध्यक्ष प्रियांशु वैभव, झारखंड की चर्चित गायिका कविता होरो तथा हैंडमेड आर्टिस्ट सिमोन विद्या टूटी और सपना कुजूर को सम्मानित किया। जोगिंदर उरांव ने कहा कि ऐसे आयोजनों से हुनरमंद कलाकारों और उद्यमियों को अपनी प्रतिभा एवं उत्पादों को प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर मिलता है। वहीं बहुरन लोहारा ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के मेलों का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में भी किया जाना चाहिए, ताकि वहां के कारीगरों और प्रतिभाओं को भी मंच मिल सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने कहा कि भव्य आनंद शक्ति पीठ वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित यह तीन दिवसीय मेला न केवल स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के लिए उपयोगी जानकारी एवं मार्गदर्शन भी उपलब्ध करा रहा है।

# रांची नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी



**हरमू और सर्कुलर रोड क्षेत्र से पांच ठेले जब्त, अवैध संरचनाएं हटाई गईं**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के उद्देश्य से रांची नगर निगम द्वारा बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के तहत हरमू नदी पुल (लाह कोठी), हरमू बाजार मार्ग, सर्कुलर रोड तथा वर्धमान कंपाउंड क्षेत्र में कार्रवाई की गई। हरमू नदी पुल और हरमू बाजार मार्ग में सड़क किनारे बने अवैध दुकानों एवं अस्थायी संरचनाओं को हटाया गया। इस दौरान दो ठेलों को भी जब्त किया गया। वहीं सर्कुलर रोड और वर्धमान कंपाउंड क्षेत्र में बांस-बल्ली से निर्मित अस्थायी अतिक्रमण को हटाते हुए तीन ठेलों को जब्त किया गया। नगर निगम ने संबंधित लोगों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी है। निगम ने कहा है कि सार्वजनिक सड़कों, नालियों और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र में शिकायत निवारण शिविर आयोजित

**28 शिकायतों का हुआ पंजीकरण**

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** सीसीएल के निदेशालय (मानव संसाधन प्रबंधन) के तत्वावधान में आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र में 17 जून, 2026 को शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक (समाधान प्रकोष्ठ) श्रीमती सुमन रस्तोगी ने की।

शिविर प्रातः 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक लगा। इसमें सभी उपस्थित व्यक्तियों को अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखें। शिविर के दौरान 28 शिकायतें दर्ज की गईं। प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से आवास (क्वार्टर) अनुरक्षण, सीएमपीएफ से संबंधित ऑनलाइन डाटा अद्यतन और अन्य सेवा संबंधी विषय शामिल रहे।

सभी शिकायतों का विधिवत पंजीकरण किया गया। अनेक मामलों में मौके पर ही संबंधित व्यक्तियों को आवश्यक जानकारी एवं समाधान उपलब्ध कराया गया। शेष मामलों में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए औपचारिक उत्तर प्रदान किया जाएगा। शिकायतों का समयबद्ध एवं यथोचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर संजीव कुमार, महाप्रबंधक, आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र, तेजविंदर सिंह, मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन), समाधान प्रकोष्ठ, स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन), आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र सहित मानव संसाधन विभाग के अधिकारी, स्टाफ अधिकारी (सिविल), स्टाफ अधिकारी (वित्त एवं लेखा), अन्य अधिकारी और विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# झारखंड में 01 से 17 जून तक लक्ष्य के मुकाबले 57 प्रतिशत कम बारिश दर्ज

**झारखंड के कई जिलों में सूखा जैसी स्थिति, 18-19 जून को ऑरेंज अलर्ट जारी**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड में मानसून के आगमन के बावजूद राज्य में बारिश सामान्य से काफी कम दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 01 जून से 17 जून के बीच राज्य में औसतन 57 प्रतिशत कम वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जिससे कई जिलों में सूखे जैसे हालात बनने लगे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, इस अवधि में राज्य में केवल 29.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि सामान्य रूप से 67 प्रतिशत बारिश होनी चाहिए थी। बारिश की कमी के चलते राज्य में तापमान बढ़ने लगा है और गर्मी का असर एक बार फिर तेज हो गया है। आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में सबसे अधिक बारिश राजधानी रांची में दर्ज की गई है, जहां औसत लक्ष्य के मुकाबले 86.4 प्रतिशत वर्षा हुई है। रांची को छोड़कर राज्य के लगभग सभी जिलों में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई है। वहीं, गढ़वा और चतरा जिले में स्थिति सबसे गंभीर बताई जा रही है, जहां 01 से 17 जून के बीच लगभग नाममात्र या बिल्कुल बारिश नहीं हुई है। मौसम विभाग के अनुसार गढ़वा में इस अवधि में 39.5 प्रतिशत और चतरा में 51.4 मिलीमीटर के आसपास बारिश अपेक्षित थी, लेकिन वास्तविक स्थिति काफी कमजोर रही। इधर मौसम विभाग ने 18 और 19 जून को राज्य के पूर्वी और मध्यवर्ती जिलों में गरज के साथ बारिश, आकाशीय बिजली और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। इस दौरान हवा की रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है, जिसके चलते ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बारिश की कमी और बढ़ते तापमान के कारण पूरे राज्य में भीषण गर्मी और उमस का असर बढ़ गया है।

# रिनपास में शुरू हुई डीटीएमएस सुविधा, रोगियों को मिलेगा आधुनिक उपचार

**रोटरी क्लब रांची और सीसीएल के सहयोग से लगी मशीन**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** रोटरी क्लब ऑफ रांची एवं सीसीएल के सहयोग से रिनपास में मानसिक रोगों के उपचार के लिए प्रोजेक्ट मानस के तहत अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय डीप ट्रांसक्रैनियल मैग्नेटिक स्टिमुलेशन (डीप टीएमएस) मशीन स्थापित की गई है। दो करोड़ रुपये की लागत से स्थापित इस अत्याधुनिक मशीन का उद्घाटन बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं में मानसिक समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे समय में रिनपास में डीटीएमएस मशीन की स्थापना मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। उन्होंने इस पहल के लिए रोटरी क्लब और सीसीएल प्रबंधन का आभार जताया और सीएसआर के माध्यम से स्वास्थ्य और स्थानीय विकास कार्यों में सहयोग बढ़ाने की अपील की। मंत्री ने कहा कि झारखंड को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों पर कुछ लोग लगातार सवाल उठा रहे हैं, लेकिन खामियां वहीं निकाली जाती हैं जहां काम होता है। पिछले कई वर्षों तक स्वास्थ्य क्षेत्र में अपेक्षित बदलाव नहीं हुए, लेकिन अब जब सरकार सुधार की दिशा में कदम उठा रही है तो आलोचनाएं भी बढ़ रही हैं। मंत्री ने स्वास्थ्यकर्मियों और चिकित्सकों से कहा कि वे आलोचनाओं से विचलित न हों और बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध रहें। कांके के विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि डीटीएमएस मशीन मानसिक रोगियों के लिए वरदान साबित होगी। डीटीएमएस मशीन के जरिए मस्तिष्क संबंधी कई समस्याओं का उपचार अधिक प्रभावी और कम समय में किया जा सकेगा। अब तक जिन बीमारियों के लिए लंबे समय तक दवाओं का सहारा लेना पड़ता था, उनमें भी इस तकनीक से मरीजों को लाभ मिलने की उम्मीद है। आधुनिक दौर में विभिन्न प्रकार की उन्नत मशीनों और उपकरणों की सहायता से बेहतर इलाज संभव हो रहा है। दुनिया के विकसित देशों में जिस तरह आधुनिक तकनीक के माध्यम से उपचार किया जाता है, अब उसी प्रकार की सुविधा झारखंड के मरीजों को भी मिलेगी। रोटरी क्लब रांची के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि रिनपास में डीटीएमएस मशीन की स्थापना मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने वाला कदम है। इस तकनीक के माध्यम से अवसाद, चिंता और अन्य मानसिक रोगों के मरीजों को आधुनिक एवं प्रभावी उपचार उपलब्ध होगा।

# संघ ने एम्बुलेंस सेवा की अनियमितताओं पर कार्रवाई का किया स्वागत

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** झारखंड प्रदेश एम्बुलेंस कर्मचारी संघ ने 108 एम्बुलेंस सेवा के संचालन में पाई गई अनियमितताओं और सरकारी शर्तों के उल्लंघन के मामलों में वर्तमान सेवा प्रदाता संस्था सम्मान फाउंडेशन के एकरारनामा समाप्त करने की कार्रवाई का स्वागत किया है। संघ ने इस निर्णय के लिए बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी ने कहा कि राज्य में 108 एम्बुलेंस सेवा कई समस्याओं से जूझ रही है। कई एम्बुलेंस तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़ी हैं, जबकि डीजल की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से सेवा प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों का अप्रैल 2026 से वेतन लंबित है और उपस्थिति में मनमानी कटौती की शिकायतें भी सामने आ रही हैं, जिससे कर्मियों को आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने सरकार से मांग की है कि नई सेवा प्रदाता संस्था के चयन से पहले उसके वित्तीय रिकॉर्ड, कार्य अनुभव, श्रम कानूनों के अनुपालन और अन्य राज्यों में प्रदर्शन की गहन जांच की जाए। साथ ही वर्षों से कार्यरत स्थानीय और अनुभवी कर्मचारियों को सेवा निरंतरता में प्राथमिकता दी जाए। संघ ने कहा कि 108 एम्बुलेंस सेवा आम जनता के लिए जीवनरक्षक व्यवस्था है। इसलिए राज्य सरकार जल्द सक्षम और पारदर्शी नई एजेंसी का चयन कर सेवा को सुचारू और प्रभावी बनाए, ताकि मरीजों को समय पर आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

# मोहर्रम जुलूस में डीजे नहीं बजाने पर बनी आम राय

**सुरक्षा, सुविधा और सौहार्द के लिए प्रशासन रहेगा तत्पर : एसडीएम**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम के तहत बुधवार को अनुमंडल कार्यालय सभागार में मोहर्रम कमेटियों एवं मुस्लिम समाज के जिम्मेदार प्रतिनिधियों के साथ विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न मोहर्रम अखाड़ों एवं समितियों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित मुस्लिम समाज के सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न मुस्लिम संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। संवाद के दौरान आगामी मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने मोहर्रम जुलूस के दौरान यातायात नियंत्रण, विधि-व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर अपने सुझाव रखे। कई प्रतिभागियों ने करबला मैदान से अवैध झुग्गी-झोपड़ियों को हटाने सहित विभिन्न स्थानीय मुद्दों को भी उठाया। इस कॉफी संवाद कार्यक्रम में मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी, अंजान शहीद हूर कमेटी, रहबर वेलफेयर सोसायटी, सुन्नत-ए-इस्लामिया, अंजुमन शान-ए-वतन, दाता कमेटी सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

## लोहरदगा में 28 को सभी चिन्हित बूथों पर पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना की अध्यक्षता में बुधवार को पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में की गयी। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि 28 जून 2026 को जिला के चिन्हित 644 बूथों पर शून्य से पांच वर्ष की उम्र के बच्चों को पोलियो प्रतिरक्षण की खुराक पिलायी जाएगी। वहीं 29 एवं 30 जून को वैक्सीनेशन की टीम द्वारा घर-घर जाकर दवा पिलायी जाएगी। इस अभियान को सफल बनाने के लिए लक्ष्य को लेकर मोबिलाइज करें। लक्ष्य में बेहतर उपलब्धि हो। प्रखंड स्तर पर टास्क फोर्स की बैठक कर बेहतर कार्ययोजना बना लें। जो वैक्सीन है उस बेहतर तरीके से रख-रखाव किया जाए। सहिया व आंगनवाड़ी सेविका को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण दिया जाए। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी बेहतर तरीके से कार्यक्रम आयोजित हों। बैठक में परियोजना निदेशक आइटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, जिला कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ शंकर प्रसाद, डॉ डीएन सिंह, डीपीएम, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### वज्रपात की चपेट में आने से छात्र की मौत, दूसरा घायल

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के शामकोना केमटे गांव के दो छात्र बुधवार दोपहर वज्रपात की चपेट में आ गए। इस दर्दनाक घटना में एक छात्र की मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र का इलाज सदर अस्पताल गुमला में चल रहा है। मृतक की पहचान राजरोनीत केरकेट्टा (18 वर्ष), पिता रॉबर्ट केरकेट्टा, निवासी शामकोना केमटे के रूप में हुई है। वहीं घायल छात्र आशीष तिर्की (19 वर्ष) भी उसी गांव का रहने वाला है। दोनों जय किशन प्लस टू हाई स्कूल, मांझाटोली में 12वीं कक्षा के छात्र थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर करीब 1 बजे दोनों छात्र स्कूल में कक्षा समाप्त होने के बाद अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए दोनों युवक केराडीह स्थित नए पुल के समीप एक आम के पेड़ के नीचे खड़े हो गए। तभी अचानक तेज गर्जना के साथ आसमानी बिजली गिरी और दोनों उसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। दोनों छात्रों को तत्काल रायडीह उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। 108 एंबुलेंस की सहायता से दोनों को सदर अस्पताल लाया गया।

### बंद कार में दम घुटने से बच्ची मौत

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा शहर के टुंगरी मोहल्ले में बुधवार को सड़क किनारे खड़ी एक बंद कार में फंस जाने से 5 वर्षीय बच्ची की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि उसके साथ मौजूद एक अन्य बच्चा किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार, एसपीजी मिशन कंपाउंड निवासी आलोक गोप और 5 वर्षीय ईशानी गोप स्कूल जाने के लिए घर से निकले थे। तेज धूप और गर्मी से बचने के लिए दोनों बच्चे टुंगरी स्थित ग्रीन फ्लैट के समीप खड़ी एक कार में जाकर बैठ गए। इसी दौरान कार का दरवाजा बंद हो गया और दोनों बच्चे अंदर ही कैद हो गए। काफी देर तक बंद कार में रहने के कारण बच्चों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। बताया जाता है कि आलोक गोप ने काफी मशक्कत के बाद किसी तरह कार का दरवाजा खोलकर बाहर निकलने में सफलता हासिल कर ली।

# सर्वश्रेष्ठ पोषण वाटिका विकसित करने वाले केंद्रों को मिलेगा पुरस्कार

**8 उत्कृष्ट महिला पर्यवेक्षिका को टैबलेट देकर किया गया सम्मानित**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त सन्नी राज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप सहित जिले के सभी प्रखंडों की महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा लंबित आवेदनों, एनपीसीआई, पोषण ट्रैकर, पोषण वाटिका एवं हॉट कुक्ड मील सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि लंबित आवेदनों एवं तकनीकी समस्याओं का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि लाभुकों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। समीक्षा के क्रम में कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर उप विकास आयुक्त ने संबंधित महिला पर्यवेक्षिका को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य संस्कृति में सुधार लाने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में पोषण वाटिका के विकास पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका को शीघ्र विकसित करने का निर्देश देते हुए कहा कि जिले की सर्वश्रेष्ठ पोषण वाटिकाओं को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले केंद्र को 10,000, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले केंद्र को ?8,000 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले केंद्र को ?6,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही उत्कृष्ट पोषण वाटिका वाले केंद्रों को आगे चलकर मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। बैठक के दौरान विभिन्न प्रखंडों की महिला पर्यवेक्षिका ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं से भी अवगत कराया। कई आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल, खिड़की, दरवाजा, बिजली सहित आधारभूत सुविधाओं की कमी की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि भू-धंसान प्रभावित क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची तैयार कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर शीघ्र स्थानांतरित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की 8 चयनित महिला पर्यवेक्षिका को उपायुक्त द्वारा टैबलेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में बाघमारा की लक्ष्मी कुमारी, बलियापुर की कीर्ति पुष्प, धनबाद की कामिनी कुमारी, गोविंदपुर की प्रेरणा बर्णवाल, झरिया की शकुंतला कुमारी, निरसा की कुमारी शिखा, तोपचांची की रानी सीमा और टुंडी की किरण कुमारी शामिल हैं।

## सरस्वतिया नदी किनारे स्थित एक दर्जन अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर



**गढ़वा।** सरस्वतिया नदी की सफाई, डी-सिल्टिंग, चौड़ीकरण एवं अतिक्रमण मुक्ति का कार्य बुधवार को जारी रहा। आज गढ़वा शहर और मेराल क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों पर नदी पुनर्जीवन से संबंधित कार्य किए गए। गढ़वा शहर के विभिन्न नदी क्षेत्रों में जेसीबी मशीनों की सहायता से डी-सिल्टिंग, सफाई एवं चौड़ीकरण का कार्य किया गया। नदी के प्रवाह को बाधित कर रहे अवरोधों को हटाने के साथ-साथ जलधारा को उसके मूल स्वरूप में लाने का प्रयास किया गया। कई स्थानों पर वर्षों से जमा गाद, झाड़-झंखाड़ एवं कचरे को हटाकर नदी के बहाव क्षेत्र को व्यवस्थित किया गया। अभियान के दौरान प्रशासन ने नदी अतिक्रमण के विरुद्ध भी बड़ी कार्रवाई की। पूर्व में चिन्हित अतिक्रमण मामलों में से लगभग एक दर्जन अतिक्रमणकारियों द्वारा नदी भूमि पर किए गए अवैध निमार्णों को ध्वस्त किया गया। शहर के दिपुआ, नगवां और जोबरैया इलाके मे यह अतिक्रमण हटाओ अभियान अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर सदर अंचलाधिकारी सफी आलम के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान में नगर परिषद के नगर प्रबंधक ओमकार यादव, अंचल अमीन, नगर परिषद के कर्मी तथा पुलिस बल की सक्रिय सहभागिता रही। प्रशासनिक टीम ने नदी क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त करने के लिए कई स्थायी एवं अस्थायी संरचनाओं को हटाया। मेराल क्षेत्र में बुधवार के अभियान के लिए दो जेसीबी मशीनें उपलब्ध कराई गईं, जिनमें एक मशीन अकलवानी के अजय विश्वकर्मा और दूसरी अनूप तिवारी उर्फ छोटू तिवारी के सहयोग से उपलब्ध कराई गई। इन मशीनों की सहायता से दो स्थानों क्रमश अकलवानी एवं कुंभी क्षेत्र में स्थित नदी में जमी गाद को हटाने, जल प्रवाह को सुचारू बनाने और नदी के मूल स्वरूप को पुनर्स्थापित करने की दिशा में कार्य किया गया।

## गुमला में दर्दनाक सड़क हादसा, ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से चालक की मौत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गुमला।** रायडीह प्रखंड क्षेत्र के मांझाटोली पावर हाउस के समीप बुधवार को एक भीषण सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। गिट्टी से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटने से यह हादसा हुआ।प्रत्यक्षदर्शियों और प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह लगभग 11 बजे गिट्टी लोड कर एक ट्रैक्टर मांझाटोली की ओर से रायडीह की तरफ आ रहा था। इसी दौरान मांझाटोली पावर हाउस के पास चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। ब्रेक लगते ही तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। हादसा इतना भयानक था कि चालक ट्रैक्टर के मलबे के नीचे ही दब गया। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने फौरन इसकी सूचना रायडीह थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रायडीह थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव अपने दलबल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे।

## धनबाद में बनेगा 17 करोड़ का हाईटेक पुलिस कॉम्प्लेक्स

**एक छत के नीचे होंगे 5 थाना**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** धनबाद की पुलिस व्यवस्था को आधुनिक और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। सदर थाना परिसर में लगभग 17 करोड़ रुपये की लागत से जी+6 अत्याधुनिक पुलिस कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा। इस भवन में धनबाद थाना, महिला थाना, हरिजन थाना, यातायात थाना और साइबर थाना एक ही छत के नीचे संचालित होंगे। बुधवार को धनबाद के एसएसपी प्रभात कुमार ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों और इंजीनियरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परियोजना के पूरा होने में करीब डेढ़ वर्ष का समय लगने का अनुमान है। इस पहल से आम नागरिकों को विभिन्न थानों के लिए अलग-अलग स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे शिकायतों के निपटारे में तेजी आएगी और पुलिसिंग व्यवस्था अधिक प्रभावी बनेगी।

## सीएम स्वास्थ्य सहायता योजना के 78 आवेदन अनुमोदित



**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत प्रखंड स्तर से प्राप्त 78 आवेदनों पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी आवेदनों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि योजना का लाभ सभी पात्र व्यक्ति को मिले। बैठक में पीडी आइटीडीए, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, जिला कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का उद्देश्य गंभीर बीमारी, सर्जरी, कैंसर एवं अन्य रोगों से पीड़ित जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान करना। इलाज के बाद पौष्टिक आहार एवं आजीविका संबंधी कठिनाइयों को दूर करने में सहयोग करना है। झारखंड के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के लोग योजना का लाभ लेने के पात्र हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकता परिवार, अंत्योदय और हरा राशन कार्डधारी परिवार के सदस्य लाभ ले सकते हैं। आवेदन के लिए राशन कार्ड की छायाप्रति। जाति प्रमाण पत्र। बीमारी/इलाज संबंधी चिकित्सा प्रमाण पत्र। आधार कार्ड। बैंक पासबुक की छायाप्रति जरूरी है। आवेदन प्रखंड कार्यालय। जिला कल्याण पदाधिकारी कार्यालय। आईटीडीए कार्यालय में करें।

# नीट परीक्षा को लेकर बनाए गए विभिन्न केंद्रों का किया निरीक्षण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** जिले में आगामी नीट परीक्षा को पूरी तरह कदाचारमुक्त,शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों ए.एस कॉलेज, देवघर कॉलेज, रमा देवी बाजला महिला कॉलेज, पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा मानकों और परीक्षार्थियों को मिलने वाली आवश्यक सुविधाओं की वस्तुस्थिति का गहन जायजा लिया। इसके अलावे निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों और केंद्र प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर जारी गाइडलाइंस का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आगे उन्होंने सभी केंद्रों पर प्रतिभागियों के बैठने के लिए आवश्यक बेंच की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय व समुचित प्रकाश एवं सभी केंद्रों पर टेंट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के अलावा दिव्यांग परीक्षार्थी हेतु व्हील चेयर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा,अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुलदीप,जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार,सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी व केंद्राधीक्षक उपस्थित थे।

# श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने किया निरीक्षण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** राजकीय श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा को लेकर मेला क्षेत्र व रुटलाइन निरीक्षण किया।इस दौरान उपायुक्त ने आइएसबीटी, कोठिया टेंट सिटी निर्माण स्थल, सरसा, भलुवा, परित्राण, दुम्मा बॉर्डर, कांवरिया पथ का निरीक्षण करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर की जाने वाली विभिन्न तैयारियों की वस्तुस्थिति से अवगत हुए।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बाघमारा बस स्टैंड के पश्चात कोठिया में श्रद्धालुओं के आवासन हेतु बनाए जाने वाले टेंट सिटी में सुविधा व सुरक्षा के साथ हाइजीन, वेंटिलेशन और फायर, सुरक्षा व विद्युत ऑडिट पर विशेष रूप से ध्यान रखने का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया। टेंट सिटी से शौचालय की निश्चित दूरी के अलावा विद्युत व्यवस्था व विद्युत आपूर्ति के अलावा विद्युत संचरण की सुरक्षा को लेकर संबंधित कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया, ताकि साल दर साल श्रद्धालुओं को और भी बेहतर सुविधा टेंट सिटी में मील सके। उपायुक्त ने परित्राण, भलुवा, सरसा समीप वाहन पड़ाव स्थल पर बेरिकेडिंग, महिला व पुरुषों हेतु अलग-अलग शौचालय, स्नानगृह की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही मेला के दौरान स्वास्थ्य कैम्प, साउंड सिस्टम, साफ-सफाई और बैनर-पोस्टर के माध्यम से आवश्यक जानकारी को प्रदर्शित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे, भाजपा ने गिनाईं उपलब्धियां

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**गढ़वा।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी एवं अन्य नेताओं ने सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास के कई नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का मूल मंत्र ₹राष्ट्र प्रथम₹ है और इसी भावना के साथ गरीबों, किसानों, युवाओं एवं महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, मेराल उत्तरी मंडल अध्यक्ष अशोक केशरी, इंदेश पांडेय, अंकित तिवारी, पियूष चौबे सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जर्जर भवन में चल रहा विद्यालय, हादसे के साये में पढ़ने को मजबूर हैं विद्यार्थी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**खूंटी।** खूंटी जिले के जरियागढ़ स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय की स्थिति इन दिनों काफी चिंताजनक बनी हुई है। विद्यालय का भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है, लेकिन भवन की कमी के कारण यहां सैकड़ों छात्र-छात्राएं प्रतिदिन जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। विद्यालय की बदहाल स्थिति न केवल विद्यार्थियों बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों के लिए भी चिंता का विषय बन गई है। विद्यालय के कई कक्षों की छतों से लगातार प्लास्टर और मलबा झड़ रहा है। कई स्थानों पर छत के अंदर लगी लोहे की सरिया भी दिखाई देने लगी है, जिससे भवन की कमजोर हालत का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। शिक्षकों के अनुसार पढ़ाई के दौरान हमेशा किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। कई बार कक्षाओं में पढ़ाई के दौरान छत से प्लास्टर टूटकर गिर चुका है, जिससे छात्र-छात्राओं में भय का माहौल बना रहता है। बरसात के मौसम में विद्यालय की समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। विद्यालय के कमरों के साथ-साथ कार्यालय की छत भी जगह-जगह से टपकती है। बारिश के दिनों में कमरों में पानी भर जाता है। छात्र भीगते हुए पढ़ाई करने पर मजबूर है। विद्यालय में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चे शिक्षा प्राप्त करने के लिए यहां आते हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि भवन की जर्जर स्थिति कोई नई समस्या नहीं है। वर्षों से विद्यालय मरम्मत और नए भवन की मांग कर रहा है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि भवन की खराब स्थिति को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को लिखित रूप से अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि भवन वर्षों से क्षतिग्रस्त है और समय-समय पर छत से मलबा गिरता रहता है, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती है। उन्होंने कहा कि भवन की कमी के कारण पढ़ाई बंद करना संभव नहीं है।

# 17 पेटी अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चतर।** पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 408 बोतल शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के हरहद गांव निवासी सोनू कुमार यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक हुंडई कार को भी जब्त कर लिया है। यह जानकारी बुधवार को सदर थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सदर थाना प्रभारी अवधेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को गुप्त सूचना मिली थी कि चतरा से अवैध शराब की बड़ी खेप बिहार ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सदर थाना पुलिस की एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने चतरा-गया मुख्य मार्ग स्थित संघरी घाटी के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान एक संदिग्ध हुंडई कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार की डिक्की से 17 पेटियों में छिपाकर रखी गई कुल 408 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। मौके पर ही तस्कर सोनू कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी शराब की खेप को बिहार ले जाकर ऊंचे दामों पर बेचने की तैयारी में था। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि शराब की खेप कहां से लाई गई थी और इस तस्करी नेटवर्क में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## संक्षिप्त

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**पलामू।** पड़वा मोड़-औरंगाबाद मुख्य पथ पर छतरपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानी घाटी में बाइक से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। उसका 10 माह का बच्चा बाल बाल बच गया। महिला फाइनेंस कंपनी से लोन ली थी, लेकिन केवाईसी लग जाने के कारण भुगतान नहीं हो पाया था। महिला लोन दिलाने वाले समूह के फाइनेंस कंपनी के कर्मी के साथ बाइक पर बैठकर छतरपुर बैंक आ रही थी। महिला को जख्मी हालत में मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाने के बाद फाइनेंस कर्मी परिजनों को दुर्घटना हो जाने की सूचना देकर फरार हो गया। महिला को एमएमसीएच में मृत घोषित किया गया। महिला की डेड बॉडी का पोस्टमार्टम बुधवार सुबह एमएमसीएच में किया गया। महिला की पहचान हरिहरगंज के रजवार निवासी 30 वर्षीय प्रतिमा देवी पति सतेन्द्र भुइयां के रूप में हुई है। घटना मंगलवार शाम की है। एमएमसीएच में मृतका की सास महेश्वरी देवी ने बुधवार को जानकारी दी की उसकी बहू फाइनेंस कंपनी से लोन ली थी। पैसे के लिए छतरपुर गई थी। लोन दिलाने वाला कर्मी उसे बाइक पर बैठा कर ले गया था।

### योग दिवस के पूर्व संत मरियम आवासीय विद्यालय में विशेष योग प्रशिक्षण

**पलामू (मेदिनीनगर)।** संत मरियम आवासीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व छात्रों के लिए विशेष योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में विद्यार्थियों को नियमित रूप से योगाअभ्यास कराया जाता है, किंतु अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर इस बार विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसमें योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम तथा ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। योग प्रशिक्षक राजीव शरण ने बताया कि नियमित योगाअभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन एकाग्र तथा जीवन संतुलित रहता है। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाती है।

# जमशेदपुर में राष्ट्रीय छात्र संगोष्ठी बीटीटीडी-2026 का शुभारंभ

**देशभर के 150 से अधिक युवा शोधार्थी शामिल**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर में बुधवार को राष्ट्रीय स्तर की छात्र संगोष्ठी बिहाइंड द टीचर्स डेस्क (बीटीटीडी-2026) का औपचारिक शुभारंभ हुआ। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 17 जून से 19 जून तक सीएसआईआरझराष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल) परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन का संयुक्त रूप से संचालन भारतीय धातु संस्थान (आईआईएम) जमशेदपुर चैप्टर, टाटा स्टील लिमिटेड, सीएसआईआरझएनएमएल और एनआईटी जमशेदपुर द्वारा किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में सीएसआईआरझएनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर संगोष्ठी की स्मारिका का भी विमोचन किया गया। समारोह में आईआईएम जमशेदपुर चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. अतनु रंजन पाल, बीटीटीडी-2026 के अध्यक्ष डॉ. चिरदीप घोष, आयोजन संयोजक डॉ. ललित कुमार मीणा सहित अनेक वैज्ञानिक, शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. संदीप घोष चौधरी ने कहा कि विकसित भारत-2047ह्व के लक्ष्य को हासिल करने में धातुकर्म, सामग्री विज्ञान और खनन क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को नई तकनीकों को सीखते रहने और अनुसंधान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। आईआईएम जमशेदपुर चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. अतनु रंजन पाल ने कहा कि भविष्य की औद्योगिक चुनौतियों का समाधान टिकाऊ, किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली सामग्रियों के विकास में निहित है। उन्होंने छात्रों से नवाचार के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक संतुलन बनाए रखने पर भी जोर दिया। संगोष्ठी के अध्यक्ष डॉ. चिरदीप घोष ने बताया कि इस वर्ष लगभग 40 शैक्षणिक और तकनीकी संस्थानों के प्रतिभागी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। कुल 104 शोध पत्र तकनीकी सत्रों में प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम में मेटालर्जिकल क्विज, मेटा-रियल क्विज, वाद-विवाद प्रतियोगिता और औद्योगिक भ्रमण जैसी गतिविधियां भी शामिल हैं। देश के प्रमुख संस्थानों में आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी, आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, आईआईटी खड़गपुर, एनआईटी जमशेदपुर, एनआईटी राउरकेला, एनआईटी तिरुचिरापल्ली, एनआईटी वारंगल, बीआईटी मेसरा और जादवपुर विश्वविद्यालय सहित कई प्रतिष्ठित संस्थान इस संगोष्ठी में भाग ले रहे हैं।

## सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वाले 14 लोग हिरासत में



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने व्यापक अभियान चलाते हुए सख्त कार्रवाई की है। जिला पुलिस अधीक्षक अमित रेणु के निर्देश पर मंगलवार रात सदर और मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एक साथ विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व सदर थाना प्रभारी हरिलाल महतो और मुफस्सिल थाना प्रभारी विनोद कुमार ने किया। पुलिस टीम ने शहर के विभिन्न संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पहुंचकर खुलेआम शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। बस स्टैंड, मंगलहाट, मधु बाजार, जेवियर नगर, एसपीजी मिशन कंपाउंड, मुगलसराय, गुटुसाईं तथा खप्पारसाई सहित कई क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की गई। पुलिस की मौजूदगी देखते ही कई लोग मौके पर शराब छोड़कर भाग निकले, जबकि कई लोगों को हिरासत में लेने में पुलिस सफल रही। अभियान के दौरान पुलिस ने मधु बाजार सहित विभिन्न स्थानों से कुल 14 लोगों को हिरासत में लिया। सभी को संबंधित थानों में लाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करना कानून का उल्लंघन है और इससे सामाजिक व्यवस्था प्रभावित होती है। बुधवार को सदर थाना प्रभारी हरिलाल महतो ने बताया कि जिले में नशाखोरी पर नियंत्रण और सार्वजनिक स्थानों की मयार्दा बनाए रखने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## स्व. दिशोम गुरु शिबू सोरेन को पद्म भूषण सम्मान मिलने पर त्रिशानु राय ने व्यक्त किया गर्व



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के कांग्रेस प्रवक्ता सह सामाजिक कार्यकर्ता त्रिशानु राय ने बुधवार को झारखंड आंदोलन के महानायक, एवं झारखंड की पहचान रहे स्वर्गीय शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान प्रदान किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पूरे झारखंडवासियों के लिए गौरव का क्षण बताया है।त्रिशानु राय ने कहा कि स्वर्गीय शिबू सोरेन ने अपना संपूर्ण जीवन जल, जंगल और जमीन की रक्षा, आदिवासी अधिकारों तथा सामाजिक न्याय की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया। उनके अथक संघर्ष, दूरदर्शी नेतृत्व और जनआंदोलनों के परिणामस्वरूप झारखंड राज्य निर्माण का सपना साकार हुआ। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि झारखंड की अस्मिता, स्वाभिमान और संघर्ष के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा स्वर्गीय शिबू सोरेन को देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्म भूषण से अलंकृत किया जाना उनके ऐतिहासिक योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर मिली सम्मानजनक स्वीकृति है।

## जमशेदपुर में हुई गोलीबारी की घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर के उलीडीह ओपी क्षेत्र स्थित खड़िया बस्ती में मंगलवार देर रात हुई गोलीबारी की घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर थाना क्षेत्र निवासी देवदास गौड़ के रूप में हुई है। गर्दन में गोली लगने के बाद उसे गंभीर हालत में एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार, देवदास गौड़ मंगलवार को अपने कुछ परिचितों के साथ जमशेदपुर आया था। देर रात वह उलीडीह क्षेत्र की खड़िया बस्ती में मौजूद था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद या कहासुनी होने की आशंका के बीच गोली चल गई। गोली सीधे उसकी गर्दन में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने उसे आनन-फानन में एक वाहन से एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसकी जान बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन अत्यधिक रक्तस्राव और गंभीर चोट के कारण उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई। अंततः बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही उलीडीह ओपी और एमजीएम थाना पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली और मृतक के साथ मौजूद लोगों से पूछताछ की।

## संत लॉरेंस प्राइवेट स्कूल झीको चट्टी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योग का पूर्वाभ्यास

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लोहरदगा।** एस.एस. स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के तत्वावधान में संत लॉरेंस प्राइवेट स्कूल झीको चट्टी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योग का पूर्वाभ्यास मास्टर श्रवण साहू एवं सूर्यवती देवी के द्वारा कराया गया। इस योग अभ्यास में सूर्यवती ने ग्रीवा चालन, स्कंद चालन, कटी संचालन, घुटना संचालन, वृक्षासन सहित अनेक आसनों का प्रशिक्षण दिया। भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी, उदगीथ, ईश्वर प्रणिधान का भी विस्तार से अभ्यास कराया। इस मौके पर विशेष रूप से स्कूल के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं भी उत्साह पूर्वक योग का अभ्यास किया। इसमें मुख्य रूप से प्रिंसिपल उदय कुमार, स्कूल इंचार्ज अवधेश कुमार साहू, कृष्ण कुमार सिंह, अंलिम एक्का, संध्या बागरेला, मनोरमा एक्का, परमेश्वर महतो, योगेंद्र, डिंपी, जूलियानी पूर्ति, अनिमा टोपनो, निरंजन मिंज, सुशांत दुबे, रामकेश्वर राम, कृष्णा एक्का, अलका अग्रवाल सहित सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं भी योग का अभ्यास किया। इस मौके पर प्रिंसिपल उदय कुमार ने योग के बारे में बताया कि योग हमारे जीवन के लिए बहुत ही लाभकारी है तथा योग का अभ्यास प्रतिदिन नियमित घर पर करना ही चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यार्थी को विशेष रूप से योग का अभ्यास करना ही चाहिए। इससे बच्चों का शारीरिक के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। स्मरण शक्ति भी बढ़ती है।

## नशा मुक्ति अभियान को लेकर छात्र छात्राओं ने बनाई विशाल मानव श्रृंखला

**प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर परिसर से निकला भव्य जागरूकता रैली**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चतरा।** इस क्रम में छात्र-छात्राओं ने जो करेगा नशा, उसकी होगी दुर्दशा । नशा से नाता तोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो। का लोगों का दिया संदेश मानव श्रृंखला एवं जागरूकता रैली के पश्चात विद्यालय परिसर में किया गया नुक्कड़ नाटक मौके पर अंचल अधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा, थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री, विधायक प्रतिनिधि कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमचंद यादव, विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार टिंकू के अलावा शिक्षक शिक्षिकाएं एवं पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

# टंडवा में होटलों के नाम पर धड़ल्ले से चल रहे अवैध बार

**उत्पाद विभाग से करवाई की मांग,जनता में भारी आक्रोश**

**अवैध रूप संचालित जिले में विधिसम्मत उत्पाद व्यवस्था पर चतरा डीसी ने कार्रवाई का दिया आदेश**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**टंडवा/चतरा।** औद्योगिक नगरी टंडवा इन दिनों एक नई और गंभीर समस्या की गिरफ्त में है। क्षेत्र के कई इलाकों में स्थित फुटपाथ और सामान्य होटल, बियर-बार की तर्ज पर संचालित हो रहे हैं। दिन हो या रात, इन कथित होटलों में खुलेआम अंग्रेजी शराब और बियर परोसी जा रही है। नियमों को ताक पर रखकर चल रहे इस अवैध कारोबार ने स्थानीय सुरक्षा और शांति पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। बिना लाइसेंस के कैसे बन गए होटल बियर बार? सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर इन फुटपाथ नुमा होटलों को बियर-बार की तर्ज पर शराब परोसने का लाइसेंस किसने दिया? या फिर यह पूरा खेल प्रशासनिक साठगांठ और उत्पाद विभाग की नाक के नीचे बिना किसी खौफ के चल रहा है? स्थानीय लोगों का कहना है कि इन होटलों में सुबह से लेकर देर रात तक पियक्कड़ों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे राहगीरों, खासकर महिलाओं और स्कूली बच्चों का सड़कों से गुजरना दूभर हो गया है। उत्पाद विभाग की चुप्पी पर उठ रहे सवाल औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण टंडवा में बाहरी लोगों और मजदूरों की भारी आवाजाही रहती है,जिसका फायदा उठाकर यह अवैध धंधा फल-फूल रहा है। इसके बावजूद उत्पाद विभाग की इस मामले पर चुप्पी रहस्यमयी बनी हुई है। क्षेत्र की प्रबुद्ध जनता और सामाजिक कार्यकताओं ने उत्पाद विभाग और स्थानीय प्रशासन से इस मामले में तत्काल संज्ञान लेते हुए कड़ी छापेमारी और कानूनी कार्रवाई की मांग की है।जनता की आवाज यदि समय रहते इन अवैध बियर-बारों पर ताला नहीं लगाया गया, तो टंडवा की कानून-व्यवस्था और सामाजिक माहौल पूरी तरह बिगड़ जाएगा। प्रशासन को तुरंत जांच करनी चाहिए कि इन छोटे होटलों को शराब परोसने की छूट किसने दी। उत्पाद अधीक्षक प्रेम प्रकाश उरांव के अनुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण,भंडारण,परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नियमित छापामारी एवं गश्ती अभियान संचालित किए जा रहे हैं। लेकिन औद्योगिक नगरी टंडवा में इसका कोई प्रभाव देखने को नहीं मिला।

# दनुआ घाटी में भीषण सड़क हादसा, खून से लाल हुआ एनएच-19

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चौपारण (हजारीबाग)।** दनुआ घाटी एक बार फिर लाशों के ढेर पर चीख रही है। जोड़राही पुल के पास देर रात चार वाहनों की भीषण टक्कर ने ठल्र-19 को जाम कर दिया। एक ट्रेलर तो 20 फीट गहरी खाई में जा समाया। केबिन में फंसे चालक-खलासी की चीखें जब सिस्टम तक नहीं पहुंचीं, तब पत्रकार की खबर और चोरदाहा पिकेट प्रभारी नीतीश यादव की तत्परता ने कई जिंदगियां बचा लीं। हादसे का खौफनाक मंजर प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लोहे के परखच्चे उड़ गए। ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। कई वाहन चकनाचूर हो गए। केबिन में फंसे चालक-खलासी जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे थे। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन शुरूआती एक घंटे तक कोई सरकारी मदद नहीं पहुंची। जब सिस्टम सोया, तब खाकी जागी सूचना मिलते ही चोरदाहा पिकेट प्रभारी नीतीश यादव अपनी टीम के साथ मौके पर दौड़े। अपनी जान जोखिम में डालकर उन्होंने केबिन में फंसे चालकों को बाहर निकाला। तत्काल एनएचएआई की एंबुलेंस बुलाई गई और सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। अगर पुलिस की तत्परता न होती तो लाशों का आंकड़ा बढ़ सकता था। पत्रकारिता ने निभाया फर्ज । तस्वीरें वायरल होते ही प्रशासन हरकत में आया। स्थानीय मीडिया के दबाव के बाद ही क्रेन और अतिरिक्त फोर्स मौके पर भेजी गई। सवाल हैः क्या हर बार जान बचाने के लिए पत्रकार को ही अलार्म बजाना पड़ेगा? सरकार और ठल्रअक पर सीधा हमला मौत का ब्लैक स्पॉटः दनुआ घाटी में पिछले 2 साल में 17 बड़े हादसे हो चुके हैं। 30 से ज्यादा जानें जा चुकी हैं। फिर भी न स्पीड ब्रेकर, न क्रैश बैरियर, न चेतावनी बोर्ड। एनएचएआई की नाकामीः सिक्स लेन का काम चल रहा है, लेकिन सुरक्षा जीरो है। रात में न लाइट, न रिफ्लेक्टर, न पेट्रोलिंग। प्रशासन की नींदः पल्स पोलियो की बैठक से अफसर गायब रहते हैं, और हादसे के वक्त रिस्पॉन्स टाइम 1 घंटे से ज्यादा। यह लापरवाही नहीं, आपराधिक गैरजिम्मेदारी है। जनता का सवाल, सरकार जवाब दो दनुआ घाटी को ब्लैक स्पॉट घोषित कर तत्काल सुरक्षा ऑडिट कब होगा? रात में ठल्रअककी पेट्रोलिंग और एंबुलेंस की तैनाती कब सुनिश्चित होगी? हर हादसे के बाद जांच कमेटी बनती है, रिपोर्ट कहां जाती है।

# धनबाद में आजसू के स्थापना दिवस व आक्रोश मार्च को लेकर हजारीबाग में रणनीति बैठक

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**हजारीबाग।** आगामी 22 जून को धनबाद में आयोजित होने वाले आजसू पार्टी के स्थापना दिवस समारोह एवं ह्यआक्रोश मार्चह्व को सफल बनाने के उद्देश्य से हजारीबाग परिसदन भवन में पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों ने भाग लिया और रैली में हजारीबाग से अधिकाधिक कार्यकताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर व्यापक चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता आजसू जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो ने की। इस दौरान नेताओं ने कहा कि धनबाद में आयोजित होने वाला कार्यक्रम पार्टी के लिए महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकताओं की उपस्थिति दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि आक्रोश मार्च के माध्यम से पार्टी जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए सरकार के समक्ष अपनी बात मजबूती से रखेगी। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि रैली केवल संगठन की शक्ति प्रदर्शन का मंच नहीं होगी, बल्कि क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं, जनहित के सवालों और विकास संबंधी मुद्दों को लेकर जनता की आवाज बुलंद करने का माध्यम भी बनेगी। नेताओं ने कार्यकताओं से गांव-गांव और पंचायत स्तर तक संपर्क अभियान चलाकर लोगों को रैली में शामिल होने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

## संपादकीय

### सुरक्षित उड़ान का भरोसा जरूरी

**विमान** यात्रा को आज सबसे सुरक्षित और तेज परिवहन माध्यम माना जाता है, लेकिन समय-समय पर होने वाले विमान हादसे इस भरोसे को झटका देते हैं। असम के जोरहाट में एएन-32 विमान दुर्घटना में वायुसेना के जवानों की मौत एक बार फिर यह सोचने को मजबूर करती है कि आखिर बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं से सबक क्यों नहीं लिया जाता। पिछले कुछ वर्षों में देश में विमानन क्षेत्र का तेजी से विस्तार हुआ है। नए हवाई अड्डे बने हैं और उड़ानों की संख्या बढ़ी है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था और प्रशिक्षित मानव संसाधन का विकास उसी गति से नहीं हो पाया। परिणामस्वरूप संचालन तंत्र पर दबाव बढ़ा है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ी है। तकनीकी खामियां, मौसम की चुनौती और मानवीय त्रुटियां आज भी विमानन क्षेत्र की बड़ी कमजोरियां बनी हुई हैं। चिंता की बात यह भी है कि अधिकांश विमान हादसों की जांच रिपोर्ट समय पर सार्वजनिक नहीं होती। यदि दुर्घटनाओं के वास्तविक कारण सामने ही नहीं आएंगे, तो सुधार की प्रक्रिया कैसे आगे बढ़ेगी? हादसों की जांच का उद्देश्य केवल दोष तय करना नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकना भी होना चाहिए। सरकार, विमानन कंपनियों और नियामक संस्थाओं को सुरक्षा मानकों के पालन में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए। आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रशिक्षण, नियमित निरीक्षण और पारदर्शी जांच व्यवस्था ही सुरक्षित विमानन की आधारशिला बन सकती है। यात्रियों का विश्वास तभी कायम रहेगा जब हर हादसे से सीख लेकर व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाएगा। विकास की उड़ान तभी सार्थक है, जब वह सुरक्षा के मजबूत पंखों पर टिकी हो।

# चीन को साधने की रणनीतिक पहल!

**नंद किशोर सोमानी**



भारत ने ग्रेटर निकोबार विकास परियोजना शुरू की है। इस पर लगभग एक लाख करोड़ रुपए की राशि खर्च होने का अनुमान है। अंडमान-निकोबार द्वीप समूह एकीकृत विकास निगम की देखरेख में शुरू की गई इस परियोजना के तहत एक अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांस-शिपमेंट टर्मिनल, नागरिक एवं सैन्य हवाई अड्डा, गैस संचालित विद्युत संयंत्र और एक हरित शहर (ग्रीनफील्ड टाउनशिप) का निर्माण किया जाएगा। मलक्का जलडमरूमध्य के करीब होने के कारण भारत की यह पहल हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की व्यापारिक और रणनीतिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए कई मायनों में महत्त्वपूर्ण साबित हो सकती है। चीन के कुल तेल आयात का लगभग अस्सी फीसद इसी मार्ग से होकर गुजरता है। भारत के इस फैसले को हिंद महासागर में शक्ति संतुलन की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। अंडमान सागर के दक्षिणी छोर पर स्थित ग्रेट निकोबार द्वीप को आर्थिक और रणनीतिक गतिविधियों का केंद्र बनाने के लिए देश के नीति आयोग ने वर्ष 2021 में ग्रेटर निकोबार विकास परियोजना की संकल्पना की थी। इसका मुख्य लक्ष्य हिंद महासागर में भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूत बनाना और विदेशी बंदरगाहों पर निर्भरता कम करना है। इस वृहद परियोजना को तीन चरणों में वर्ष 2047 तक पूरा किया जाना है।

हालांकि परियोजना को शुरू करने के साथ ही विपक्षी दलों, पर्यावरणविदों और यहां के मूल निवासियों के अधिकारों का समर्थन करने वाले सामाजिक संगठनों की कड़ी प्रतिक्रिया भी सामने आ रही है। उनका आरोप है कि इस परियोजना से वन क्षेत्र को नुकसान होगा और पारिस्थितिकी तंत्र गड़बड़ा जाएगा। यह आशंका जताई जा रही है कि द्वीप को विकसित करने के नाम पर लगभग दस लाख पेड़ों को काटा जा सकता है, जिससे तकरीबन 130 वर्ग किलोमीटर का प्राचीन वन क्षेत्र नष्ट हो सकता है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने बीते फरवरी में राष्ट्र की सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए इस परियोजना को जरूरी बताकर पर्यावरणीय एवं तटीय स्वीकृतियों को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था। पीठ का कहना था कि परियोजना के दीर्घकालिक लाभ (समुद्री सुरक्षा में वृद्धि, विदेशी बंदरगाहों पर निर्भरता में कमी और मजबूत प्रतिरक्षा क्षमता) तात्कालिक नुकसान से अधिक महत्त्वपूर्ण हैं।

एनजीटी ने अपने फैसले में पर्यावरण सुरक्षा उपायों का कड़ाई से पालन करने की आवश्यकता पर भी बल दिया था। इसके बाद सरकार ने स्पष्ट किया कि 97.30 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण की योजना बनाई गई है और इस क्षेत्र में आदिवासी समुदायों के हितों का पूरा खयाल रखा जाएगा। दरअसल, कुछ दिनों पहले देश की राष्ट्रीय सुरक्षा और समुद्री हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली दो बड़ी घटनाएं हुईं। पहली, इंडोनेशिया सरकार द्वारा मलक्का जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाने की कोशिश और दूसरी चीन द्वारा थाइलैंड पर क्रा नहर (थाई नहर) के निर्माण के लिए दबाव डालना। खबरों के मुताबिक, होर्मुज जलमार्ग में ईरान की ओर से जहाजों से शुल्क वसूलने के प्रयासों से प्रेरित होकर इंडोनेशिया ने हाल में सुझाव दिया था कि मलेशिया और सिंगापुर को उसके साथ मिलकर संयुक्त रूप से मलक्का जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाना चाहिए और राजस्व को तीनों देशों के बीच बराबर-बराबर बांट लिया जाना चाहिए।

> *हालांकि परियोजना को शुरू करने के साथ ही विपक्षी दलों, पर्यावरणविदों और यहां के मूल निवासियों के अधिकारों का समर्थन करने वाले सामाजिक संगठनों की कड़ी प्रतिक्रिया भी सामने आ रही है। उनका आरोप है कि इस परियोजना से वन क्षेत्र को नुकसान होगा और पारिस्थितिकी तंत्र गड़बड़ा जाएगा। यह आशंका जताई जा रही है कि द्वीप को विकसित करने के नाम पर लगभग दस लाख पेड़ों को काटा जा सकता है, जिससे तकरीबन 130 वर्ग किलोमीटर का प्राचीन वन क्षेत्र नष्ट हो सकता है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने बीते फरवरी में राष्ट्र की सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए इस परियोजना को जरूरी बताकर पर्यावरणीय एवं तटीय स्वीकृतियों को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था। पीठ का कहना था कि परियोजना के दीर्घकालिक लाभ (समुद्री सुरक्षा में वृद्धि, विदेशी बंदरगाहों पर निर्भरता में कमी और मजबूत प्रतिरक्षा क्षमता) तात्कालिक नुकसान से अधिक महत्त्वपूर्ण हैं। दरअसल, पिछले कुछ दशकों से भारत की घेराबंदी के लिए चीन हिंद महासागर में पाकिस्तान के ग्वादर से लेकर श्रीलंका के हंबनटोटा, म्यांमा के क्योकप्यू और जिबूती में बंदरगाहों का बड़ा नेटवर्क तैयार कर चुका है। चीन के इस आक्रामक रवैये और विस्तारवादी नीतियों के प्रभाव को कम करने के लिए भारत जिस बहुआयामी रणनीति को धार देने की कोशिश कर रहा है, ग्रेटर निकोबार विकास परियोजना उसी रणनीति का हिस्सा है।*

हालांकि, वैश्विक स्तर पर कड़ी प्रतिक्रिया के बाद इंडोनेशिया ने अपने कदम पीछे खींच लिए थे, क्योंकि वह संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि से बंधा हुआ है, जो अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों में जहाजों की स्वतंत्र आवाजाही सुनिश्चित करती है। मगर इंडोनेशिया के इस सुझाव ने भविष्य में संभावित संकट की आशंका पैदा हर दी है। ऐसे में अगर यह जलमार्ग बाधित होता है, तो भारत के सामने ऊर्जा और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति का गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। यही वजह है कि भारत निकोबार द्वीप पर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट बनाकर अपने हितों को सुरक्षित करना चाहता है। चीन की नहर निर्माण योजना भी भारत के लिए सामरिक चुनौती पैदा कर सकती है। हालांकि, थाईलैंड ने अभी चीन के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है, लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि भविष्य में भी थाईलैंड अपने इसी रुख पर कायम रहेगा। देरे-सवेर अगर चीन यहां नहर बनाने में कामयाब होता है, तो यह भारत की भू-रणनीतिक स्थिरता के लिए बड़ी चुनौती होगा। नहर निर्माण के बाद दक्षिण चीन सागर और हिंद महासागर के बीच 1,200 किमी की दूरी कम हो जाएगी। नतीजतन, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और बंगाल की खाड़ी के तटीय क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा चीन की पहुंच में जाएगा। यही वजह है कि भारत, इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप से करीब 150 किलोमीटर दूर स्थित ग्रेट निकोबार द्वीप को विकसित कर अपनी सामरिक स्थिति मजबूत करना चाहता है, ताकि देश की नौसेना हिंद महासागर से गुजरने वाले चीनी जहाजों पर नजर रख सके।

चीन अपनी कुल ऊर्जा जरूरतों का लगभग अस्सी फीसद और व्यापार का एक बड़ा हिस्सा मलक्का जलमार्ग के रास्ते आयात करता है। ग्रेट निकोबार में भारत के इस नए सैन्य एवं वाणिज्यिक केंद्र के निर्माण से मलक्का जलमार्ग पर देश की स्थिति रणनीतिक रूप से काफी मजबूत हो जाएगी। विषम परिस्थितियों में जरूरत पड? पर भारत इस जलमार्ग के जरिए चीन की ऊर्जा आपूर्ति को बाधित कर सकता है और नाकाबंदी के जरिए स्थिति को नियंत्रित कर सकता है। इसके अलावा, भारत दक्षिण चीन सागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभाव को संतुलित करने के लिए वियतनाम, फिलिपींस और इंडोनेशिया जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ रक्षा और रणनीतिक संबंधों को गहरा करने की रणनीति पर भी काम कर रहा है। अभी तक मालवाहक जहाजों के परिवहन के लिए भारत सिंगापुर और कोलंबो जैसी विदेशी बंदरगाहों पर निर्भर है। निकोबार द्वीप के विकास के बाद भारत के पास खुद का अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल होगा, जिससे मुख्य मार्गों से गुजरने वाले बड़े जहाजों के लिए निकोबार में रुकना और माल की अदला-बदली का काम आसान हो जाएगा। वर्तमान में भारत के लगभग पच्चीस फीसद माल की विदेशी बंदरगाहों पर अदला-बदली होती है। मगर निकोबार में यह सुविधा उपलब्ध हो जाने से समय और परिवहन खर्च दोनों की बचत होगी। परिणामस्वरूप भारत को हर साल लगभग 1500 से 1800 करोड़ रुपए का फायदा होने का अनुमान है। साथ ही हिंद महासागर में चीन की आक्रामकता को रोकने और भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी।


**– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# दृश्यता का युग और अस्तित्व का संकट

**विजय सिंह अधिकारी**

हम एक ऐसे युग में प्रवेश कर चुके हैं जहां दृश्यता खुद एक मूल्य बन गई है, और अस्तित्व धीरे-धीरे होने से हटकर दिखाई दे की शर्त पर टिक गया है। अब केवल उपस्थित होना पर्याप्त नहीं। व्यक्ति, विचार और रचना- तीनों को निरंतर प्रमाणित होना पड़ता है। यह केवल सामाजिक परिवर्तन नहीं, बल्कि आधुनिक चेतना की एक गहरी पुनर्रचना है, जहां होना अब दृश्य होना बनता जा रहा है। यह परिवर्तन केवल बाहरी नहीं, बल्कि गहराई में जाकर यह तय करता है कि मनुष्य खुद को कैसे समझे। पहले पहचान भीतर से बनती थी और धीरे-धीरे समाज में प्रकट होती थी। अब पहचान पहले दिखाई देती है और धीरे-धीरे भीतर बसने लगती है। उदाहरण के लिए, किसी विद्यार्थी की उपलब्धि अब केवल उसके ज्ञान का प्रमाण नहीं रहती, बल्कि उसके प्रोफाइल की वृद्धि का माध्यम बन जाती है। इसी प्रकार किसी लेखक की रचना पहले पढ़ी नहीं जाती, बल्कि पहले शेयर और रीच के आंकड़ों में देखी जाती है। इस परिवर्तन ने मनुष्य के आत्मबोध को भीतर से बाहर की ओर मोड़ दिया है। जीवन अब एक आंतरिक यात्रा नहीं, बल्कि एक सतत प्रस्तुति बन गया है, जहां व्यक्ति जीता है और उसी क्षण खुद को देखता भी है। यह स्थिति आधुनिक मनोविज्ञान में सेल्फ आब्जेक्टिफिकेशन जैसी प्रवृत्ति से जुड़ती है, जहां व्यक्ति स्वयं को एक दर्शनीय वस्तु की तरह देखने लगता है।

सोशल मीडिया इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण है। एक साधारण अनुभव, जैसे किसी मित्र से मिलना, किसी स्थान की यात्रा, या किसी भोजन का स्वाद- अब अपने मूल रूप में नहीं रहता। उसका पहले एक ढांचा बनता है, फिर पोस्ट, फिर उसे देखने वालों का आंकड़ा। अनुभव का मौन पक्ष पीछे छूट जाता है। यहां एक सूक्ष्म



विडंबना जन्म लेती है- जितना अधिक जीवन साााा होता है, उतना ही उसका मौन क्षीण होता जाता है। कभी चिंतन और आत्मनिर्माण की प्रयोगशाला रहा एकांत अब खालीपन या अनुत्पादक समय लगने लगा है। परिणामस्वरूप मनुष्य के भीतर एक विभाजन गहरा होता है- एक अनुभव करने वाला स्व और दूसरा अनुभव को संपादित करने वाला स्व।

इसी प्रवृत्ति का विस्तार कला, साहित्य और विचार-जगत तक पहुंचता है, जहां रचना का मूल्य क्रमशः उसकी दृश्यता, पहुंच और ब्रांड-छवि से निर्धारित होने लगता है। आज यह असामान्य नहीं कि कोई कविता अपने अर्थ से पहले इंस्टाग्राम-स्वरूप में पहचानी जाए, या कोई चित्र अपनी कलात्मक गहराई से पहले वायरल शेयर से जाना जाए। इस स्थिति में लेखक और कलाकार केवल सर्जक नहीं रहते, बल्कि अपनी ही दृश्यता के प्रबंधक बन जाते हैं। कई समकालीन लेखक अब अपनी लोक-छवि और डिजिटल उपस्थिति को ज्यादा महत्त्वपूर्ण मानने लगे हैं। इस बदलाव ने रचना और रचयिता के संबंध को उलट दिया है। जहां पहले रचना व्यक्ति को परिभाषित करती थी, अब व्यक्ति रचना की दृश्यता को परिभाषित करता है।

इसके समांतर, प्रकृति और श्रम एक भिन्न अस्तित्व-तर्क प्रस्तुत करते हैं। वृक्ष बिना किसी दर्शक के फल देता है। यहां उत्पादन और प्रदर्शन अलग हैं। नदी बिना किसी स्वीकृति के बहती है और मिट्टी बिना किसी प्रशंसा के जीवन को धारण करती है। हिमालय की बर्फ, जो किसी दृश्यता-तंत्र का हिस्सा नहीं, फिर भी नदियों का स्रोत है- यह मौन उत्पादन का उदाहरण है। किसान का जीवन मौसम, बीज और मिट्टी के साथ एक गहरा संवाद करता है, पर उसका श्रम अंतिम रूप में केवल मंडी मूल्य में दिखाई देता है। दिल्ली या मुंबई की मेज पर जो रोटी रखी है, वह दृश्य है, लेकिन उसके पीछे का श्रम अदृश्य है। इसी प्रकार, निर्माण स्थल पर काम करने वाला श्रमिक उस इमारत का निमार्ता है, पर इमारत की पहचान में वह अनुपस्थित है। यह अदृश्य श्रम आधुनिक सभ्यता की संरचना का आधार है। महात्मा गांधी ने सार्वजनिक जीवन को आत्म-प्रदर्शन नहीं, बल्कि सत्य की साधना बनाया, जहां चरखा केवल प्रतीक नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का नैतिक संकेत था। भगत सिंह ने अपने लेखों में स्पष्ट किया कि व्यक्ति क्षणिक है, पर विचार स्थायी। इसलिए उन्होंने अपने जीवन को भी विचार के विस्तार में बदल दिया। इसी संदर्भ में आधुनिक गुमनाम कलाकार बैंक्सी, एलेना फेरांटे और थामस पिंचन एक अलग प्रकार की चुनौती प्रस्तुत करते हैं। बैंक्सी की कला इसलिए प्रभावशाली है, क्योंकि वह हस्ताक्षर से मुक्त है। उसका अर्थ व्यक्ति से नहीं, स्थान और संदर्भ से जन्म लेता है।

एलेना फेरांटे का साहित्य यह प्रश्न उठाता है कि क्या लेखक का जीवन उसके लेखन से अधिक महत्त्वपूर्ण है। थामस पिंचन की चुप्पी साहित्य में इस तथ्य को उजागर करती है कि अनुपस्थिति भी एक संरचना बन सकती है। मगर यह प्रतिरोध भी स्थिर नहीं रहता। दृश्यता की संस्थाएं- मीडिया, बाजार और जन-जिज्ञासा गुमनामी को भी एक नई कथा में बदल देती हैं। उदाहरण के लिए, किसी अनाम कलाकार की कृति जितनी रहस्यमयी होती है, उतनी ही तेजी से वह मीडिया-चर्चा का विषय बन जाती है। इस प्रकार गुमनामी भी आखिर दृश्यता के तंत्र में फिर समाहित हो जाती है। अनुपस्थिति भी एक प्रकार की उपस्थिति बन जाती है। प्रश्न यह है कि क्या मनुष्य उस अदृश्य श्रम, मौन सृजन और बिना प्रत्याशा के दिए जाने वाले योगदान को देखने की दृष्टि विकसित कर पाया है, जिस पर उसका पूरा दृश्य संसार टिका हुआ है, या उसकी दृष्टि केवल उसी तक सीमित हो गई है, जो दिखता है, मापा जा सकता है और साझा किया जा सकता है। यही वह गहरा तनाव है जिसमें आधुनिक सभ्यता स्थित है- दृश्यता और मौन के बीच, प्रदर्शन और अस्तित्व के बीच, तथा पहचान और विसर्जन के बीच एक निरंतर खिंचा हुआ, लेकिन जीवित संतुलन।

**– लेखक के निजी राय हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**18 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | मिथुन | 05.03 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | कर्क | 07.21 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 09.37 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 11.49 बजे से |
| गुरु | कर्क में | तुला | 14.00 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | वृश्चिक | 16.14 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.30 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.35 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.22 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 23.55 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | मेष | 01.25 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 03.05 बजे से |

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 169 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्थी 18.59 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुष्य 11.33 बजे को समाप्त।
**योग** व्याघात 17.36 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 08.15 बजे तदनन्तर विष्टि 18.59 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 2.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 24'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872744
**जूलियन दिन** 2461209.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** मोहर्रम **तारीख** 02
**विशेष** विनायक चतुर्थी व्रत, झाँसी रानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8895




**बाएँ से दाएँ**

1. कृष्ण का एक नाम-4,3
6. धन, संपत्ति-2
7. इस युवती को बयान बदलने पर जेल की सजा हुई है-3
8. विजय, फतह-2
10. आम जनता, लोग-2
11. लाभ, कुल योग-2
13. निर्माण, कृति-3
14. उत्तर-3
15. नष्ट, विनाश-2
17. रुस्तमे हिंद का सिर्फ नाम-2
18. तह, अस्तर-2
20. राजी होना-3
21. अवरोध, रुकावट-2
22. आतंक फैलना-4,3

**ऊपर से नीचे**

2. भिड़ंत, मुठभेड़-3
3. इस्लामी महीना-4
4. हाथी, गज-4
5. न्यायाधीश-2
6. जोरदार-5
9. लालसी, आकांक्षी, पिपासु-5
10. स्त्रीत्वपूर्ण, स्त्रीय-3
12. वृतांत, घटना-3
16. हल, निष्कर्ष-4
17. राशन, भोजन-4
19. घोड़ा गाड़ी-2
21. रुकावट, अवरोध-3

**शब्द पहेली -8894 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | प | ना | प | न | | प | क | ना |
| रा | ल | | त | | ख | स | म | |
| ज | | का | न | न | | | जो | श |
| क | ह | र | | क | र | ता | र | |
| ता | | ग | | छे | | र | | फ |
| | ब | र | ग | द | | ता | मी | र |
| द | गा | | | न | ज | र | | मा |
| | व | त | न | | ह | | पा | ई |
| फ | त | ह | | स | र | फ | रो | श |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7829** ★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- ■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- ■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7828 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

### विजय -रश्मिका ने

# निभाया अपना वादा



## होनहार छात्रों को किया समानित

### वायरल हुआ वीडियो

विजय देवरकोंडा अपनी पत्नी और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ तेलंगाना के अचमपेट मंडल के थुम्मनपेट गांव पहुंचे। वहां उन्होंने पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्रों को सम्मानित किया। इस दौरान विजय सिंपल लुक में नजर आए। वहीं रश्मिका ट्रेडिशनल साड़ी में नजर आईं। मशहूर अभिनेता विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना अपनी फिल्मों के साथ-साथ अपने सामाजिक कार्यों के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने सरकारी स्कूलों के होनहार बच्चों की मदद के लिए एक नई शैक्षिक पहल शुरू की है।

जिसके कई वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। साउथ अभिनेता विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना सिनेमा जगत से परे भी अपने परोपकारी कार्यों के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने एक नई शैक्षिक पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य सरकारी स्कूलों के प्रतिभाशाली छात्रों को सहयोग देना और उन्हें बेहतर अवसर प्राप्त करने में मदद करना है। इस साल की शुरुआत में शुरू की गई इस योजना का मकसद सरकारी स्कूलों के उन मेहनती बच्चों को बढ़ावा देना है, जिन्होंने 9वीं और 10वीं कक्षा में बहुत अच्छे नंबर हासिल किए हैं। इस कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के 180 जरूरतमंद और योग्य छात्रों को स्कॉलरशिप दी जाएगी।

# महेश भट्ट ने की वीर पहाड़िया स्टारर नाम - टू लिव इज़ वॉर की आधिकारिक घोषणा




मुंबई अभिनेता वीर पहाड़िया ने अपनी अगली बड़ी फिल्म 'नाम - टू लिव इज़ वॉर' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस फिल्म को दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट प्रस्तुत कर रहे हैं। आने वाली यह फिल्म एक डार्क एक्शन थ्रिलर बताई जा रही है, जिसमें वीर एक दमदार और रफ-टफ अवतार में नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में हाई-ऑक्टेन एक्शन के साथ मजबूत इमोशनल ड्रामा का भी मेल देखने को मिलेगा, जिससे यह वीर की बढ़ती फिल्मोग्राफी की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक मानी जा रही है। फिल्म को लेकर उत्साह को और बढ़ाते हुए खबर है कि अभिनेता वरुण शर्मा पहली बार अपने करियर में नेगेटिव रोल निभाते नजर आएंगे। अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग और हल्के-फुल्के किरदारों के लिए पहचाने जाने वाले वरुण का यह नया अवतार दर्शकों और इंडस्ट्री के बीच पहले से ही जिज्ञासा पैदा कर रहा है। फिलहाल फिल्म में वीर और वरुण के बीच टकराव को इसकी बड़ी खासियतों में से एक माना जा रहा है। गौरतलब है कि 'नाम - टू लिव इज़ वॉर' वीर पहाड़िया की तीसरी फिल्म होगी। उन्होंने 'स्काई फोर्स' से अपना डेब्यू किया था, जबकि उनकी दूसरी अनटाइटल्ड फिल्म इसके रिलीज़ से पहले सिनेमाघरों में आने की उम्मीद है।



### शिल्पा शेट्टी ने मोबिलिटी चैलेंज

# वर्कआउट के साथ मंडे मोटिवेशन की डोज दी

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने फिटनेस के शौकीनों के लिए 'मंडे मोटिवेशन' का डोज देकर सप्ताह की शुरुआत की। अपनी हालिया पोस्ट में शिल्पा शेट्टी ने बैलेंस, फ्लेक्सिबिलिटी और पूरे शरीर पर कंट्रोल बेहतर बनाने पर केंद्रित एक मोबिलिटी चैलेंज वर्कआउट शेयर किया। कैप्शन में उन्होंने फैंस को अपने फिटनेस लक्ष्यों के प्रति लगातार बने रहने के लिए भी प्रोत्साहित किया। वीडियो में, 'धड़कन' फिल्म की एक्ट्रेस को बैलेंस, फ्लेक्सिबिलिटी और नियंत्रित मूवमेंट पर ध्यान देते हुए मोबिलिटी चैलेंज वर्कआउट करते हुए देखा जा सकता है। कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'आपका बैलेंस कितनी बार बिगड़ा? सच-सच बताइए। मोबिलिटी चैलेंज के फायदे, कई तरह की मूवमेंट से कंधे की मोबिलिटी और फ्लेक्सिबिलिटी बेहतर होती है। बेहतर पोस्चर और मूवमेंट के लिए ऊपरी और बीच की पीठ (थोरेसिक स्पाइन) की मोबिलिटी बढ़ती है। हिप मोबिलिटी बढ़ती है, जिससे आप ज़्यादा आसानी और अच्छे से मूव कर पाते हैं। बैलेंस, तालमेल और पूरे शरीर पर कंट्रोल को चुनौती मिलती है। मोटर कंट्रोल बेहतर होने के साथ-साथ शरीर को स्थिर रखने वाली मांसपेशियां मजबूत होती हैं। मूवमेंट के तरीके बेहतर होते हैं और जोड़ों की सेहत अच्छी रहती है। शरीर के प्रति जागरूकता, फोकस और फंक्शनल फिटनेस बढ़ती है। शिल्पा शेट्टी अक्सर अपने वर्कआउट और योग सेशन के वीडियो शेयर करती रहती हैं, जिससे उनके फिटनेस रूटीन की झलक मिलती है। इस बीच शिल्पा शेट्टी ने हाल ही में अपना 51वां जन्मदिन मनाया। उन्होंने अपने शानदार जन्मदिन के सेलिब्रेशन की एक प्यारी सी झलक शेयर की, जिसे उन्होंने अपने परिवार के साथ मनाया। एक्ट्रेस ने इस खास दिन का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। क्लिप में शिल्पा अपने पति राज कुंद्रा के साथ केक काटती हुई दिख रही हैं, जबकि उनके बच्चे उनके लिए जन्मदिन का गाना गा रहे हैं। बच्चों को प्यार करने वाली इस मां ने केक का मजा लिया और उन्हें एक खास तोहफ़ा भी मिला, जिसने उन्हें हैरान कर दिया। इस प्यारे से वीडियो के साथ शिल्पा शेट्टी ने लिखा, 'अपने चाहने वालों के साथ एकदम परफेक्ट जन्मदिन। आपकी सभी शुभकामनाओं और आशीर्वाद के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। दिल बहुत सारे प्यार से भर गया है। दिल से आभार।




### अखिल की

# 'लेनिन' फिर टली

अखिल अक्किनेनी की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'लेनिन' एक बार फिर पोस्टपोन हो गई है। यह तीसरी बार है जब फिल्म की रिलीज डेट बदली गई है। अखिल अक्किनेनी की आने वाली फिल्म 'लेनिन' पहले 26 जून को सिनेमाघरों में आने वाली थी, लेकिन अब इसे आगे बढ़ा दिया गया है। मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है। इस बार फिल्म टालने की सबसे बड़ी वजह राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' का शानदार प्रदर्शन बताया जा रहा है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है और दुनियाभर में लगभग 400 करोड़ रुपये के करीब पहुंच रही है। मेकर्स का कहना है कि 'पेद्दी' अभी सिनेमाघरों में अच्छा चल रही है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा स्क्रीन उसी को मिल रही हैं। ऐसे में 'लेनिन' को थोड़ा आगे बढ़ाना सही फैसला लगा।




### 'जन नायकन' से पहले

# थलपति विजय का बड़ा धमाका

### • अब थिएटर्स में आ रही ये हिट फिल्म

थलपति विजय 22 जून को 52 साल के होने जा रहे हैं. उनका जन्मदिन आने में अभी कुछ दिन बाकी हैं लेकिन उनके फैंस के लिए सरप्राइज अभी से तैयार हो गया है. थलपति विजय के 52वें जन्मदिन पर बड़ा धमाका होने जा रहा है. 'जन नायकन' की रिलीज से पहले उनकी एक हिट फिल्मों थिएटरों में दस्तक देने वाली है. थलपति विजय की 'जन नायकन' सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट न मिलने की वजह से अटकी है और इसकी रिलीज डेट पर फिलहाल तलवार लटकी हुई है. जहां एक तरफ 'जन नायकन' अभी रिलीज नहीं हुई है, वहीं दूसरी तरफ उनके जन्मदिन से पहले हिट फिल्म 'मर्सल' थिएटरों में री-रिलीज होने जा रही है. थलपति विजय की 'जन नायकन' सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट न मिलने की वजह से अटकी है और इसकी रिलीज डेट पर फिलहाल तलवार लटकी हुई है. जहां एक तरफ 'जन नायकन' अभी रिलीज नहीं हुई है, वहीं दूसरी तरफ उनके जन्मदिन से पहले हिट फिल्म 'मर्सल' थिएटरों में री-रिलीज होने जा रही है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एटली के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'मर्सल' थलपति विजय के 52वें जन्मदिन से पहले दोबारा रिलीज होगी. थलपति विजय का जन्मदिन सोमवार (22 जून) को है, इसलिए 'मर्सल' 19 जून को ही बड़े पर्दे पर रिलीज हो जाएगी. इससे उनके खास फैंस के लिए ये सेलिब्रेशन एक शानदार वीकेंड ट्रीट बन जाएगा. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एटली के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'मर्सल' थलपति विजय के 52वें जन्मदिन से पहले दोबारा रिलीज होगी. थलपति विजय का जन्मदिन सोमवार (22 जून) को है, इसलिए 'मर्सल' 19 जून को ही बड़े पर्दे पर रिलीज हो जाएगी. इससे उनके खास फैंस के लिए ये सेलिब्रेशन एक शानदार वीकेंड ट्रीट बन जाएगा. थलपति विजय की 'मर्सेल' 19 जून को चेन्नई, चेंगलपेट, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जैसे जिले में लगभग 100 थिएटर स्क्रीन्स पर दिखाई जाएगी. 18 अक्टूबर 2017 को रिलीज हुई इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में थलपति विजय, समांथा रुथ प्रभु, काजल अग्रवाल, नित्या मेनन, योगी बाबू, यदिवेलू और कोवई सरला जैसे कलाकार शामिल थे. थलपति विजय की 'मर्सेल' 19 जून को चेन्नई, चेंगलपेट, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जैसे जिले में लगभग 100 थिएटर स्क्रीन्स पर दिखाई जाएगी. 18 अक्टूबर 2017 को रिलीज हुई इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में थलपति विजय, समांथा रुथ प्रभु, काजल अग्रवाल, नित्या मेनन, योगी बाबू, यदिवेलू और कोवई सरला जैसे कलाकार शामिल थे.


# एकता कपूर ने प्रियंका चाहर की तारीफ की



### अभिनेत्री ने 'नागिन 7' के सफर को कहा अलविदा

अलौकिक (सुपरनैचुरल) शो 'नागिन' के सातवें सीजन के समाप्त होने के बाद प्रियंका चाहर चौधरी ने शो को अलविदा कहते हुए एक भावुक संदेश साझा किया। इस अवसर पर उन्हें टीवी जगत की 'जारिना' कही जाने वाली एकता कपूर से खूब सराहना मिली। एकता ने कहा कि वह प्रियंका के साथ फिर से काम करने का बेसब्री से इंतज़ार कर रही हैं। इस सफर को 'अविस्मरणीय यात्रा' करार देते हुए प्रियंका ने सबसे पहले इंस्टाग्राम पर शूटिंग के आखिरी दिन की एक झलक साझा की और लिखा, 'और इसी के साथ, आज रात एक अविस्मरणीय यात्रा का अंत हो रहा है... नागिन 7। अभिनेत्री ने कहा कि इस शो ने उन्हें केवल यादें ही नहीं, बल्कि उससे कहीं अधिक दिया है। उन्होंने लिखा, 'इस शो ने मुझे सिर्फ यादों से कहीं ज्यादा दिया है- इसने मुझे खूबसूरत लोग, जीवनभर के रिश्ते और मेरे शिवजी के साथ और भी गहरा जुड़ाव दिया। महादेव से इतनी गहराई से जुड़ी कहानी का हिस्सा बनने से मेरा विश्वास और मजबूत हुआ है, और मैं हर दिन अपने जीवन में उनके प्रेम और उपस्थिति को महसूस करती हूं।

# 'नहीं पता था कि किस्मत कहां ले जाएगी'



### रश्मि देसाई ने अपने पुराने दिनों को किया याद

अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए टीवी एक्ट्रेस रश्मि देसाई ने कहा कि 'छोटी रश्मि' को कभी नहीं पता था कि किस्मत उन्हें कहां ले जाएगी लेकिन उन्होंने हमेशा अपनी चमक बनाए रखी। रश्मि ने वर्ष 2006 में 'रावण' से हिंदी टेलीविजन में डेब्यू किया था। उन्होंने अपने बचपन की कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें वह स्टाइलिश अंदाज में तैयार नजर आ रही हैं। इस सफर में मिले हर सबक, संघर्ष और आशीर्वाद के लिए आभार जताते हुए 2000 के दशक के शो 'उतरन' में तपस्या का किरदार निभाकर मशहूर हुई इस एक्ट्रेस ने उन अनुभवों का जश्न मनाया जिन्होंने उन्हें आज का इंसान बनाया है। रश्मि देसाई ने इंस्टाग्राम कैप्शन में लिखा, 'छोटी रश्मि को नहीं पता था कि जिंदगी उसे कहां ले जाएगी, लेकिन फिर भी वह अपने अंदर की चमक बनाए हुए थी। इस सफर में मिले हर सबक, हर संघर्ष और हर आशीर्वाद के लिए आभारी हूं। बता दें कि रश्मि देसाई रियलिटी शो 'बिग बॉस 13' में अपने काम से लोगों का ध्यान खींचने में कामयाब रही थीं। उन्होंने 'परी हूं मैं', 'झलक दिखला जा 5', 'फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी 6', 'जरा नचके दिखा 2' और 'नच बलिए 7' जैसे शो में भी नजर आईं और सलमान खान की फिल्म 'दबंग 2' में एक खास रोल भी किया। 40 वर्षीय रश्मि आखिरी बार 'वागले की दुनिया, नई पीढ़ी नए किस्से' में दिखी थीं। यह शो कार्टूनिस्ट आर. के. लक्ष्मण के किरदारों, खासकर 'द कॉमन मैन' पर आधारित है और इसमें एक आम मिडिल-क्लास भारतीय आदमी की रोजमर्रा की समस्याओं को दिखाया गया है। इससे पहले मई में, 'मिसेज मारा ऑनलाइन चे' के साथ थिएटर की दुनिया में नाम कमाने वाली रश्मि ने आईएएनएस से ??बात करते हुए कहा था कि थिएटर कलाकारों को समय पर उनका हक नहीं मिलता और उन्हें 'किसी और की मंजूरी' की जरूरत नहीं होती। उन्होंने कहा था कि थिएटर सबसे कम आंका जाने वाला माध्यम है। बातचीत में रश्मि ने बताया था कि एक थिएटर एक्टर बहुत मेहनत करता है। उन्हें समय पर उनका हक नहीं मिलता, उन्हें जो मजा आता है, उसका एक छोटा सा परिवार होता है, और वे उसी में खुश रहते हैं। उन्हें किसी और की मंजूरी की जरूरत नहीं होती। उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत नहीं होती जो उन्हें बताए कि 'ठीक है, यह करो, वह करो। उन्होंने आगे कहा, 'और अगर वे कोई गलती करते हैं या किसी तरह की नाकामी का सामना करते हैं, तो दूसरे लोग उनका हाथ थामने और यह कहने के लिए तैयार रहते हैं कि 'ठीक है, यह भी गुजर जाएगा।' तो हां, हमेशा एक नई शुरुआत होती है, और थिएटर इसे सीखने का सबसे अच्छा जरिया है।

## प्रिंस कुमार यादव मौत मामला : नेपाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट से असंतुष्ट, विसरा रिपोर्ट का इंतजार

एजेंसी



**अररिया।** नेपाल के विराटनगर स्थित शुभ होटल में प्रिंस कुमार यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले की जांच में नया मोड़ सामने आया है। मोरंग जिला पुलिस को प्राप्त पोस्टमार्टम रिपोर्ट से संतुष्टि नहीं हुई है, जिसके बाद अब पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाते हुए विसरा रिपोर्ट का इंतजार शुरू कर दिया है। साथ ही मामले की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल विशेषज्ञों की राय लेने और मेडिकल बोर्ड गठित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। मोरंग जिला पुलिस के प्रवक्ता एवं पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) मर्केंद्र कुमार मिश्रा ने बुधवार को बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मंगलवार को पुलिस को मिल चुकी है, लेकिन इसमें मौत के कारणों को स्पष्ट रूप से हत्या के रूप में प्रमाणित नहीं किया गया है। इसी वजह से अब पुलिस ने विसरा रिपोर्ट को जांच में निर्णायक माना है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मेडिकल सलाह लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और संबंधित स्तर पर मेडिकल बोर्ड गठन के लिए पत्राचार भी किया गया है। हाई-प्रोफाइल इस मामले में पुलिस ने जांच को और सख्त करते हुए कई पहलुओं पर काम तेज कर दिया है। घटना के बाद होटल में प्रिंस यादव के साथ ठहरे चार लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें सहरसा निवासी अंकित कुमार यादव (25), रोशन कुमार यादव (27), लाटू यादव (21) और जयराम यादव (30) शामिल हैं। इसके अलावा एक नेपाली नागरिक को भी पूछताछ के लिए हिरासत में रखा गया है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि सभी आरोपितों की रिमांड अवधि बढ़ा दी गई है और उनसे लगातार पूछताछ जारी है। पुलिस के अनुसार मामले से जुड़े अतिरिक्त साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और हर संभावित पहलू से जांच की जा रही है। नेपाल-भारत सीमा की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए इस केस की जांच अत्यंत गंभीरता और सूक्ष्मता से की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 2 जून को पटना में ज्ञान बिंदु कोचिंग और फैसल खान के खान ग्लोबल स्टडीज से जुड़े लोगों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद तोड़फोड़, आगजनी और गोलीबारी जैसी घटनाएं हुई थीं। इसी विवाद के बाद कई लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे। इसी क्रम में प्रिंस कुमार यादव और उनके साथी गिरफ्तारी के डर से नेपाल भाग गए थे और विराटनगर-10 स्थित शुभ होटल में कई दिनों से ठहरे हुए थे। इसी दौरान बीते शनिवार की रात उनकी होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। बाद में उन्हें न्यूरो अस्पताल ले जाया गया, जहां के चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर में स्वास्थ्य जांच व आयुष्मान कार्ड बना

एजेंसी



**भगवानपुर (बेगूसराय)।** भगवानपुर प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर के तहत बुधवार को भगवानपुर स्थित मनरेगा भवन में स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराईं। शिविर के दौरान कुल 55 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि 15 पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान भारत कार्ड भी बनाया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने उपस्थित लोगों को विभिन्न बीमारियों से बचाव, संतुलित आहार, स्वच्छता तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से गांव स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो रही हैं और आमजन को समय पर उपचार एवं परामर्श मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान करना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

### संक्षिप्त समाचार

#### गलगलिया अंतरराष्ट्रीय बाजार में भीषण अग्निकांड कई दुकानें जलकर खाक

**किशनगंज।** भारत-नेपाल सीमा से सटे किशनगंज जिले के गलगलिया अंतरराष्ट्रीय बाजार में मंगलवार देर रात भीषण अग्निकांड की घटना से अफरा-तफरी मच गई। अचानक लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। हालांकि, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात बाजार क्षेत्र से धुआं और आग की लपटें उठती देख स्थानीय लोगों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को सतर्क किया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस, एसएसबी के जवान और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तथा आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। आग की तीव्रता को देखते हुए नेपाल से दमकल वाहन मंगाया गया। दमकल कर्मियों और स्थानीय लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद कई घंटों में आग पर काबू पाया जा सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि समय रहते दमकल वाहन नहीं पहुंचता तो आग और अधिक दुकानों तक फैल सकती थी, जिससे नुकसान कई गुना बढ़ जाता।

#### बाइक की ठोकर से 65 वर्षीय बुजुर्ग किसान की मौत

**अररिया।** सिमराहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत औराही पश्चिम पंचायत के तार टोला वार्ड संख्या आठ निवासी 65 वर्षीय फनेश्वर ठाकुर पिता बादर ठाकुर की बुधवार सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। मक्का बिक्री का पैसा लेने मदारगंज जा रहे थे कि रास्ते में सत्यनारायण मंडल चौक कुशहा के पास मोटरसाइकिल चालक के द्वारा धक्का मार दिया गया। जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा परिजनों को सूचना देने के बाद परिजनों के द्वारा सदर अस्पताल अररिया ले जाया गया, जहां ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अररिया यातायात थाना के द्वारा शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक को चार पुत्र थे और सभी दिल्ली में मजदूरी का काम करते हैं। घटना की सूचना पर वह लोग भी घर के लिए रवाना हो गए हैं।

## केंद्र और राज्य का डबल इंजन सहयोग बिहार को चौतरफा विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा : मुख्यमंत्री

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण सह ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में राज्य के कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े हुये विभिन्न विषयों पर उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य का डबल इंजन सहयोग बिहार को चौतरफा विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा-मुख्यमंत्री बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बिहार के विकास के लिए बैकलॉग राशि जारी की गई है। इस सहयोग के लिए केंद्र सरकार के प्रति विशेष आभार व्यक्त करता हूं। मनरेगा बकाए के भुगतान का निर्णय ग्रामीण श्रमिकों के हित को सर्वोपरि रखते हुए लिया गया है। मनरेगा की सभी लंबित राशि का भुगतान केंद्र सरकार के सहयोग से 30 जून से पहले करने पर सहमति बनी है। राज्य में ग्रामीण विकास को नई दिशा देने वाली महत्वाकांक्षी वीबी जी राम जी योजना आगामी 1 जुलाई से पूरी तरह लागू कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, 2.0 के तहत हमलोगों ने बिहार में 01 करोड़ 4 लाख लोगों को चिन्हित किया, जिसमें 60 लाख लोग योग्य पाये गये है। हमारा आग्रह है कि 60 लाख गरीब परिवारों को जल्द से जल्द पक्का घर मिल जाय। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत राज्य में आवास निर्माण की प्रक्रिया तेज की जाएगी, जिसके अंतर्गत नए वित्तीय वर्ष में पहला मकान बिहार को मिलना तय हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार की आजीविका योजना के तहत जीविका दीदी को मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में आदर्श केन्द्र की स्थापना किये जाने की जरूरत है, जिसमें बक्सर एवं लखीसराय में टमाटर तथा प्याज के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का आग्रह करता हूं। कृषि क्षेत्र में नवाचार और उत्पादकता बढ़ाने के लिए राज्य में विशेष रूप से प्याज, टमाटर, आम आदि कृषि उत्पाद लिए 'आदर्श केंद्रों' की स्थापना की जाएगी। बागवानी क्षेत्र तथा गेहूं एवं धान के उत्पादन को आगे बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है। बिहार के किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने के लिए राज्य के फलों को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से जोड़ा जाएगा। बिहार में बागवानी की अपार संभावनाएं हैं। वैश्विक स्तर पर मखाना की बढ़ती मांग को देखते हुए मखाना बोर्ड के निर्माण की प्रक्रिया जल्द पूरी हो, इसमें आपके सहयोग की आवश्कता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार कृषि रोड मैप को अपनाने वाला देश का पहला राज्य रहा है। इसी गौरव को आगे बढ़ाते हुए अब एकीकृत खेती पर विशेष जोर दिया जाएगा और बिहार को इसके लिए एक मॉडल राज्य के रूप में विकसित किया जाएगा। पर्यावरण संतुलन और कृषि भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए विभिन्न वॉटरशेड परियोजनाओं और मिट्टी संरक्षण कार्यक्रमों को तेजी से धरातल पर उतारा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सुशासन और सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ काम कर रही है। कृषि और ग्रामीण विकास हमारे राज्य की आत्मा हैं। समय की महत्ता और उपयोगिता को समझते हुए हमारी प्रशासनिक टीम बिना किसी समझौते के, पूरी पारदर्शिता के साथ इन योजनाओं को जनता तक पहुंचाएगी। केंद्र और राज्य का यह डबल-इंजन सहयोग बिहार को चौतरफा विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सब चाहते है आप हमेशा बिहार आते रहें, आपके अनुभव का लाभ तथा आपका सहयोग हमारे राज्यवासियों को मिलता रहे। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण सह ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की बातों पर अपनी सहमति जताते हुये आश्वासन दिया कि बिहार को कृषि एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व में केन्द्र सरकार का पूर्ण सहयोग मिलता रहेगा।

### पोक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष का कारावास



**बेगूसराय।** माननीय न्यायालय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बेगूसराय द्वारा न्याय पॉक्सो एक्ट के 01 मामले में दिलाई गई सजा। 01 अभियुक्त को 20 वर्ष कारावास दिनांक-16.06.26 को न्याय के क्षेत्र में एक कड़ा संदेश देते हुए माननीय न्यायालय सुश्री दिव्या शेखर जिला एवं अपर सत्र न्यायधीश-षष्टम सह विशेष न्यायालय पॉक्सो, बेगूसराय की अदालत ने बछवाड़ा थाना कांड सं0-258/24 (पॉक्सो वाद सं0-88/24) में कठोर फैसला सुनाये हैं। बेगूसराय पुलिस के न्यायोन्मुखी, निष्ठापूर्ण एवं वैज्ञानिक अनुसंधान तथा अभियोजन पक्ष के सशक्त पैरवी के फलस्वरूप त्वरित न्याय सुनिश्चित हो सका है। घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक-11.07.24 को रात करीब 02:00 बजे वादी के बेटी घर में सोई थी तब उसके मामा मो० अंसार जगा कर जबरदस्ती हाथ पकड़कर खिंचकर चक्का चौर बोरिंग वाले खेत में ले जाकर रेप किया और कुल्हाड़ी से जान मारने का भी प्रयास किया गया कियी तरफ से बचते-बचाते अपने छोटी मौसी के वापस आ गई। मो० अंसार पहले भी वादी के छोटी बेटी के साथ भी रेप कर चूका था लेकिन प्रतिष्ठा के वजह से किसी को कुछ नहीं बताया था।पुलिस की कार्रवाई एवं अभियोजन इस गंभीर अपराध की सूचना प्राप्त होते ही बेगूसराय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया और न्यायालय में मजबूत और अकाट्य साक्ष्य प्रस्तुत किये। अभियोजन की पक्ष की ओर से विद्वान विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट, मनिषा कुमारी ने अत्यंत प्रभावी, तर्कपूर्ण और तथ्यपरक पैरवी की। न्यायालय द्वारा दिनांक-16.06.26 को 01 अभियुक्त को दोषी करार दिये। कांड विवरण बछवाड़ा थाना कांड सं0-258/24 (पोक्सो वाद सं0-88/24) न्यायाधीश महोदय माननीय न्यायालय सुश्री दिव्या शेखर जिला एवं अपर सत्र न्यायधीश-षष्टमसह विशेष न्यायालय पॉक्सो, बेगूसराय अभियोजक महोदय:- विद्वान विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट, मनिषा कुमारी अनुसंधानकर्ता : पु०अ०नि० जागृती कुमारी दंड का विवरण अधिनियम/धारा कारावास की सजा आर्थिक दंड (जुमार्ना)धारा-65 (1) बी०एन०एस०,20 वर्ष का कारावास 10,000 रु० अर्थदंड एवं धारा-3/4/(2) पॉक्सो एक्ट दोषी करार दिए गये अभियुक्त:- 01. मो० अंसारी, पे०-मो० अनवारूल सा०-जहानपुर थाना-बछवाड़ा, जिला-बेगूसराय।

### मुरली टोल प्लाजा प्रकरण में प्रशासन की सख्त कार्रवाई, एसडीओ तेघड़ा ने लिया संज्ञान

**तेघड़ा/बेगूसराय।** बछवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरली टोल प्लाजा पर हुए चर्चित विवाद एवं सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मामले में अनुमंडल प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। वायरल वीडियो में एक महिला द्वारा सड़क पर पिकअप चालक के साथ गाली-गलौज, अभद्र व्यवहार एवं हाथापाई करते हुए आवागमन बाधित करने का मामला सामने आने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा राकेश कुमार ने मामले का संज्ञान लेते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (इठरर) की धारा 126 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।*प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 21 मई 2026 को संध्या लगभग 5 बजे बछवाड़ा थाना क्षेत्र के मुरली टोल प्लाजा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-28 पर दो वाहनों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया था। विवाद के दौरान एक महिला एवं पिकअप चालक के बीच तीखी नोकझोंक, गाली-गलौज एवं हाथापाई की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे कुछ समय के लिए सड़क पर आवागमन भी प्रभावित हुआ। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसके बाद प्रशासनिक स्तर पर मामले की जांच कराई गई। बछवाड़ा थाना कांड संख्या-96/26, दिनांक 23.05.2026 से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में श्रीमती ईशा कुमारी, पति चंदन कुमार, ग्राम-चील्हाय, थाना-तेघड़ा, जिला-बेगूसराय के विरुद्ध इठरर की धारा 126 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। पुलिस प्रतिवेदन में उल्लेखित तथ्यों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा यह कार्रवाई की गई। मामले में विशेष चर्चा का विषय यह भी रहा कि श्रीमती ईशा कुमारी के पति केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) में कार्यरत हैं। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून सभी के लिए समान है और किसी भी व्यक्ति को अपने पद, प्रभाव अथवा किसी सरकारी सेवा में कार्यरत परिजन के नाम पर कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा राकेश कुमार ने कहा कि ₹कानून की नजर में सभी नागरिक समान हैं। किसी भी व्यक्ति द्वारा अपने पद, प्रभाव, सामाजिक हैसियत अथवा सरकारी सेवा में कार्यरत परिजन के नाम का दुरुपयोग कर सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित करना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि ₹सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार का विवाद होने पर नागरिकों को संयम एवं कानून का पालन करना चाहिए।

## बंधक बनाकर ससुराल में दामाद की पिटाई, मामला दर्ज

एजेंसी

**भागलपुर।** जिले में नवगछिया थाना क्षेत्र के चंद नगर गांव में ससुराल आए एक युवक को कथित तौर पर तीन दिनों तक बंधक बनाकर बेरहमी से पीटने का मामला प्रकाश में आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और युवक को मुक्त कराकर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल नवगछिया में भर्ती कराया है। घायल युवक की पहचान सहरसा जिले के सलखुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत मुबारकपुर निवासी 26 वर्षीय केसर आलम, पिता मकसूद आलम उर्फ चमरू, के रूप में हुई है। युवक के शरीर पर कई जगह गंभीर चोट और जख्म के निशान पाए गए हैं। बताया जा रहा है कि केसर आलम पटना में मजदूरी करता है। कुछ समय पहले उसका छोटा साला भी उसके साथ पटना में रह रहा था। इसी दौरान साले पर केसर के कुछ दोस्तों की जेब से पैसे निकालने का आरोप लगा था।

## एसएसबी ने नेपाल से तस्करी कर लाई जा रही 90 बोतल शराब की जब्त

एजेंसी



**अररिया।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 52वीं वाहिनी की बाह्य सीमा चौकी सोनापुर के विशेष गश्ती दल ने बुधवार को नेपाल से तस्करी कर लाई जा रही 90 बोतल शराब और तस्करी में प्रयुक्त एक बाइक को जब्त किया। हालांकि गश्ती दल को देखकर तस्कर वाहन छोड़कर नेपाल सीमा क्षेत्र की ओर फरार हो गए। एसएसबी के अनुसार, विशेष गश्ती दल सीमा क्षेत्र में नियमित गश्त पर था। इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया गया। सुरक्षा बलों की मौजूदगी देखकर तस्कर बाइक छोड़कर सीमा पार नेपाल की दिशा में भाग निकले। तलाशी के दौरान बाइक से 90 बोतल शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा लगभग 27 लीटर बताई गई है। जब्त शराब और बाइक को एसएसबी ने अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि शराब तस्करी में इस्तेमाल की गई बाइक संदिग्ध प्रतीत हो रही है। वाहन के दस्तावेजों और अन्य विवरणों की जांच के आधार पर आशंका जताई जा रही है कि बाइक चोरी की हो सकती है। इस संबंध में संबंधित एजेंसियों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर शराब एवं अन्य अवैध वस्तुओं की तस्करी रोकने के लिए लगातार गश्त और निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।

## बढ़ते प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से मानव जीवन हो रहा है प्रभावित : सुमित

एजेंसी



**बेगूसराय।** जिला मुख्यालय स्थित जीडी कॉलेज बेगूसराय के सच्चिदानंद भवन में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के स्नातक सेमेस्टर-पांच के छात्र-छात्राओं के लिए इंटर्नशिप उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सामाजिक संस्था आदर्श परिकल्पना द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पर्यावरण,स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी एवं महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा इंटर्नशिप रिपोर्ट तैयार करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दंत चिकित्सक डॉ अनामिका ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।उन्होंने छात्रों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप केवल एक शैक्षणिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि समाज की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अवसर है। उन्होंने छात्रों को जनस्वास्थ्य,स्वच्छता और पोषण के क्षेत्र में सकारात्मक पहल करने के लिए प्रेरित किया। जयमंगला वाहिनी के सुमित कुमार ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से मानव जीवन प्रभावित हो रहा है।उन्होंने छात्रों से वृक्षारोपण,जल संरक्षण और जैव विविधता के संरक्षण के लिए जन-जागरूकता फैलाने की अपील की।उन्होंने कहा कि युवा शक्ति यदि पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आए तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। संस्था के सचिव मो आरिफ हुसैन ने इंटर्नशिप कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ना समय की आवश्यकता है।

## 'एक देश, एक चुनाव', 'स्वदेशी' और नागरिक कर्तव्य विकसित भारत के आधारस्तंभ : शिवराज

एजेंसी



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा महानगर द्वारा राजधानी पटना में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर एक मजबूत, आत्मविश्वासी और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। सम्मेलन में उपस्थित बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकताओं और पार्टी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति राष्ट्र और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि लोग उन्हें मंत्री या बड़ा नेता कहते हैं, लेकिन वे स्वयं को हमेशा कार्यकताओं का कार्यकर्ता मानते हैं और यही उनकी सबसे बड़ी पहचान है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के पुनर्जागरण और विश्वगुरु बनने का जो सपना उन्होंने देखा था, वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत वैभवशाली, गौरवशाली, शक्तिशाली और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा था जब दुनिया भारत को भ्रष्टाचार और घोटालों के नजरिए से देखती थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व ने देश की छवि को पूरी तरह बदल दिया। आज भारत निवेश, नवाचार, आर्थिक विकास और वैश्विक नेतृत्व के लिए पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि वे पिछले 35 वर्षों से नरेन्द्र मोदी के साथ कार्य कर रहे हैं और उन्होंने हमेशा उन्हें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाला नेता पाया है।

## सामूहिक प्रयासों के बल पर एचयूआरएल आज देश का दूसरा सबसे बड़ा यूरिया उत्पादक बन चुका है : वीरेन्द्र मलिक

**एचयूआरएल बरौनी इकाई में 11वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन**

एजेंसी



**तिलरथ/बेगूसराय।** हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) के 11वें स्थापना दिवस का उत्सव एचयूआरएल बरौनी इकाई में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर एचयूआरएल के अध्यक्ष वीरेन्द्र मलिक, निदेशक रितु अरोड़ा, प्रबंध निदेशक शिवा प्रसाद मोहंती तथा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने भाग लिया। वहीं कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को संबोधित करते हुए एचयूआरएल के अध्यक्ष वीरेन्द्र मलिक ने संगठन की स्थापना से लेकर अब तक की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कंपनी के किसी भी प्रमोटर को उर्वरक उत्पादन का पूर्व अनुभव नहीं था।

## संक्षिप्त

### ईरान से समझौते पर अपने ही खफा : रूबियो और पीट हेगसेथ को ट्रंप पर भरोसा नहीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच एक नया समझौता हुआ है। इस समझौते को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टीम में ही भारी विवाद शुरू हो गया है। सरकार के बड़े अधिकारी दो गुटों में बंट गए हैं। सीआईए के निदेशक जॉन रैटक्लिफ ने इस समझौते पर बड़ा शक जताया है। खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, ईरान बाहर से कुछ और और अंदर से कुछ और खेल खेल रहा है। वह बातचीत में जो दावे कर रहा है, उसकी नीयत उससे बिल्कुल अलग है। इस पूरे मामले में ट्रंप सरकार के दो सबसे शक्तिशाली मंत्री एक तरफ हो गए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो को ईरान पर बिल्कुल भरोसा नहीं है। उनके साथ देश के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी इस समझौते पर गंभीर सवाल उठाए हैं। इन दोनों बड़े नेताओं का मानना है कि ईरान अपनी बात से पलट सकता है। खुफिया रिपोर्ट देखने के बाद इन दोनों मंत्रियों की चिंता और ज्यादा बढ़ गई है। दूसरी तरफ, सरकार के कुछ अन्य बड़े नेता इस समझौते का पूरा समर्थन कर रहे हैं। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस डील के पक्ष में मजबूती से खड़े हैं। उनके साथ विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर भी हैं। इन तीनों नेताओं ने 14 सूत्रीय अमेरिकी-ईरान समझौता ज्ञापन पर अपनी मुहर लगाई है। इनका मानना है कि बातचीत से रास्ता निकल सकता है। इस नए समझौते का मकसद दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव को कम करना है। इसके तहत दोनों देशों के बीच युद्धविराम को आगे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा, दुनिया के प्रमुख समुद्री व्यापार मार्ग होर्मुज को दोबारा खोला जाएगा। इस समझौते के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर 60 दिनों की नई बातचीत शुरू होगी। इन 60 दिनों के दौरान ईरान अपने परमाणु काम को रोके रखेगा। बदले में, अमेरिका उस पर कोई नया प्रतिबंध नहीं लगाएगा और न ही वहां अपनी सेना बढ़ाएगा। इस बातचीत में ईरान के यूरेनियम भंडार और प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा होनी है। समझौते के समर्थकों का कहना है कि ईरान को पैसा और राहत तभी मिलेगी, जब वह परमाणु कार्यक्रम बंद करेगा। लेकिन विरोध करने वाले अधिकारियों का कहना है कि यह डील ईरान के लिए एक बड़ा फायदा है।

### रुक नहीं रहा इजराइल, पीस डील पर हस्ताक्षर से पहले दक्षिणी लेबनान में हमले, 4 लोगों की मौत

**लेबनान, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच शुक्रवार को स्विटजरलैंड में पीस डील पर हस्ताक्षर होने हैं लेकिन इसके पहले इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में फिर हमले किए हैं। लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी के मुताबिक इन हमलों में कम से कम चार लोगों की मौत हुई है। यह हमले तब हुए हैं जब युद्ध रोकने के लिए अमेरिका और ईरान ने सभी मोर्चों पर हमले रोकने पर अपनी सहमति जताई है। इजराइल के हमलों पर ईरान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने कहा है कि 'मेमोरेंडम ऑफ स्टैंडिंग' पर सहमति बन जाने के बाद इजराइल ने लेबनान में 84 बार करार का उल्लंघन किया है। ईरान ने कहा है कि लेबनान पर इजराइल के हमले यदि जारी रहे तो उसका जवाब 'बेहद भीषण' होगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मंगलवार को कहा कि दक्षिणी लेबनान पर इजराइल का निरंतर कब्जा समझौते का उल्लंघन होगा। उन्होंने आगे कहा कि 'इस युद्ध के दौरान इजराइली सेना द्वारा कब्जाए गए क्षेत्रों से उनके पीछे हटे बिना, युद्ध पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। ईरान के शीर्ष संयुक्त सैन्य कमान, खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर्स ने कहा कि अगर इजराइल ने दक्षिणी लेबनान पर अपने हमले नहीं रोके।

### जी7 शिखर सम्मेलन : जापान ने उठाया हिंद-प्रशांत क्षेत्र और चीन की चुनौतियों का मुद्दा

**एवियन, एजेंसी।** फ्रांस में चल रहे जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने चीन से जुड़ी क्षेत्रीय चुनौतियों को प्रमुखता से उठाया। जापानी प्रधानमंत्री ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति और विभिन्न सुरक्षा चुनौतियों पर जी-7 देशों के बीच समन्वय आवश्यक है। ताकाइची ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, जी-7 नेताओं के रात्रिभोज में पश्चिम एशिया की स्थिति, रूस-यूक्रेन संघर्ष, हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई। जापान ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति और चीन से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों पर अपना दृष्टिकोण साझेदार देशों के सामने रखा। ताकाइची के अनुसार, जी-7 देशों ने इन मुद्दों पर मिलकर और करीबी समन्वय के साथ काम करने की आवश्यकता पर सहमति जताई। जापानी प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता जताते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री व्यापार निर्बाध रूप से जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग की वकालत की।

# मेरे बिना इजरायल नहीं होता, जी7 मंच से बेंजामिन नेतन्याहू पर भड़के डोनाल्ड ट्रंप

**एवियन, एजेंसी।** फ्रांस के एवियन में चल रहे जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर जमकर बरसे। ट्रंप ने खुले मंच से नेतन्याहू को काफी खरी खोटी सुनाई और दावा किया कि अगर अमेरिका उनके साथ न होता तो इजरायल का कोई अस्तित्व नहीं होता। ट्रंप ने नेतन्याहू को 'क्रेजी' तक कह दिया है जो रिश्तों में भारी तनाव को साफ दिखाता है। यह पूरा मामला अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में एक बड़ा और बहुत ही अहम मोड़ ला सकता है। दोनों विश्व नेताओं के बीच किसी समय बहुत ही गहरी और मजबूत दोस्ती हुआ करती थी लेकिन अब हालात पूरी तरह से बदल गए हैं। ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा कि उन्होंने नेतन्याहू को बता दिया है कि लेबनान में उनके हालिया हमलों से अमेरिका खुश नहीं है। ये खतरनाक हमले वाशिंगटन और तेहरान के बीच होने वाली एक अहम शांति डील को भारी खतरे में डाल रहे हैं। यह महत्वपूर्ण शांति डील इसी शुक्रवार को जिनेवा में साइन होने वाली है जिस पर सबकी नजरें हैं।



**घरेलू दबाव और राजनीति का असर :** नेतन्याहू पर ट्रंप की नाराजगी के पीछे अमेरिका की घरेलू राजनीति भी एक बहुत बड़ी और मुख्य वजह मानी जा रही है। अमेरिका में युद्ध को पसंद करने वाले लोगों की संख्या तेजी से कम हो रही है और गैसोलीन के दाम बढ़ गए हैं। ट्रंप पर इस बात का भारी दबाव है कि वो जल्द से जल्द इस विनाशकारी युद्ध को पूरी तरह से खत्म करें। ट्रंप अब ईरान के साथ एक बहुत ही बड़ी शांति डील करने को पूरी तरह बेताब नजर आ रहे हैं।

**इजरायल को लेकर अमेरिका में राय :** अमेरिका में इजरायल के समर्थन को लेकर राजनीतिक दलों की पुरानी राय अब पूरी तरह से बंटी हुई नजर आ रही है। डेमोक्रेट्स इस युद्ध में फिलिस्तीनियों के साथ इजरायल के सख्त व्यवहार से बहुत ज्यादा नाराज हैं और कई सवाल उठा रहे हैं। वहीं रिपब्लिकन पार्टी के नेता भी यह पूछ रहे हैं कि इजरायल को समर्थन देना अब कितना जरूरी है। यहूदी डेमोक्रेटिक काउंसिल की हेली सोइफर ने ट्रंप की इस कूटनीतिक टिप्पणी को अत्यंत आपत्तिजनक और पूरी तरह से गलत कहा है। पूर्व सलाहकार एरॉन डेविड मिलर के अनुसार अगर नेतन्याहू इस डील के रास्ते में आते हैं तो ट्रंप उन पर भारी दबाव बनाएंगे। ट्रंप इस भयानक युद्ध से बाहर निकलना चाहते हैं और इसके लिए अपनी ताकत का इस्तेमाल करने को तैयार हैं। ट्रंप ने कहा कि बीबी के साथ उनका रिश्ता शानदार रहा है लेकिन अब उन्हें अधिक जिम्मेदार होना पड़ेगा। अगर नेतन्याहू अपनी जिद पर अड़े रहे तो अमेरिका और इजरायल के ऐतिहासिक रिश्तों में एक बहुत बड़ी दरार आ जाएगी।

## अल नीनो से निपटने शिवराज सिंह का किसानों के लिए नया प्लान

### इंटरक्रॉपिंग के साथ बदलेगा फसल पैटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अल नीनो के प्रभाव से निपटने के लिए देश भर में जिलेवार कटिंजेंसी प्लान बनाया जाएगा. इसके लिए रणनीति बनाने हर हफ्ते कृषि मंत्रालय बैठक करेगा. केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को देश भर में खरीफ की फसल की समीक्षा बैठक की. समीक्षा बैठक में शिवराज सिंह ने कहा कि देश के ऐसे जिलों में जहां कम बारिश या असामनता की आशंका दिखाई दे रही है, वहां पहले से ही पूरी तैयारी की जाए. इसके लिए राज्यों के साथ मिलकर फसलवार कंटिंजेंसी प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने साफ निर्देश दिया कि 'देश भर के जिन जिलों में अल नीनो इफेक्ट कर सकता है, जहां कम बारिश हो सकती है वहां पानी के संरक्षण, नमी प्रबंधन, इंटरक्रॉपिंग और वैकल्पिक फसल पैटर्न पर विशेष ध्यान दिया जाए. हर जोखिम वाले जिले के लिए अलग और व्यावहारिक रणनीति बनाई जाए. केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'जिन 9-10 राज्यों में अल नीनो का प्रभाव अपेक्षाकृत अधिक पड़ सकता है, वहां के चिन्हित जिलों के जिला अधिकारी, कृषि विभाग, केवीके और अन्य विस्तार तंत्र के साथ समन्वित बैठकें आयोजित की जाएं. इन बैठकों में जिला स्तर पर पूरी स्थिति स्पष्ट कर किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि हर किसान को यह पता रहे कि उसके क्षेत्र के लिए कौन-सी सावधानियां और कौन-से फसल विकल्प अधिक सुरक्षित हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने बताया, 'सरकार का प्रयास है कि दलहन के मामले में देश आत्मनिर्भर बने. अरहर, उड़द, मूंग जैसी दालों में आयात पर निर्भरता कम हो और निर्यात बढ़े. इसके लिए राज्यों के साथ मिलकर फसल चक्र, क्षेत्र विस्तार, बेहतर बीज उपलब्धता और तकनीकी मार्गदर्शन पर खास तरह से फोकस किया जा रहा है. किसान सुरक्षित आय के साथ दलहन उत्पादन बढ़ा सकें. बैठक में खरीफ 2026 के लिए फसलवार लक्ष्य, बुवाई की प्रगति और राज्यवार तैयारियों की समीक्षा करते हुए कपास उत्पादन बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। अल नीनो के प्रभाव से निपटने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने देश के सबसे संवेदनशील जिलों को चिह्नित कर विशेष कंटिंजेंसी प्लान तैयार किया है. इसके तहत 'खेत बचाओ अभियान' के माध्यम से किसानों को सूखे के लिए तैयार रहने, कम पानी वाली फसलों को उगाने और बीजों का पर्याप्त स्टॉक रखने की सुविधा दी गई है. यदि मानसून कमजोर रहता है और धान की फसल को खतरा होता है, तो किसानों को कम पानी में पकने वाली फसलें मक्का, बाजरा, रागी, और दलहन बोने की सलाह दी जा रही है. कृषि केंद्रों के माध्यम से कम समय में तैयार होने वाली किस्मों को वितरित किया जा रहा है।

## इमरान खान की बहन अलीमा खानम ने पीआईएमएस के इलाज पर उठाए गंभीर सवाल, मांगी स्वतंत्र जांच

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख इमरान खान की बहन अलीमा खानम ने जेल में बंद नेता की स्वतंत्र मेडिकल जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि खान को फिर से इस्लामाबाद के पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस) ले जाया गया था और कहा कि परिवार उनकी सेहत या आंखों की रोशनी के बारे में अस्पताल की ओर से जारी किसी भी मेडिकल रिपोर्ट को स्वीकार नहीं करेगा। एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में अलीमा ने कहा कि परिवार को खबर मिली थी कि खान को 15 जून की सुबह अदियाला जेल से पीआईएमएस ले जाया गया था, और उन्हें इस बात का पता उसी दिन सुबह बाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ चेयरमैन बैरिस्टर गोहर की सोशल मीडिया पोस्ट से चला। उन्होंने एक्स पर लिखा कि हमें खबर मिली है कि इमरान खान को 15 जून की सुबह फिर से पीआईएमएस ले जाया गया। हमें यह जानकारी 15 जून की सुबह बैरिस्टर गोहर के एक ट्वीट से मिली। अलीमा ने लिखा हम इमरान खान की हालत के बारे में पीआईएमएसकी ओर से जारी किसी भी मेडिकल रिपोर्ट को नहीं मानते।' उन्होंने आरोप लगाया कि संस्थान के पहले के दावों पर बाद में सवाल उठाए गए थे। उन्होंने पहले किए गए उन दावों का ज़िक्र किया जिनमें कहा गया था कि खान की 90 प्रतिशत नज़र वापस आ गई है; उन्होंने बताया कि जब बाद में उनके वकील ने अदियाला जेल में उनसे मुलाक़ात की, तो ख़ुद इमरान खान ने इस दावे को खारिज कर दिया था। खान के इलाज के आधिकारिक विवरण पर सवाल उठाते हुए अलीमा ने पूछा, 'इमरान खान को पांचवें इंजेक्शन की क्या ज़रूरत है? उन्होंने कहा कि परिवार सरकार के स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं है और मांग करता है कि क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान की जांच और इलाज इस्लामाबाद के शिफा इंटरनेशनल अस्पताल में स्वतंत्र, योग्य विशेषज्ञों द्वारा किया जाए। अलीमा की ये टिप्पणियां 73 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य, विशेष रूप से उनकी बिगड़ती दृष्टि को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आई हैं।

# सोशल मीडिया पोस्ट पर फंसे एमके स्टालिन

### विजय के मंत्री ने भेजा 1 करोड़ का लीगल नोटिस

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु की विजय सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री आधव अर्जुन ने पूर्व मुख्यमंत्री और डीएमके चीफ तमिलनाडु राज्य की राजनीति में हलचल मची हुई है। डीएमके के प्रमुख एमके स्टालिन के घर अब लीगल नोटिस आ गया है। विजय की टीवीके सरकार आने के बाद आए दिन एमके स्टालिन का विवादित बयान सामने आ रहा है।

ऐसे में टीवीके मंत्री के खिलाफ एक बयान अब उन्हीं पर भारी पड़ गया है। यह पूरा मामला 8 जून की एक सोशल मीडिया पोस्ट से जुड़ा है, जिस पर अब टीवीके मंत्री ने एक्शन ले लिया है। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर एमके स्टालिन ने दावा किया था मंत्री आधव अर्जुन का ड्रग तस्करों के साथ संबंध है।



**एमके स्टालिन ने लगाए आरोप :** दरअसल, उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा था कि, ईडी की एक प्रेस रिलीज के अनुसार, चेन्नई और रामनाथपुरम में जब्त किए गए 258 करोड़ रुपये के ड्रग तस्करी के मास्टरमाइड जॉन ब्रिटो, आधव अर्जुन के करीबी रिश्तेदार हैं। इस पोस्ट को लेकर अब एमके स्टालिन को लीगल नोटिस भेजा गया है।

इसमें ड्रग तस्करी के मास्टरमाइंड जॉन ब्रिटो को रिश्तेदार बताने के लिए उन्हें बिना शर्त माफी मांगने के लिए कहा गया है। इतना ही नहीं बल्कि हर्जाने के रूप में 1 करोड़ रुपये देने की मांग भी की गई है। मंत्री आधव अर्जुन ने एमके स्टालिन को 48 घंटे का समय देते हुए सार्वजनिक माफी मांगने को कहा है।

**सोशल मीडिया और टीवी पर प्रसारित करने की मांग :** साथ ही स्टालिन और डीएमके की आईटी विंग को भेजे गए इस नोटिस में आधव अर्जुन ने कहा कि माफी को सोशल मीडिया में शेयर करना होगा। साथ ही तमिल और अंग्रेजी अखबारों और टीवी चैनलों में प्रसारित भी करना होगा। आधव अर्जुन ने नोटिस में कहा कि अगर ऐसा नहीं किया तो वह उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई करेंगे। बता दें, कि 8 जून को एमके स्टालिन ने ईडी की प्रेस रिलीज के हवाले से चेन्नई और रामनाथपुरम में जब्त किए गए 258 करोड़ रुपये के ड्रग तस्करी के मास्टरमाइड जॉन ब्रिटो, आधव अर्जुन के करीबी रिश्तेदार होने का दावा किया था। इन दावों को आधव अर्जुन ने स्टालिन खारिज किया है। उनका दावा है कि जॉन ब्रिटो उनका करीबी रिश्तेदार नहीं है। मंत्री अर्जुन आधव ने दावा किया कि यह आरोप बिना किसी पड़ताल और सबूत के उन पर लगाया गया है।

## कट्टरपंथियों की धमकी के बाद रुका भगवान राम की मूर्ति का निर्माण कार्य

**ढाका, एजेंसी।** पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं के खिलाफ हिंसा और प्रताड़ना की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। शेख हसीना की सरकार हटने के बाद से वहां हालात और भी ज्यादा खराब हो गए हैं। अब ताजा मामला रंगपुर संभाग के पलाशबाड़ी इलाके से सामने आया है, जहां कट्टरपंथियों के दबाव में भगवान राम की एक निर्माणाधीन मूर्ति का काम रोक दिया गया है। मंदिर समिति ने जानकारी दी है कि उन्हें कट्टरपंथी संगठनों से लगातार धमकियां मिल रही थीं। इन संगठनों ने चेतावनी दी थी कि वे मूर्ति को ध्वस्त कर देंगे और इलाके में हिंसा फैलाएंगे। क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए मंदिर प्रबंधन ने फिलहाल निर्माण कार्य को स्थगित करने का फैसला किया है। मंदिर समिति के एक सदस्य ने मीडिया को बताया कि समाज और देश के हित को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर जरूरत महसूस हुई, तो वे सभी पक्षों को बुलाएंगे और उनके सुझाव लेने के बाद ही काम को दोबारा शुरू करने पर विचार करेंगे।



**कैस शुरू हुआ विवाद :** यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब 'इंसाफ कायमकारी छात्र श्रमिक जनता' नाम के एक कट्टरपंथी संगठन से जुड़े उपदेशक ने इस मूर्ति को लेकर धमकी दी। सोशल मीडिया पर वायरल हुए बयानों में इस उपदेशक ने मांग की कि पलाशबाड़ी में बन रही भगवान राम की मूर्ति को बुलडोजर से तोड़ देना चाहिए। उसने प्रशासन को अल्टीमेटम दिया कि अगर सरकार ने इसे नहीं हटाया, तो आम लोग खुद इसे तोड़ देंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस कट्टरपंथी उपदेशक ने न केवल मूर्ति को निशाना बनाया, बल्कि कई भड़काऊ भाषण भी दिए। उसने भारत और दक्षिण एशियाई देशों के बीच क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर भी आपत्तिजनक बातें कहीं। उसकी इन बातों से इलाके में तनाव काफी बढ़ गया, जिसे देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने निर्माण कार्य रोकने का फैसला किया। बता दें कि बांग्लादेश में हालिया राजनीतिक संकट के बाद से ही अल्पसंख्यक हिंदू समाज लगातार उपद्रवियों के निशाने पर है। वहां हुई हिंसा में कई हिंदुओं की जान जा चुकी है, जबकि उनके घरों, दुकानों और धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ व नुकसान पहुंचाया गया है। इन हिंसक घटनाओं के कारण वहां रहने वाले अल्पसंख्यक समुदाय में डर और असुरक्षा का माहौल है।

## अमेरिका में नौकरी और एच-1बी वीजा के बदले 94 लाख रुपये मांगने का आरोप




**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के टेक्सास में एक भारतीय कर्मचारी ने अपने मालिक के खिलाफ अदालत में केस दर्ज किया है। ऋषिकेश राज मीसाला नाम के इस कर्मचारी ने आरोप लगाया है कि उसके मालिक ने नौकरी और वीजा बचाने के बदले उससे करीब 94 लाख रुपये (एक लाख डॉलर) की मांग की। ऋषिकेश का कहना है कि उनके भारतीय-अमेरिकी मालिक साई जितेंद्र कलागरा ने उन पर पैसे देने के लिए भारी दबाव बनाया।

शिकायत के मुताबिक, जब ऋषिकेश ने इन पैसों को लेकर सवाल उठाए, तो उन्हें डराया गया। मालिक ने धमकी दी कि वह उनकी शिकायत अमेरिकी इमिग्रेशन विभागसे कर देगा। इतना ही नहीं, ऋषिकेश ने यह भी आरोप लगाया कि उनके पिता को भी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई। हालांकि, अभी तक अदालत में ये आरोप साबित नहीं हुए हैं। ऋषिकेश साल 2023 में अपनी मास्टर डिग्री पूरी करने के बाद छात्र वीजा पर अमेरिका आए थे। बाद में उन्हें एक ऐसी कंपनी में नौकरी मिली जो एच-1बी वीजा देती है। यह वीजा अमेरिकी कंपनियों को विदेशी पेशेवरों को काम पर रखने की अनुमति देता है। ऋषिकेश को उम्मीद थी कि इस नौकरी से उन्हें अमेरिका में पक्की नागरिकता मिल जाएगी। लेकिन कंपनी में शामिल होने के बाद उन्हें बेंच पर रख दिया गया। इसका मतलब है कि कर्मचारी के पास कोई सक्रिय प्रोजेक्ट नहीं है। केस के अनुसार, काम न होने के बावजूद ऋषिकेश से मोटी रकम मांगी गई ताकि कागजों पर उनकी नौकरी चलती रहे और उनका एच-1बी वीजा सुरक्षित रहे। आरोप है कि कंपनी ने ऋषिकेश के वेतन से जुड़े दस्तावेज भी रोक लिए। ये दस्तावेज नौकरी बदलने या वीजा रिन्यू कराने के लिए बहुत जरूरी होते हैं। ऋषिकेश ने बताया कि वीजा खोने के डर से उन्होंने लगभग 8,800 डॉलर नकद भी दिए थे। अब ऋषिकेश की कानूनी टीम ने कंपनी पर मानव तस्करी और जबरन मजदूरी जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि कंपनी को ऋषिकेश के रुके हुए वेतन और जबरन लिए गए पैसों के बदले करीब 97,248 डॉलर चुकाने चाहिए। यह मामला ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में एच-1बी वीजा को लेकर काफी चर्चा हो रही है। भारत के लोग इस वीजा का सबसे ज्यादा फायदा उठाते हैं। साल 2024 के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में मंजूर होने वाले कुल एच-1बी वीजा में से 71 प्रतिशत भारतीय नागरिकों को मिले हैं।

## अब आम जनता भी पूछ सकेगी सदन में सवाल ! केरल विस में ऐतिहासिक पहल पर चर्चा

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल विधानसभा में लोकतांत्रिक भागीदारी को नया आयाम देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा सकता है। विधानसभा अध्यक्ष थिरुवनचूर राधाकृष्णन ने संकेत दिया है कि आम नागरिकों को भी सदन में सवाल पूछने का अवसर देने की संभावना पर विचार किया जा रहा है। उनका मानना है कि विधानसभा केवल निर्वाचित जनप्रतिनिधियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन नागरिकों को भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर मिलना चाहिए जो अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। प्रेस क्लब इंस्टीट्यूट ऑफ जर्नलिज्म में एक वॉयस एक्टिंग कोर्स और स्टूडियो कॉम्पलेक्स के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा में सार्वजनिक भागीदारी को मजबूत करने के लिए कुछ ऐतिहासिक फैसलों पर विचार किया जा रहा है। यदि यह व्यवस्था लागू होती है तो जनता और विधानसभा के बीच संवाद का स्वरूप बदल सकता है और नागरिकों की लोकतांत्रिक भागीदारी पहले से अधिक मजबूत हो सकती है। थिरुवनचूर राधाकृष्णन ने कहा, 'जैसे कुछ विदेशी विधायिकाओं में होता है, वैसे ही जनता को भी सवाल पूछने का अवसर मिलना चाहिए।' उन्होंने कहा कि किसी भी व्यवस्था को अंतिम रूप देने से पहले विशेषज्ञों से चर्चा की जाएगी। स्पीकर ने कहा कि केरल विधानसभा को जनता के लिए अधिक सुलभ और जुड़ा हुआ बनाने के लिए कई पहलें की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 138 साल पुरानी यह संस्था बदलती लोकतांत्रिक जरूरतों के अनुसार लगातार विकसित होनी चाहिए। यह प्रस्ताव विधायी कार्यप्रणाली को आधुनिक बनाने और नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के और करीब लाने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। यदि यह लागू होता है, तो यह राज्य की सर्वोच्च विधायी संस्था और जनता के बीच संवाद के तरीके में बड़ा बदलाव ला सकता है। स्पीकर के इस बयान के बाद विधायी मामलों में चुनाव के बाद भी नागरिक भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा शुरू हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक पहुंच को बढ़ाने के प्रयासों के तहत विधानसभा अपनी पुस्तकों और दस्तावेजों के संग्रह को ऑडियोबुक में बदलने की संभावना भी तलाश रही है। केरल विधानसभा में 140 सदस्य हैं, इसमें से 71 नए विधायकों के लिए बुधवार को दो दिन का ओरिएंटेशन कोर्स भी शुरू होगा, ताकि उन्हें सदन की कार्यप्रणाली से परिचित कराया जा सके। हाल के समय में इतनी बड़ी संख्या में पहली बार चुने गए विधायकों का होना एक तरह का रिकॉर्ड माना जा रहा है।



# नॉर्वे ने इराक को 4-1 से हराया, हालैंड बने जीत के नायक



**बोस्टन ।** नॉर्वे ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आगाज धमाकेदार जीत के साथ किया है। बोस्टन स्टेडियम में ग्रुप आई के मुकाबले में नॉर्वे ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इराक को 4-1 से हराया। नॉर्वे की तरफ से फीफा विश्व कप में अपना डेब्यू कर रहे एर्लिंग हालैंड ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो गोल किए, जबकि लियो ओस्टिगार्ड ने भी एक गोल दागा। यह मुकाबला इसलिए भी खास था, क्योंकि नॉर्वे और इराक दोनों ही लंबे समय बाद विश्व फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर लौटे थे। मैच की शुरुआत से ही नॉर्वे ने आक्रामक खेल दिखाया। 14वें मिनट में गोलकीपर ओरजान नाइलैंड की शुरुआत किए गए मूव पर डेविड मोलर वोल्फ ने बाएं छोर से शानदार क्रॉस दिया, जिसे हालैंड ने गोल में बदलकर नॉर्वे को 1-0 की बढ़त दिला दी। इस मैच में 35 साल और 279 दिन की उम्र में नाइलैंड नॉर्वे के लिए विश्व कप खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बन गए। इराक ने भी मैच में जल्द ही वापसी की और दस मिनट बाद ही इस टूर्नामेंट का अपना पहला गोल दागा। टीम के अनुभवी फॉरवर्ड खिलाड़ी आयमन हुसैन विश्व कप में गोल करने वाले महज दूसरे इराकी खिलाड़ी बने। आमिर अल-अम्मारी के बेहतरीन क्रॉस पर शानदार हेडर मारते हुए आयमन ने गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचाया। हालांकि, हाफ टाइम से पहले हालैंड ने फिर कमाल दिखाया। इराकी डिफेंडर जैद तहसीन और गोलकीपर जलाल हसन के बीच हुई गड़बड़ी का फायदा उठाकर हालैंड ने मैच में अपना दूसरा गोल किया और नॉर्वे को 2-1 की बढ़त दिला दी।

# अगर घरेलू क्रिकेट नहीं तो सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट भी नहीं

## पीसीबी ने पेश किया नया फॉर्मूला

**लाहौर।** अगर पाकिस्तानी क्रिकेटर्स घरेलू टूर्नामेंट्स में हिस्सा नहीं लेते, तो उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट नहीं दिया जाएगा। खुद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने यह चेतावनी दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पीसीबी ने सालाना पेमेंट के लिए एक नया और बड़े बदलाव वाला फॉर्मूला पेश किया है। 'टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट' की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2026 के लिए नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट मॉडल में पारंपरिक ए, बी, सी, डी कैटेगरी की जगह पांच फॉर्मेट-आधारित ट्रैक लाए गए हैं। बोर्ड का दावा है कि क्रिकेट में यह अपनी तरह का पहली संरचना है। टॉप फॉर्मेट, जिसका नाम 'ट्रैक एबी' रखा गया है, उन




खिलाड़ियों के लिए होगा जो टेस्ट और वनडे खेलते हैं। 'ट्रैक ए' खास तौर पर टेस्ट खेलने वाले क्रिकेटर्स के लिए होगा। इसी तरह, 'ट्रैक बीसी' व्हाइट-बॉल स्पेशलिस्ट (वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय) के लिए होगा, जबकि 'ट्रैक सी' टी20 अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी स्पेशलिस्ट के लिए होगा। हाई परफॉर्मेंस एकेडमी में ट्रेनिंग लेने वाले खिलाड़ियों को 'ट्रैक डी' कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा। हाल ही में पाकिस्तान का टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन खराब रहा है, जिसके बाद पूर्व खिलाड़ियों ने पीसीबी को सुझाव दिया कि खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट, खासकर फर्स्ट-क्लास चार-दिवसीय मुकाबलों में खेलना अनिवार्य किया जाए, क्योंकि इससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी।

# गिल-ईशान के शतकों से भारत ने अफगानिस्तान को 170 रन से रौंदकर सीरीज पर जमाया कब्जा

एजेंसी

**लखनऊ।** कप्तान शुभमन गिल और ईशान किशन की शानदार शतकीय पारियों तथा गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने दूसरे वनडे में अफगानिस्तान को 170 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला अपने नाम कर ली। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 50 ओवर में विशाल 402 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय पारी की सबसे बड़ी खासियत कप्तान शुभमन गिल और ईशान किशन के बीच तीसरे विकेट के लिए हुई 224 रन की साझेदारी रही। गिल ने 154 रन की कप्तानी पारी खेली, जबकि ईशान किशन ने 125 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। 403 रन के कठिन लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरूआत अच्छी नहीं रही। नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से टीम कभी भी लक्ष्य के करीब नहीं पहुंच सकी। रहमत शाह ने संघर्ष करते हुए 79 रन बनाए, लेकिन दूसरे बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सके। अफगानिस्तान की पूरी टीम 44.3 ओवर में 232 रन पर सिमट गई। दारविश रसूली चोटिल होने के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए और दोबारा बल्लेबाजी के लिए मैदान पर नहीं लौट सके। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में अर्शदीप सिंह और गुरनूर बरार सबसे सफल रहे। दोनों ने तीन-तीन विकेट झटककर अफगान बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। अन्य गेंदबाजों ने भी सटीक लाइन और लेंथ से दबाव बनाए रखा। अफगानिस्तान की ओर से नांगेलिया खरोटे ने चार विकेट और राशिद खान ने तीन विकेट हासिल किए, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों द्वारा बनाए गए विशाल स्कोर के सामने यह प्रदर्शन नाकाफी साबित हुआ। इससे पहले, भारत ने धर्मशाला में खेले गए पहले वनडे में अफगानिस्तान को सात विकेट से हराया था। अब दोनों टीमों के बीच श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मुकाबला 20 जून को चेन्नई में खेला जाएगा, जहां भारतीय टीम क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी।



# एमबाप्पे का कमाल, मेसी का तोड़ा रिकॉर्ड

**कैनसस सिटी (एजेंसी)** । फ्रांस के स्टार खिलाड़ी काइलियन एमबाप्पे ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के पहले ही मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। एमबाप्पे ने दो गोल करते हुए फ्रांस को सेनेगल के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 3-1 से जीत दिलाई। एमबाप्पे ने लियोनेल मेसी को भी खास मामले में पीछे छोड़ दिया है। काइलियन एमबाप्पे फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। एमबाप्पे इस मेगा इवेंट में अब तक 15 मुकाबलों में 14 गोल कर चुके हैं। एमबाप्पे ने मेसी को पीछे छोड़ दिया है। अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी ने विश्व कप में खेले 26 मुकाबलों में 13 गोल किए हैं। इसके साथ ही एमबाप्पे फीफा वर्ल्ड कप में फ्रांस की तरफ से सबसे ज्यादा गोल दागने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। फीफा वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड जर्मनी के पूर्व खिलाड़ी मिरोस्लाव क्लोज के नाम दर्ज है, जिन्होंने कुल 24 मुकाबलों में 16 गोल किए हैं। वहीं, इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर ब्राजील के स्टार फुटबॉलर रहे रोनाल्डो का नाम है। रोनाल्डो ने 19 मुकाबलों में 15 गोल किए हैं। सेनेगल के खिलाफ किए गए दमदार प्रदर्शन को अगर एमबाप्पे पूरे विश्व कप में कायम रखने में सफल रहे, तो वह इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं।



## अभियान की शुरुआत से पहले इंग्लिश टीम में बदलाव, लिवरामेंटो की जगह चालोबाह शामिल

**लंदन।** इंग्लैंड की टीम 17 जून की देर रात (भारतीय समय के अनुसार) क्रोएशिया के खिलाफ मुकाबले के साथ फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस मैच से ठीक पहले इंग्लिश खेमे में बदलाव हुआ है। इंग्लैंड के फुल-बैक टीनो लिवरामेंटो चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। हैरी केन की कप्तानी वाली टीम ने उनकी जगह ट्रेवोह चालोबाह को शामिल करने की घोषणा की है। रविवार को 23 वर्षीय लिवरामेंटो ट्रेनिंग सेशन के दौरान चोटिल हो गए थे। इंग्लैंड फुटबॉल ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'टीनो लिवरामेंटो के चोट के कारण हटने के बाद ट्रेवोह चालोबाह को फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए इंग्लैंड की 26-सदस्यीय टीम में बुलाया गया है। अब चेल्सी के इस डिफेंडर के लिए कैनसस सिटी में टीम के बेस कैंप तक यात्रा करने की व्यवस्था की जा रही है, जबकि बाकी टीम बुधवार को क्रोएशिया के खिलाफ 'थ्री लायंस' (इंग्लैंड टीम) के शुरुआती ग्रुप मैच के लिए डलास, टेक्सास जाएगी।' बयान में आगे कहा गया, 'फीफा के नियम हिस्सा लेने वाली टीमों को अपने शुरुआती मैच से 24 घंटे पहले तक किसी आउटफील्ड खिलाड़ी को बदलने की अनुमति देते हैं। न्यूकैसल यूनाइटेड के डिफेंडर लिवरामेंटो को रविवार दोपहर ट्रेनिंग के दौरान पिंडली में चोट लग गई थी। इसके बाद सोमवार को हुए स्कैन और मेडिकल जांच से दुर्भाग्य से पुष्टि हुई कि वह इंग्लैंड के टूर्नामेंट में आगे कोई भूमिका नहीं निभा पाएंगे। डिफेंस में दोनों तरफ खेलने वाले टीनो लिवरामेंटो जांघ की चोट के कारण टूर्नामेंट में पूरी तरह मैच-फिट नहीं थे। वह फ्लोरिडा में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले के दूसरे हाफ में खेले थे, लेकिन कोस्टा रिका के विरुद्ध टीम के आखिरी वर्ल्ड कप वार्म-अप मैच के दौरान बेंच पर ही रहे।



## मेसी का ऐतिहासिक धमाका, 39 की उम्र में दागी विश्व कप हैट्रिक

**कैनसस सिटी।** क्या लियोनेल मेस्सी पर उम्र का कोई असर नहीं होता? यह सवाल आज पूरी दुनिया के फुटबॉल प्रेमी पूछ रहे हैं। विश्व कप के एक मुकाबले में गत चैंपियन अर्जेंटीना ने अल्जीरिया को 3-0 से मात देकर एक आसान और एकतरफा जीत दर्ज की है। लेकिन इस मैच की पूरी लाइमलाइट अर्जेंटीना के कप्तान और फुटबॉल के जादूगर लियोनेल मेस्सी ने लूट ली, जिन्होंने खेल के मैदान पर एक नया इतिहास रचते हुए रिकॉर्ड तोड़ हैट्रिक जमाई है। 39 की उम्र में मेस्सी का 'अविश्वसनीय' कारनामा फुटबॉल विश्लेषक डैनियल गुफ़िंकेल ने मेस्सी के इस प्रदर्शन पर हैरत जताते हुए कहा, 'क्या मेस्सी बढ़ती उम्र के सिद्धांत को नहीं समझते? विश्व कप में हैट्रिक लगाना अपने आप में बेहद प्रभावशाली है, लेकिन जब आप लगभग 39 वर्ष के हों और तब ऐसा कारनामा करें, तो यह पूरी तरह से अविश्वसनीय और पागलपन जैसा है।' आलोचकों द्वारा अक्सर यह सवाल उठाया जाता रहा है कि क्या मेस्सी अब बूढ़े हो चुके हैं? क्या 2022 में विश्व कप की 'प्रॉमिस्ड लैंड' (ख्वाबों की दुनिया) तक पहुँचने और खिताब जीतने के बाद वे सुस्त या आत्मसंतुष्ट हो गए हैं? लेकिन अल्जीरिया के खिलाफ मैदान पर मेस्सी ने अपनी जादुई हैट्रिक से यह साफ कर दिया कि उनके खेल में अभी भी वही पुराना धार और भूख बाकी है।

# हमारे पास इस बार फीफा वर्ल्ड कप जीतने का सबसे अच्छा मौका : हैरी केन

**आर्लिंगटन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन का मानना है कि फीफा वर्ल्ड कप 2026 में टीम के पास ट्रॉफी को अपने नाम करने का सुनहरा मौका होगा। बायर्न म्यूनिख के लिए 51 मुकाबलों में 61 गोल करने वाले शानदार सीजन के बाद स्ट्राइकर को भरोसा है कि वह अपने करियर की सबसे अच्छी फॉर्म को जारी रखने और इंग्लैंड को टूर्नामेंट में आगे तक ले जाने के लिए पहले से कहीं ज्यादा तैयार हैं। इंग्लैंड फीफा विश्व कप में अपने अभियान का आगाज क्रोएशिया के खिलाफ गुरुवार को करेगा। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बात करते हुए 32 साल के खिलाड़ी ने कहा, 'मैं निजी तौर पर कहूंगा कि यह मानसिक और शारीरिक तौर पर मेरा अब तक का सबसे अच्छा सीजन है। मेरे लिए सीजन का अंत बहुत अच्छा रहा। शारीरिक तौर पर मैं खुद को बहुत अच्छी शेप में महसूस कर रहा हूं।' 'अपने करियर के लिए आपको बहुत सी चीजों की जरूरत होती है जो आपके हिसाब से हों और सही समय पर सही जगह पर हों और मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट के लिए ऐसा ही हुआ है। मेरे हिसाब से एक टीम के तौर पर हमारे पास फीफा वर्ल्ड कप जीतने का सबसे अच्छा मौका होगा। मुझे लगता है कि हर कोई अच्छी शुरुआत करने और यह साबित करने के लिए बेताब है कि हमारे पास इस टूर्नामेंट में आगे तक जाने की काबिलियत है।



# निलाक्षिका-कौशानी की तूफानी पारी

## ● महिला टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रीलंका की 5 विकेट से जीत

**उथेम्प्टन (एजेंसी)।** श्रीलंका ने  द रोज बाउल में खेले गए विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 7वें मैच में न्यूजीलैंड के विरुद्ध 5 विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ 'ग्रुप-बी' में मौजूद श्रीलंका ने जीत का खाता खोल लिया है, जबकि न्यूजीलैंड को लगातार दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खोकर 150 रन बनाए। इस टीम को महज 4 रन पर इसाबेल गेज (4) के रूप में पहला झटका लगा गया था। यहां से कप्तान अमेलिया केर ने जॉर्जिया प्लिम्मर के साथ दूसरे विकेट के लिए 46 गेंदों में 49 रन जोड़कर पारी को संभाला। प्लिम्मर 22 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुईं, जिसके बाद केर ने सोफी डिवाइन के साथ तीसरे विकेट के लिए 26 गेंदों में 43 रन जुटाए। केर ने 36 गेंदों में 45 रन बनाए। उनकी इस पारी में 5 चौके शामिल रहे। इसके बाद सोफी डिवाइन ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 30 गेंदों में 5 बाउंड्री के साथ 45 रन जुटाए, जबकि मैडी ग्रीन 18 रन बनाकर नाबाद रहीं। विपक्षी खेमे से काशवी दिलहारी ने 2 हासिल किए, जबकि मिताली अयोध्या, सुगंधिका कुमारी, चामरी अट्टापट्टू और निमाशा मीपेज को 1-1 विकेट हाथ लगा।

इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम ने 19.4 ओवर में मुकाबला अपने नाम कर लिया। कप्तान चामरी अट्टापट्टू ने विश्मी गुणारत्ने (17) के साथ 5.5 ओवरों में 45 रन की साझेदारी की। अट्टापट्टू 19 गेंदों में




1 छक्के और 4 चौकों के साथ 27 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। आलम ये रहा कि 8.3 ओवरों में 55 के स्कोर तक श्रीलंका ने अपने 4 विकेट खो दिए थे। यहां से काशवी दिलहारी ने निलाक्षिका सिल्वा के साथ 39 गेंदों में 49 रन जुटाए। काशवी टीम के खाते में 17 रन का योगदान देकर पवेलियन लौटीं, जिसके बाद निलाक्षिका ने कौशानी नुथ्यंगना के साथ 28 गेंदों में 48 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को रोमांचक जीत दिलाई। न्यूजीलैंड की तरफ से नेंसी पटेल ने 23 रन देकर 2 विकेट निकाले, जबकि ब्री इलिंग को 1 विकेट हाथ लगा।



## दांबुला में भारत-ए और श्रीलंका-ए के खिलाड़ियों के बीच धक्का-मुक्की

# श्रीलंका क्रिकेट ने की कार्रवाई : रिपोर्ट

**दांबुला।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने दांबुला में इंडिया 'ए' और श्रीलंका 'ए' के बीच ट्राई-सीरीज के तनावपूर्ण मैच में शामिल खिलाड़ियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैच रेफरी प्रदीप जयप्रकाश ने इस विवादित मुकाबले के बाद कार्रवाई की है। उल्लेखनीय है कि रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए इस मैच में दोनों टीमों का स्कोर 265-265 से बराबर रहने के बाद खेल सुपर ओवर में पहुंचा, जहां श्रीलंका 'ए' ने जीत हासिल की, लेकिन मुकाबला खत्म होने के बाद भारत के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और श्रीलंका 'ए' के विशन हलमबेज के बीच तीखी बहस हुई और मामला धक्का-मुक्की तक पहुंच गया। 'क्रिकबज' के अनुसार, श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज और मैच रेफरी जयप्रकाश की तरफ से लगाए गए प्रतिबंधों में विशेन हलंबागे मुख्य रूप से शामिल हैं।

हालांकि, श्रीलंका 'ए' के विकेटकीपर निरोशन डिकवेला पर भी जुर्माना लगाया गया है, जो हलमबेज और सूर्यवंशी के बीच झगड़े को शांत करवाने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, डिकवेला पर एक अलग नियम तोड़ने के लिए जुर्माना लगाया गया। विकेटकीपर की ओर से तोड़े गए नियम के बारे में साफतौर पर नहीं बताया गया है, लेकिन क्रिकबज के अनुसार, संभवतः यह जुर्माना बहुत ज्यादा अपील करने की वजह से हो सकता है। फिलहाल यह पुष्टि नहीं हुई है कि वैभव सूर्यवंशी पर कोई कार्रवाई हुई है या नहीं?इस मामले में कोई आधिकारिक सुनवाई नहीं हुई। श्रीलंका 'ए' के सूत्रों ने क्रिकबज को बताया कि उन्हें लगता है कि मैच रेफरी जयप्रकाश ने सिर्फ मैदान पर मौजूद अंपायर्स की रिपोर्ट के आधार पर ये जुर्मना लगाया है। भारत, श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच जारी ट्राई-सीरीज में मेजबान टीम शीर्ष पर है, जिसने 3 में से 2 मैच जीते हैं। वहीं, भारतीय टीम 3 में से 1 मुकाबला जीतकर दूसरे स्थान पर है। अफगानिस्तान ने 2 में से 1 मैच जीता है। यह टीम तीसरे पायदान पर है।

# डालसा कर ओरमांझी कर चकला पंचायत में विधिक जागरुकता कार्जकरम

**प्रोजेक्ट निरोगी भवः उपरे करल गेलक फोकस**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** डालसा रांची जिला कर ओरमांझी परखंड कर चकला पंचायत कर डरदाग गांव में 17 जून के विधिक जागरुकता कार्जकरम कर आयोजन करलक। ई अवसर में डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, सदस्य एलएडीसी सौरभ पाण्डे, पीएलवी आशीष बैठा, किरण कुमारी, रामजीत महतो, दीपक गंझू, शिला तिग्गा, संतोष कुमार, जगमोहन मुंडा, चालक राजा वर्मा संगे आउर अदमीमन भी पहुंचल रहयं। डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा झालसा द्वारा संचालित जोजना निरोगी भवः कर बारे में जानकारी देलयं। ऊ कहलयं कि प्रोजेक्ट निरोगी भवः मुध रूप से झालसा द्वारा राइज कर नागरिकमन के बेहतर स्वास्थ्य सुबिधा प्रदान करेक, भूख के कम करेक आउर कुपोसन से बचायेक कर उद्देस से सुरू करल गेल एगो महतपू कल्यानकारी प्रोजेक्ट आहे। एलएडीसी सदस्य सौरभ कुमार पांडे कहलयं कि इकर तहत चिन्हित लाभार्थिमन के सूचीबद्ध सरकारी आउर निजी अस्पताल में एकदम कैसलेस आउर मुफ्त इलाज कर सुबिधा प्रदान करल जायेला। ई प्रोजेक्ट कर तहत अस्पताल में भर्ती होवेक से लेइ के दवाइ, डायग्नोस्टिक्स (जांच), डॉक्टर कर फीस आउर आईसीयू तक कर खर्च सामिल आहे।

मौकम इ ग्रामीनमन के निःसुल्क कानूनी सहायता डालसा, रांची कर प्रावधान कर बारे आउर प्री-लिटिगेशन, लोक अदालत, रास्ट्रीय लोक अदालत कर बारे में जानकारी देल गेलक। उपस्थित पीएलवी कर काम कर बारे में ग्रामीनमन के बताल गेलक। इनकर कार्यस्थल थाना, परखंड, पंचायत आदि ठांव में आहे। डालसा कर कार्जरत पीएलवी 12 सितंबर के आयोजित होवेक वाला रास्ट्रीय लोक अदालत कर भी जानकारी देलयं। अंत में पीएलवी कर द्वारा पम्पलेट आउर लिफलेट भी बांटल गेलक।










# सड़क सुरछा जागरुकता ले निकलाल गेलक बाइक रैली

## यातायात नियम कर पालन कइर के देल गेलक संदेस, डीटीओ हरीयर झंडी देखाय के रैली के करलयं रवाना



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**पलामू।** सड़क दुर्घटना में कमी आनेक आउर आमजन के यातायात नियम कर प्रति जागरूक करेक कर उद्देस से बुधवार के सड़क सुरछा जागरुकता बाइक रैली कर आयोजन करल गेलक। जिला परिवहन कार्यालय कर तत्वावधान में आयोजित ई रैली के जिला परिवहन पदाधिकारी प्रमोद कुमार जीएलए कॉलेज परिसर से हरीयर झंडी देखाय के रवाना करलयं। ई बाइक रैली ह्यसड़क सुरक्षा जीवन रक्षा एवं यातायात नियम अपनायें, सुरक्षित झारखंड बनायेंह्व अभियान कर तहत आयोजित करल गेलक। रैली कर उद्देस जनता के सड़क सुरछा कर प्रति जागरूक करेक आउर सुरछित आउर जिम्मेदार वाहन संचालन ले प्रेरित करेक रहे। ई अवसर में जिला परिवहन पदाधिकारी प्रमोद कुमार कहलयं कि सड़क दुर्घटना कर सउबसे बड़ कारन यातायात नियम कर अनदेखी आहे। जदि हरेक अदमी डहर में वाहन चलायेक बेरा निर्धारित नियम कर पालन करयं तो बेसी से बेसी दुर्घटना के रोकल जाए सकेला। ऊ कहलयं कि सड़क सुरक्षा खली सरकारी बिभाग कर जिम्मेदारी नखे, बलकि हरेक नागरिक कर नैतिक दायित्व आहे। ऊ दूपहिया वाहन चालक से हमेसा हेलमेट पिंधेक आउर चारपहिया वाहन चालक से सीट बेल्ट कर अनिवार्य रूप से उपजोग करेक कर अपील करलयं। संगे वाहन चलायेक बेरा मोबाइल फोन कर प्रयोग से बचेक, नसा कर हालत में वाहन नी चलायेक, निर्धारित गति सीमा कर पालन करेक, गलत दिसा में वाहन नी चलायेक आउर ट्रैफिक संकेत कर सम्मान करेक कर सलाह देलयं।

रैली कर दौरान प्रतिभागीमन सड़क सुरछा से संबंधित संदेस लिखल तख्ती आउर बैनर लेइ के सउब के जागरूक करलयं। रैली जीएलए कॉलेज से सुरु होए के रेडमा, बैरिया, बस स्टैंड, छह मुहान, सादिक चौक आउर 2 नंबर टाउन संगे बिभिन्न मुध डहर से होते गुजरलक। डहर में आम नागरिक, वाहन चालक, बिद्यार्थीमन आउर जुवामन के सड़क सुरछा नियम कर पालन ले प्रेरित करल गेलक। कार्जकरम कर दौरान सड़क सुरक्षा से जुड़ल बिभिन्न महतपूर्न बिसय उपरे भी जानकारी साझा करल गेलक। सउब के बताल गेलक कि हेलमेट खली कानूनी बाध्यता नई, मुदा जिनगी रछा कर सउबसे परभावी साधन आहे। एहे लखे सीट बेल्ट दुर्घटना कर इस्थिति में गंभीर चोट से बचायेक में महतपूर्न भूमिका निभायेला। ड्रिंक एंड ड्राइव, ओवरस्पीडिंग, स्टंटबाजी आउर लापरवाही से वाहन संचालन के सड़क दुर्घटना कर मुध कारन बताते इकर से बचेक कर आह्वान करल गेलक। ई अवसर में रोड सेफ्टी मैनेजर विनीत कुमार संगे सड़क सुरछा सेल कर अन्य सदस्य पहुंचल रहयं।









# एसआइआर कर नाव में साजिस कर तहत भोट काटल जात हे : बिनोद पांडेय

**झामुमो कर बूथ स्तरीय कार्जकर्त्ता सम्मेलन में जुटलयं हजारों कार्जकर्त्ता**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**खूंटी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा खूंटी जिला कर बूथ स्तरीय कार्जकर्ता सम्मेलन बुधवार के नगर भवन में जिलाध्यछ जुबैर अहमद कर अध्यछता में भेलक। इकर में बतौर मुध गोतिया पार्टी कर केंद्रीय महासचिव सह केंद्रीय प्रवक्ता बिनोद कुमार पांडेय पहुंचल रहयं। ई अवसर में ऊ कहलयं कि एसआइआर कर नाव में बेवजह मतदाता कर नाव मतदाता सूची से काटल जात हे। हाल हे में अइसन एसआइआर बिहार में भेलक। पश्चिम बंगाल में भी चुनाव कर पूर्व एसआइआर कर तहत लाखों मतदाता कर नाव सूची से हटाय देल गेलक। इकर परिनाम सउब कर सामने आहे। ई मामला में केंद्र सरकार आउर चुनाव आयोग कर नियत साफ नखे। श्री पांडेय कहलयं कि मतदाता सूची से नाव हटेक अदमीमन लोकतान्त्रिक आउर आपन संवैधानिक अधिकार से वंचित होए जाबयं। जनता के जोजना कर लाभ मिलेक बंद होए जाई। सउब बीएलए एसआइआर के गंभीरता से लेवयं। बेवजह केऊ मतदाता कर नाव सूची से नई हटे, ई सुनिश्चित करयं।





सम्मेलन में तमाड़ बिधायक विकास मुंडा कहलयं कि एसआइआर के गंभीरता से लेवेक कर जरूरत आहे। कार्जकर्त्ता जे लखे चुनाव में सक्रिय रहयंना, ओहे लखे एसआइआर के लेइ भी सक्रिय रहयं। बिधायक सुदीप गुड़िया कहलयं कि एसआइआर कर तहत मतदाता सूची से मतदाता कर नाव हटाय के सउब ककर नागरिकता छीनेक कर प्रयास होवत हे। मतदाता सूची से नाव हटेक से अदमीमन आपन अधिकार से वंचित होए जाबयं। रामसूर्या मुंडा कहलयं कि केऊ भी मतदाता कर नाव सूची से नाम कटे इकर ले कार्जकर्ता काम करयं। कार्जकरम कर पहिले बिनोद पांडेय जिलाध्यछ जुबैर अहमद, बिधायक सुदीप गुड़िया आउर रामसूर्या मुंडा आउर झामुमो कार्जकर्तामन कर संगे खूंटी कचहरी मैदान कर भगवान बिरसा मुंडा, तमाड़ रोड कर जयपाल सिंह मुंडा, सरदार भगत सिंह आउर नेताजी सुभाष चंद्र बोस कर प्रतिमा उपरे माल्यार्पन करलयं। सम्मेलन में एसआइआर के लेइ के पार्टी कर बिसेसज्ञ टीम द्वारा ऑडियो विजुअल कर माध्यम से परसिछ्न देल गेलक। सम्मेलन कर संचालन शंकर सिंह मुंडा करलयं। इकर पहिले सोवागत करते जिलाध्यछ जुबैर अहमद कहलयं कि मुध गोतिया कर संवाद से कार्जकर्तामन के नवा ऊर्जा मिइल हे। ई ऊर्जा संगठन के मजबूती प्रदान करी। सम्मेलन में जिला सचिव सुशील पाहन, महिला मोर्चा अध्यछ सुशांति कोनगाड़ी, युवा मोर्चा अध्यछ अमृत हेमरोम, वीरेन कंडुलना, देवनाथ माघईया, तनवीर आलम, भोला नाथ लाल, विजय सांगा, मकसूद अंसारी, अमरनाथ मुंडा, स्नेहलता कंडुलना, उषा धान, सनिका बोदरा, मनोज मंडल, तौकीर आलम, शेख फिरोज, प्रकाश मुंडा, कमलेश महतो, रूबीन तोपनो, मोजीर अंसारी आदि पहुंचल रहयं।

## लहरे तिरंगा आईज नीलाम्बरे



डॉ लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक, (तपकरा)

आजादी कर दिनावसरे
लहरे तिरंगा आईज
नीलाम्बरे।। ध्रु।।

करत प्रबल घोष
मन में डारी के जोश
केशरी श्वेत हरियरे।
आजादी कर
दिनावसरे....।। 1।।

याईद है शहीदक नाम
लहु कर जे देलंय दान
नमथी आईज एकासरे।
आजादी कर दिनावसरे..।।
2।।

लागे ना अंचरा में दाग
उजड़े ना मांयक बाग
कीर्ति कर आशा भरे।
आजादी कर दिनावसरे..।।
3।।

धईन है भारत भूमि
वीरक नखे तोके कमी
*नारायण* निछावरे।
आजादी कर दिनावसरे..।।
4।।
*-*-*-*-*-*



## आह्वान



रामदेव बड़ाईक, रांची

सुनु हे नर - नारी, कहत
ही कर जोरी,
मिली - जुली करु ,
नावां कोनो काम,
तबे लेबंय ई दुनिया में
नाम, तबे लेबंय....

ई देसे लोहा - तांबा,
आहे अबरख रांगा,
कोना - कोना भरल
आहे, कोइला खधान,
मिली - जुली करु....

बन - पहार हियां, धन
के भंडार हियां,
खेत - बारी आहे हियां,
आहे अनठेकान,
मिली - जुली करु....

आदिवासी-सदान
हियां,आही किरिसतान,
आलसीपन छोडु आब,
भेलक बिहान,
मिली - जुली करु....

करथैं 'बड़ाईक रामदेव'
, नित 'आह्वान',
नावां - नावां काम करु ,
बनु महान,
मिली - जुली करु....
*-*-*-*-*

## जबान काटल जाइ



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

सोसन होते चुपचाप देखु
मिल जाइ जिवनक दान,
सत्ते कर भाखा बोलु
चलते आवि गोहम,चाउर धान,
नइ चाहते पांवक धुर
चाटल जाइ,
सच कर पुजारी बनब
तो, जबान काटल जाइ।

कतनो पढ़ल ही धइर ही
कलम
राइज से बेराइज जाय
लगाय लेउ दम
पेपर लीक होबे करी,नखे
लाज सरम
मिडिया लड़ुवाय देवि
जाति धरम,
मुंह जबानी नोकरी बाटल
जाइ
सच कर पुजारी बनब
तो, जबान काटल जाइ।

सच कर पुजारी बनब
तो,जबान काटल जाइ,
झुठ कर जयकारा लगाउ
सगरे मिठाइ बाटल जाइ,
सच कर पुजारी बनब
तो,जबान काटल जाइ।

सत्ता जे बोलथे
उके हे सच माइन लेउ,
कागज में जे लिखल है
ओहे सबुत जाइन लेउ,
कोर्ट कचहरी ,थाना - वानाक
अपराध सउब कुछ
साटल जाइ,
सच कर पुजारी बनब
तो, जबान काटल जाइ।

सच कर पुजारी बनब
तो,जबान काटल जाइ,
झुठ कर जयकारा लगाउ
सगरे मिठाइ बाटल जाइ,
सच कर पुजारी बनब
तो,जबान काटल जाइ।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com